वर्ष : 17 अंक : 194 लखनऊ मंगलवार 22, जुलाई, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्यः ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:12 |
| सूर्यास्त | : | 7:15 |
| अधिकतम | : | 34:00° |
| न्यूनतम | : | 29:00° |



कांस में कल्कि कोचलिन को प्रोड्यूसर ने किया था हैरेस 10

ऊर्जा मंत्री के निवास पर बिजली कर्मी करेंगे विरोध 2 | गेम चेन्जर साबित होगी पीएमडीडीकेवाई 6 | जस्टिस वर्मा को हटाने पर अभी फैसला नहीं 12

# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को सरकार तैयार

## लोकसभा में 16, राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी, पहले दिन हंगामे से नहीं चली संसद

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी को जवाब देना चाहिए। इधर सत्र के पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा चार बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में कोई कामकाज नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ओम बिड़ला के बार-बार आग्रह के बावजूद विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा जारी रखा। इस पर श्री बिड़ला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

दोपहर बारह 12 सदन की कार्यवाही शुरू होने पर पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने विपक्षी दलों से कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया, लेकिन वे हंगामा करते रहे। इस बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज ही श्री बिड़ला के नेतृत्व में होने वाली कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विपक्षी सदस्य अपनी बात रख सकते हैं और उसमें जो तय होगा, सदन में उसी के अनुरूप चर्चा होगी। सरकार को किसी भी विषय पर चर्चा करने में कोई परेशानी है, सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी विपक्षी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि अध्यक्ष या पीठासीन अधिकारी जिस विषय पर चर्चा की अनुमति देंगे, सरकार उस पर विस्तृत चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों को शोर-शराबा बंद करके सदन की कार्यवाही चलने देना चाहिए। सरकार हर विषय पर चर्चा करने और उसका जवाब देने को तैयार है।

विपक्षी सदस्यों ने इसके बावजूद हंगामा जारी रखा तो श्री पाल ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिये स्थगित कर दी। अपराह्न दो बजे जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गये। पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने का आग्रह किया। पीठासीन अधिकारी ने कहा कि देश की जनता इसे देख रही है। उनके आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं रुका, तो कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। अपराह्न चार बजे सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर भी सदस्य फिर शोर-शराबा करने लगे। वे सदन के बीचोबीच आकर अपनी मांग पर जोर देते हुये हंगामा करते रहे। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि गोवा के आदिवासियों से संबंधित बहुत महत्वपूर्ण विधेयक चर्चा के लिए आने वाला है, वे अपने-अपने स्थानों पर जायें और विधेयक पर चर्चा होने दें। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण विधेयक के पेश होने के वक्त इस तरह से हंगामा करना उचित नहीं है। विपक्षी सदस्य इसके बावजूद सदन के बीचोबीच जमे रहे और हंगामा करते रहे। इस पर श्री सैकिया ने सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

इसके अलावा जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिड़ला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा।

# धनखड़ का उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा

## त्यागपत्र में लिखा- स्वास्थ्य कारणों से डॉक्टर्स की सलाह पर पद छोड़ रहा



विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है। वे 74 साल के हैं। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा- स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

### इस्तीफे पर उठते कई सवाल

अमलेंदु भूषण खां

**नयी दिल्ली।** भारत के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब देश के उपराष्ट्रपति रात की शुरुआत होते ही अपना त्यागपत्र दे दिया हो। हालांकि त्यागपत्र सेहत को लेकर देने की बात उपराष्ट्रपति घनखड़ ने किया है लेकिन इसके पीछे कई कारण हैं। उपराष्ट्रपति घनखड़ के व्यवहार के कारण उनके पांच स्टाफ त्यागपत्र दे चुका हैं। साथ ही पिछले कुछ समय से पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बेहद नाराज चल रहे हैं। जगदीप धनखड़ का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब संसद के मानसून सत्र का एक ही दिन बीता था। ऐसे में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर इस्तीफा देने की बात कई एक्सपर्ट के गले के नीचे नहीं उतर रही है। उपराष्ट्रपति के इस्तीफे की टाइमिंग पर कई अटकलों ने भी जन्म लेना शुरू कर दिया है। मात्र 2 साल 11 माह तक रहने वाले 14वें उपराष्ट्रपति घनखड़ ने 11 अगस्त 2022 को पद की गोपनीयता की शपथ ली थी। राजनीतिक हलकों में इस इस्तीफे को 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता समीकरणों में बदलाव की एक संभावित शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी पारी के लगभग एक साल बाद उपराष्ट्रपति का इस्तीफा इस ओर इशारा कर सकता है कि अब नई टीम, नई प्राथमिकताएँ और संभवतः नई संस्थागत शैली अपनाई जा रही है। कुछ विश्लेषक यह भी मानते हैं कि धनखड़ को भविष्य में किसी और भूमिका में देखा जा सकता है—शायद राज्यपाल, संवैधानिक सलाहकार या यहां तक कि एक अंतरराष्ट्रीय भूमिका में। कुछ सांसदों को लगता था कि वे 'सभापति' से ज्यादा 'वक्ता' के रूप में व्यवहार करते हैं, जो भूमिका की सीमाओं का अतिक्रमण है। यह आलोचना यद्यपि प्रत्यक्ष नहीं थी, लेकिन सत्तापक्ष के भीतर भी कुछ असहजता पैदा कर सकती थी। धनखड़ का इस्तीफा एक संवैधानिक प्रक्रिया भर नहीं, बल्कि भविष्य के राजनीतिक संकेतों से जुड़ा घटनाक्रम है। स्वास्थ्य कारणों का हवाला भले ही औपचारिक हो, लेकिन इसके पीछे छिपे राजनीतिक संदेश, संस्थागत समीकरण, और शासन तंत्र में बदलाव की बयार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब जब भारत 'नए युग' की शुरुआत कर चुका है, तो शायद यह इस्तीफा भी उसी प्रक्रिया का हिस्सा है — जिसमें पुराने स्तंभ विदा लेते हैं और नए चेहरे उभरते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखी हमारी ताकत : मोदी

## मानसून सत्र विजयोत्सव, पहली बार आईएसएस पर फहराया गया तिरंगा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है।

पीएम मोदी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के जाने तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा, "यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए ये बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह सत्र राष्ट्र के लिए एक अपने आप में विजयोत्सव का रूप है, और जब मैं कहता हूं कि ये सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र है, तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहां लहराना, यह हर देशवासी के लिए गौरव के पल हैं। देश में विज्ञान तकनीक के प्रति, नवाचार के प्रति, नया उमंग और उत्साह भरने वाली यह सफल यात्रा रही है।" हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला के एक्जीओम 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गये थे और 18 दिन वहां रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी संसद लोकसभा, राज्यसभा दोनों सदन, उस गौरव से एक स्वर से जुड़ेंगे, जिसका देशवासी अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका यशगान होगा, जो भारत को अंतरिक्ष में नयी ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले भावी कार्यक्रम हैं, उनके लिए प्रेरक बनेगा और प्रोत्साहक बनेगा। उन्होंने कहा, "यह मानसून सत्र एक विजयोत्सव है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, शत-प्रतिशत हासिल किया। आतंकवादियों के आकाओं के घर में जाकर के 22 मिनट के भीतर ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसको जमींदोज कर दिया गया। मैंने बिहार के एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की थी, जो हमारी सैन्य शक्ति ने बहुत ही कम समय में सिद्ध करके दिखा दिया और मेड इन इंडिया सैन्य शक्ति के इस नये स्वरूप पर भी दुनिया बहुत आकर्षित हुई है।



# पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापितों को अब भूमि स्वामित्व

## सीएम योगी ने दिया जिलाधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है।



अपने सरकारी आवास पर सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाये गये परिवारों को भूस्वामित्व अधिकार देने का निर्देश देते सीएम योगी आदित्यनाथ।

अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, किंतु कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। हालांकि समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

# यह सियासी लड़ाई, जाइए कहीं और लड़िये

## सीएम ममता के खिलाफ आपराधिक केस में सीजेआई की दो टूक

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी के खिलाफ आपराधिक अवमानना की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि अदालत के समक्ष मामलों का राजनीतिकरण करने से बाज आएं। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में शीर्ष अदालत के फैसले पर ममता बनर्जी की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना शुरू करने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई जैसे ही शुरू हुई, वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने पीठ से इस मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया क्योंकि



आपराधिक अवमानना याचिका शुरू करने की सहमति देने के लिए अटॉर्नी जनरल के समक्ष मंजूरी देने का अनुरोध दायर किया गया था।

हालांकि, सीजेआई बीआर गवई ने टिप्पणी की, 'क्या आप इतने आश्वस्त हैं कि आपको इस मामले में सहमति मिल जाएगी?' इसके बाद सीजेआई ने कहा, 'कृपया अदालत की कार्यवाही का राजनीतिकरण करने की कोशिश न करें, आपको अपनी राजनीतिक लड़ाई कहीं और जाकर लड़नी चाहिए।' इसके बाद पीठ ने मामले को 4 सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। पीठ ने आत्मदीप नामक एक सार्वजनिक धर्मार्थ न्यास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आपत्तिजनक बयान दिए जो न्यायपालिका के प्राधिकार को कमजोर करते हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने का आग्रह करते हुए कहा कि आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए अटॉर्नी जनरल को उनकी सहमति के लिए एक अनुरोध भेजा गया था। यह याचिका इस साल अप्रैल में दिए गए उस फैसले से संबंधित है, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा था।

# सारी हदें पार कर रहा है ईडी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय को फटकार लगाते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाइयां चुनाव में लड़ी जानी चाहिए, जांच एजेंसियों के जरिए नहीं। ईडी का इस तरह इस्तेमाल क्यों हो रहा है? ईडी सारी हदें पार कर रहा है। ये टिप्पणी सीजेई बीआर गवई और जस्टिस के.विनोद चंद्रन की बेंच ने सोमवार को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट बोर्ड केस में ईडी की अपील की सुनवाई के दौरान की। सीजेआई ने कहा कि हमारा मुंह मत खुलवाइए। नहीं तो हम ईडी के बारे में कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

दरअसल ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को इस केस में समन भेजा था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मार्च में यह समन रद्द कर दिया था। ईडी ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आखिर में ईडी की अपील खारिज कर दी। पीठ ने इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि इतने सारे मामलों में जहाँ उच्च न्यायालय ने सुविचारित आदेश पारित किए थे, ईडी 'केवल अपील दायर करने' के लिए ही अपील दायर कर रहा है। पीठ ने कहा, "एक अधिवक्ता और मुवक्किलों के बीच संवाद विशेषाधिकार प्राप्त संवाद होता है। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं? वे सारी हदें पार कर रहे हैं...।" सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अधिवक्ता दातार जैसे कानूनी पेशेवरों को हाल ही में ईडी द्वारा जारी किए गए नोटिस का वकालत के पेशे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस पर पीठ ने कहा कि दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए।

# आगरा धर्मांतरण गैंग का मास्टरमाइंड धरा गया

## खुद हिंदू से ईसाई फिर मुस्लिम बना, बंधक लड़की भी छुड़ाई गयी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**आगरा।** आगरा की दो बहनों को मुस्लिम बनाने वाले धर्मांतरण गैंग के अब्दुल रहमान कुरैशी को पुलिस ने दिल्ली से अरेस्ट किया है। अब्दुल इससे पहले 6 राज्यों से गिरफ्तार 10 लोगों का सरगना है। साथ ही धर्मांतरण के पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड है। अब्दुल पहले हिंदू था और उसका नाम महेंद्र पाल था। 1990 में वह पहले ईसाई धर्म में कन्वर्ट हुआ, फिर इस्लाम धर्म अपनाया और अपना नाम अब्दुल रहमान रख लिया।



आगरा पुलिस ने अब्दुल की गिरफ्त से रोहतक (हरियाणा) की एक लड़की को भी छुड़ाया गया है। उस लड़की का भी धर्मांतरण होना था। अब्दुल के घर से कई किताबें मिली हैं। इनमें धर्म परिवर्तन कैसे करें? क्या नियम होते हैं? इसके क्या फायदे हैं? इस बारे में बताया गया है। आगरा में इस पूरे नेटवर्क को लेकर पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। 19 जुलाई को आगरा पुलिस ने धर्मांतरण के लिए 6 देशों से होने वाली फंडिंग और 6 राज्यों तक फैले इस नेटवर्क से पर्दा उठाया था। इसमें एक लड़की समेत 10 लोगों की अरेस्टिंग हुई थी। जांच में पुलिस ने दावा किया था कि 200 से ज्यादा लोगों का धर्मांतरण यह गैंग करवा चुका है। पिछले 60 घंटों से इस गैंग के मास्टरमाइंड को तलाश कर रही थी, आखिरकार दिल्ली से अब्दुल पकड़ने में कामयाबी मिली।

धर्मांतरण मामले में आगरा की 2 सगी बहनों की कोलकाता से बरामदगी के बाद पुलिस मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी थी। पकड़े गए 10 आरोपियों से पूछताछ के बाद एक नाम अब्दुल रहमान कुरैशी का मिला था। पुलिस को अब्दुल की पहली लोकेशन दिल्ली के मुस्तफाबाद में मिली। सोमवार को आगरा पुलिस की छापेमारी में अब्दुल के घर से धर्मांतरण से जुड़ी बड़ी संख्या में किताबें मिलीं। ये मौलाना कलीम सिद्दीकी ने लिखी थीं, लेकिन बांटता अब्दुल रहमान था। अब्दुल की पत्नी और दोनों बेटों की पत्नियां भी कन्वर्टेड मुस्लिम हैं, जो पहले हिंदू थीं। वहीं, उसका भतीजा लंदन से फंडिंग को री-रूट करता था। शनिवार को गिरफ्तार आयशा और मोहम्मद अली की पूछताछ में अब्दुल रहमान के नाम का खुलासा हुआ। आयशा और मो. अली ने बताया था कि रहमान चचा जैसा कहते हैं, वैसा करते हैं।

# मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपी बरी

एजेंसी

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण फैसले में 2006 मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। न्यायमूर्ति निल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की एक विशेष पीठ ने अपने फैसले में कहा कि अदालत के सामने जो सुबूत रखे गए, वे आरोपियों का अपराध साबित करने में अपर्याप्त हैं। अदालत ने कहा कि 'यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। उच्च न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष के दावे में कई बुनियादी खामियां हैं। पीठ ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। अदालत ने पाया कि

» मुम्बई हाई कोर्ट ने कहा- पर्याप्त सबूत नहीं

इस्तेमाल हुए बम के ब्योरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को भी स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। गवाहों के बयानों और कथित बरामदगी का 'कोई साक्ष्य मूल्य नहीं माना गया।

न्यायालय ने कहा कि जाँच एजेंसियाँ आरोपियों के खिलाफ आरोपों की पुष्टि के लिए कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रहीं। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए, अब सभी आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया है कि हमलों में उनकी संलिप्तता साबित करने के लिए जांच एजेंसियों के पास पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

# सीएम योगी-बृजभूषण मुलाकात पर बढ़ी सियासी सरगर्मी

## दोनों के बीच तीन साल बाद हुई मुलाकात, खत्म हो सकती हैं वैचारिक दूरियां

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सोमवार को लखनऊ में सीएम योगी से मुलाकात की। बृजभूषण दोपहर में सीएम आवास पहुंचे। दोनों के बीच करीब 1 घंटे तक बातचीत चली। इस मुलाकात के बाद बृजभूषण ने कहा कि वह प्रदेश के सीएम हैं, मुलाकात तो होनी ही चाहिए। जब यह पूछा गया कि क्या खास रहा, तो बोले उनसे मुलाकात ही खास रही।



हालांकि इस मुलाकात में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, यह अभी सामने नहीं आया है। करीब तीन साल बाद हुई योगी और बृजभूषण की मुलाकात ने सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। बृजभूषण कई बार अपने बयानों से यूपी सरकार और सीएम योगी को दुविधा में डालते रहे हैं। वहीं, इससे पहले अपने कई बयानों में बृजभूषण ने कहा था कि जब चाहेंगे, तब योगी से मुलाकात कर लेंगे, कोई दिक्कत नहीं है। पूर्व सांसद के प्रतिनिधि संजीव सिंह ने कहा कि सीएम योगी के बुलावे पर बृजभूषण शरण सिंह उनसे मिलने उनके आवास पर पहुंचे थे।

बृजभूषण शरण सिंह सीएम योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल में उनके सरकारी निवास पर पहली बार पहुंचे। वैसे तो उनकी सीएम योगी से हुई मुलाकात को शिष्टाचार भेंट कहा जा रहा है, लेकिन इस मुलाकात के सियासी मायने काफी ज्यादा हैं। माना जा रहा है कि आज हुई मुलाकात के बाद बृजभूषण और योगी की सियासी दूरी खत्म हो सकती है। बृजभूषण पूर्वांचल में योगी के 'विरोधी' के तौर पर देखे जाते रहे हैं। इस बात को बृजभूषण ने भी कभी नहीं छिपाया। हाल ही में उन्होंने कहा था कि मैं उनके यहां नहीं जाता, लेकिन मेरे परिवार के लोग योगी से मिलते रहते हैं। पिछले कुछ समय से बृजभूषण शरण सिंह अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में थे। वह लगातार सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठा रहे थे। साथ ही समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को छोटा भाई भी बताया था। लंबे सियासी गतिरोध के बाद बृजभूषण सीएम योगी से मिलने पहुंचे। हालांकि एक घंटे की मुलाकात में क्या बात हुई? इस मुलाकात के पीछे की वजह क्या है? ये बातें अभी साफ नहीं हो पाई हैं। लेकिन माना जा रहा है कि इस मुलाकात के बाद दोनों के बीच कई सालों से बंद संवाद के दरवाजे खुल सकते हैं। पूर्वांचल की राजनीति और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है।

बृजभूषण शरण सिंह की गिनती खुलकर बोलने वाले नेताओं में होती है। इसके बाद भी योगी से मिलकर बाहर निकलने पर वह ज्यादा नहीं बोले। कहा जा रहा है कि अगर सब कुछ बृजभूषण के मन मुताबिक होता तो मीडिया के सवालों का जवाब देते। इस तरह से बिना कुछ बोले निकलते नहीं। ऐसे में माना जा रहा है कि जिस उम्मीद के साथ वह योगी से मिलने गए थे, वह पूरी नहीं हो सकी। यानी जो दूरियां मुख्यमंत्री के साथ थीं, अब भी बरकरार हैं। यूपी में गोरखपुर और देवीपाटन इलाका योगी का काफी करीबी इलाका है। गोरखपुर की तरह देवीपाटन में भी उनका एक मंदिर है। दोनों एक ही मठ से जुड़े हैं। योगी लगातार बलरामपुर जाते रहते हैं। कहा जाता है कि देवीपाटन में ठेकों और पट्टों पर बृजभूषण का कब्जा है। उससे योगी भी नाराज हैं। पीडब्ल्यूडी के करोड़ों के ठेकों को कई बार निरस्त भी किया गया है। वहां के अधिकारियों को सस्पेंड भी किया गया है।

### इकरा हसन पर टिप्पणी, करणी सेना नेता पर केस दर्ज

**मुरादाबाद।** कैराना से लोकसभा सांसद इकरा हसन के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी से समाजवादी पार्टी आक्रोशित है। सपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने करणी सेना के नेता ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा के खिलाफ कटघर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से योगेंद्र राणा का फोन स्विच आफ है। वह फरार बताया जा रहा है। समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा की महानगर अध्यक्ष सुनीता सिंह की तहरीर पर दर्ज हुए केस में आरोप लगाया है कि यह टिप्पणी न केवल मानहानिपूर्ण थी, बल्कि एक महिला के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग भी किया गया। इसके साथ ही आईटी एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं। योगेंद्र राणा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि इकरा हसन मुझसे निकाह कबूल कर लें।

## एक नजर

### बड़े बकायेदारों पर कुर्की की होगी कार्रवाई

**बरेली।** नगर निगम का टैक्स विभाग ने अगस्त माह से वसूली तेज करने की योजना बना रहा है। इसके लिए 10 लाख से 10 करोड़ रुपये तक के बकायेदारों की नई सूची बनाई जा रही है। पिछले साल की सूची के कई ऐसे बकायेदार हैं जो हाउस टैक्स जमा कर चुके हैं। निगम ने हर जोन को 80 लाख रुपये प्रतिमाह जमा करने का लक्ष्य दिया गया है। नगर निगम लंबे समय से हाउस, जल और सीवर टैक्स समेत अन्य बकाया जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर रहा है। इन सभी को जल्द ही अंतिम नोटिस भेजकर भुगतान के लिए कहा जाएगा। इसके बाद भी यदि बकाया जमा नहीं किया गया, तो कुर्की और वसूली की सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे प्रतिष्ठान, व्यावसायिक संपत्तियां और आवासीय भवन जिन पर 10 लाख रुपये के अधिक का टैक्स बकाया है, उनकी सूची तैयार की जा रही है। पांच सरकारी विभाग हैं जिन पर दो करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक बकाया है। इसके अलावा नामचीन व्यापारिक प्रतिष्ठान और बड़े भवन मालिक शामिल हैं, जो बरसों से बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं। इससे नगर निगम को राजस्व नुकसान हो रहा है और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कर निर्धारण अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि पहले चरण में 50 सबसे बड़े बकायेदारों की सूची बनाई जा रही है। प्रत्येक को बकाया भुगतान के लिए अंतिम नोटिस भेजा जाएगा। यदि तय समय पर भुगतान नहीं होता है, तो संपत्ति कुर्क कर नीलामी की जाएगी।

### नकली टीशर्ट बनाने वाले कारखाने पकड़ा गया

**बरेली।** जिले के बहेड़ी कस्बा के मार्केट में एक बड़ा खुलासा हुआ है, जहां जारा कंपनी के नकली टीशर्ट बनाने वाले कारखाने का भंडाफोड़ किया गया है। इस कारखाने के मालिक मोहम्मद तस्लीम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह तोमर ने जानकारी दी कि कारखाने से 648 नकली टीशर्ट बरामद हुई हैं, जिन्हें जारा कंपनी के नाम से बेचा जा रहा था। इसके अलावा, 1025 नकली लेवल भी बरामद हुए हैं। मोहम्मद तस्लीम के खिलाफ धारा 63 और 65 कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कारखाने से बरामद माल को सील कर दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कंपनी के फील्ड ऑफिसर शत्रुघ्न द्विवेदी ने बताया कि बहेड़ी मार्केट में डुप्लीकेट टीशर्ट बनाई जा रही थीं। उन्होंने अपने साथी विनायक के साथ बहेड़ी पुलिस को लेकर कारखाने पर छापा मारा, जहां नकली टीशर्ट बनाई जा रही थीं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को कोई नकली उत्पाद बेचने वाले की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जहां नकली उत्पाद बनाने वाले कारखानों का भंडाफोड़ किया जा रहा है।

### जल लेकर आए शिव भक्तों का पुलिस व समाजसेवियों ने किया स्वागत

**भोजीपुरा।** कछला से गंगाजल लेकर आए शिव भक्तों का भोजीपुरा में पुलिस और ग्रामीणों ने फल वितरित कर भव्य स्वागत किया। इसके बाद सभी शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भोजीपुरा कस्बे में नैनीताल हाइवे पर पुलिस बूथ के सामने एसआई संजीव त्यागी, राजीव कटियार, आशीष गंगवार, रामकुमार, अमन शर्मा, अर्पित शर्मा, दुष्यंत गंगवार, अभिषेक शर्मा, रजत गुप्ता, शेखर गंगवार, मेडिकल कालेज भोजीपुरा के पास में पीपल साना चौधरी के प्रधान वीरेंद्र सिंह शाही, रोहित गौड़, मयंक मिश्रा आदि ने फल व जल वितरण किए।

### 73वीं यूपी पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता बरेली में शुरू, 18 जोनल टीमें ले रही हैं भाग



**बरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस की 73वीं वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता (महिला/पुरुष वर्ग) का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। रिजर्व पुलिस लाइन बरेली स्थित ग्राउंड में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अनुराग आर्य ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दोनों अधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। यह प्रतियोगिता 21 जुलाई सोमवार से 25 जुलाई शुक्रवार तक चलेगी, जिसमें कुल 18 जोनल टीमें भाग ले रही हैं। इसमें 11 पुरुष जोनल टीमें (आगरा, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, पीएसी मध्य, पीएसी पूर्वी, पीएसी पश्चिमी, प्रयागराज, वाराणसी और बरेली जोन) एवं 7 महिला जोनल टीमें (आगरा, गोरखपुर, कानपुर, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी और बरेली जोन) शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच पुरुष वर्ग में गोरखपुर जोन और पीएसी मध्य जोन के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर जोन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 4–0 से जीत दर्ज की। उद्घाटन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, दक्षिणी, उत्तरी, अपराध, क्षेत्राधिकारी लाइन बरेली, प्रतिसार निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व खेलप्रेमी उपस्थित रहे। मैदान पर खिलाड़ियों की ऊर्जा और खेल भावना देखते ही बन रही थी।

# धर्मांतरण कराने वाले पति-पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, पुलिस ने भेजा जेल

## आनंद बिहार कॉलोनी में चल रही थी प्रार्थना सभा, पति पत्नी पर नामजद मुकदमा

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र की आनंद बिहार कॉलोनी में धर्मांतरण के विरोध में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी विवेक और ऐंजल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला ताहवरगंज निवासी लखन और अहमदपुरा निवासी शिवम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्हें बीते कुछ दिनों से एक सभा की जानकारी दी जा रही थी। जिसमें सारी समस्याओं का समाधान और आर्थिक लाभमिलने का दावा किया गया था। बताया गया कि 19 जुलाई को अपराह्न करीब चार बजे वे आनंद बिहार कॉलोनी के एक बंद मकान में पहुंचे, जहां पहले से ही 60-65 लोग मौजूद थे। दीवारों पर एक विशेष संप्रदाय से संबंधित चित्र लगे हुए थे। कुछ ही देर में एक व्यक्ति वहां पहुंचा, जिसे फादर कहकर संबोधित किया जा रहा था।

आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने विशेष धर्म की धार्मिक पुस्तक से प्रार्थना की और उसके बाद हिंदू धर्म की निंदा करते हुए लोगों को धर्म परिवर्तन का प्रलोभन देने लगा। इसी बीच सभा में मौजूद एक महिला ने हिंदू धर्म छोड़ने और ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहा, बदले में तीन लाख रुपये और अन्य सुविधाएं देने का भी प्रस्ताव रखा गया।थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि विवेक और ऐंजल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सभा में शामिल अन्य अज्ञात महिला और पुरुषों की पहचान की जा रही है। कॉलोनी के अन्य निवासियों से भी पूछताछ कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## सावन का दूसरा सोमवार

# बम–बम भोले के जयकारों से गूंज उठी नाथ नगरी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** नाथ नगरी में सावन के दूसरे सोमवार की झलक बीते दिवस से ही शहर की सड़कों पर दिखी। दिनभर शहर में बम-बम की प्रतिध्वनि गूंजती रही। अलखनाथ मंदिर में आधी रात के बाद से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव जयघोष के साथ शिवार्चन किया। सोमवार को तड़के चार बजे ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतार लग गई। इससे पहले कालाबाड़ी, पुराना शहर, सीबीगंज, किला, पीलीभीत रोड समेत अन्य जगह से नाचते-गाते कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेने कछला के लिए रवाना होते रहे। उनकी टोली में शामिल भगवान शिव की 10 फुट ऊंची मूर्ति सहित अन्य झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, शनिवार को कछला के लिए रवाना हुए जत्थे गंगाजल लेकर रविवार शाम व रात को शहर लौटे।

जोगी नवादा में कंबडियो का जत्था रविवार को जल लेकर लौटा। मेला संयोजक गिरधारी लाल साहू, समिति के संरक्षक धर्मेंद्र राठौर रिंकू, रामलीला समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने उनका भव्य स्वागत किया। सभी शिवभक्तों ने रात्रि में वनखंडीनाथ मंदिर परिसर में ही

» जलाभिषेक को मंदिरों में लगी भक्तों की लम्बी कतारें

लाए गंगाजल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वनखंडीनाथ मंदिर पहुंचने से पहले जत्थे में शामिल शिवभक्तों ने कुछ देर रुककर बाबा अलखनाथ का दर्शन किया।

**धूमधाम के साथ निकले कांवड़िये, हुई पुष्पवर्षा** – कैंट से 30 कांवड़ियों का जत्था रविवार को गढमुक्तेश्वर के लिए रवाना हुआ। सद्भाव समाज सेवा समिति की ओर से शिवभक्तों को फूल माला पहनाई गई। इस दौरान सुनील सक्सेना, महेंद्र राठौर, मनोज पांडेय, प्रवेश कुमार, आरएस शर्मा, स्वदेश कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

**पुलिसकर्मियों ने की कांवड़ियों की सेवा** – पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर से गुजर रहे कांवड़ियों को भोजन कराया। जल और शरबत पिलाकर सेवा की। बदायूं रोड पर लगाए गए शिविर में कांवड़ियों का स्वागत किया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने शिवभक्तों को फल, शीतल पेय आदि वितरित किए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आंवला के ग्राम नितोई में कांवड़ियों को भोजन परोसा।

### आज निकलेगी बाबा महाकाल की पालकी यात्रा

**बरेली।** बाबा महाकाल की सेवा ट्रस्ट की ओर से बाबा महाकाल की पालकी शहर की सड़कों पर निकाल जाएगी यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष बृजवासी लाल अग्रवाल व महामंत्री अनुराग अग्रवाल ने श्री रामानुज दयाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष बाबा महाकाल उदयपुर में तैयार चांदी से निर्मित पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे साथ ही यह भी बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाबा महाकाल की पालकी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित यात्रा श्री गिर्देश्वर महादेव स्थित सेठ गिरधारी लाल मंदिर श्यामगंज से शाम 4 बजे प्रारंभ होकर अपने परंपरागत पूर्व निर्धारित मार्ग साहू गोपीनाथ मठकी चौकी, शिवाजी मार्ग, बांसमंडी, रोडवेज, हनुमान मंदिर, चौकी चौराहा, संजय कम्युनिटी हॉल, बरेली कॉलेज, कालीबाड़ी होते हुए पुन अपने गंतव्य पर आरती के साथ संपन्न होगी।

# सपा नेताओं द्वारा पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** नगर पंचायत कलीनगर में सपा नेताओं द्वारा पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू की अध्यक्षता में किया गया। मंच का सञ्चालन ओम शर्मा ने किया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम मे पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव एवं पूर्व विधायक अरशद खां ने सभा को संबोधित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने ₹संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की व गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान की भी याद दिलाई और भाजपा को संविधान का दुश्मन बताया। पूर्व विधायक अरशद खां ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे-जैसे भाजपा ताकतवर होगी, वह संविधान को कुचलने का प्रयास करेगी, लेकिन समाजवादी पार्टी पीडीए समाज के साथ मजबूती से खड़ी है। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष रियाज खां ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। हम सबको मिलकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार जन-विरोधी और पीडीए विरोधी है। राजकुमार राजू ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, तब से पीडीए समाज को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर करता था छल, हिंदू महासभा ने की कार्रवाई की मांग



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** एक मुस्लिम युवक द्वारा फेसबुक पर फर्जी हिंदू नाम से आईडी बनाकर लोगों को गुमराह करने का मामला प्रकाश में आया है। अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर अजय सिंह की शिकायत पर आरसी मिशन थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है।

शिकायत के अनुसार ख्वाजा फिरोज निवासी जहूर खान उर्फ गुड्डू ने फेसबुक पर कमलेश सिंह यादव के नाम से फर्जी आईडी बनाकर हिंदू पहचान में छल किया। हिंदू महासभा ने इसे सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष ठाकुर अजय सिंह के नेतृत्व में महासभा की टीम थाने पहुंची और युवक के खिलाफ साइबर अपराध व धार्मिक भावना भड़काने जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। शिकायत पर पुलिस ने जहूर खान उर्फ गुड्डू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस दौरान एडवोकेट सुखपाल, दीपक गुप्ता, राजू शुक्ला, अनुज सक्सेना, तरुण दीक्षित, वीरू मिश्रा और मनोज कटिहार समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने पटना देवकली मंदिर का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर (कलान)।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को जिले भर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसी क्रम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर ने थाना कलान क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पटना देवकली मंदिर का निरीक्षण किया और विधिवत पूजा-अर्चना भी की। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), क्षेत्राधिकारी जलालाबाद तथा क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्थाओं, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग एवं प्रवेश-निकासी मार्गों की गहन समीक्षा की। इस दौरान मंदिर परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा मंदिर प्रबंधन समिति व पुजारियों से भी संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के पश्चात सभी अधिकारियों ने विधिवत शिव पूजन कर जनपद में शांति, समृद्धि और सौहार्द की कामना की। पुलिस प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से धार्मिक स्थलों पर संयम, अनुशासन और सहयोग बनाए रखने की अपील की है। किसी भी प्रकार की सूचना या सहायता के लिए पुलिस से तुरंत संपर्क करने का अनुरोध भी किया।

### पार्थ गौतम फाउंडेशन ने कांवड़ियों को बांटे हेलमेट

**बरेली।** सावन माह के दौरान शिवभक्तों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पार्थ गौतम फाउंडेशन की ओर से रामगंगा त्रिशूल तिराहे पर कांवड़ियों को हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यात्रियों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। फाउंडेशन के पार्थ गौतम ने बताया कि हेलमेट वितरण के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर निकलते हैं, ऐसे में दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट जैसे सुरक्षा उपकरण बेहद आवश्यक हैं। एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने भी हेलमेट के महत्व पर जोर देते हुए लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**बरेली।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। रविवार को कांग्रेस कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जोनल प्रभारी प्रदीप माथुर ने की। बैठक में जिले भर के ब्लॉक अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों और संगठन के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और आगामी चुनावों के लिए रणनीति तय की गई। इस दौरान जिले के सभी ब्लॉक और वार्ड अध्यक्षों का सत्यापन कार्य भी किया गया। प्रदीप माथुर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर फिर से खड़ा किया जाए और पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुँचाया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश के हर कोने तक पहुंचनी चाहिए। बेरोजगारी अपने चरम पर है, महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं और बच्चों का भविष्य भी अंधकार में जाता दिख रहा है," उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि देश को एक नई दिशा देने के लिए रोजगार निर्माण और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाना होगा। प्रदीप माथुर ने यह स्पष्ट किया कि कांग्रेस अब किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरतेगी और संगठन को एकजुट कर मजबूत विकल्प के रूप में जनता के सामने प्रस्तुत करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर जनसंपर्क बढ़ाएं और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनें। बैठक में यह तय किया गया कि प्रत्येक बूथ स्तर पर सक्रिय टीम बनाई जाएगी जो मतदाताओं से सीधे संपर्क कर पार्टी की नीतियों से उन्हें अवगत कराएगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जोश और उत्साह के साथ पार्टी के साथ अपने समर्पण को दोहराया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशफाक सकलानी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दादा एडवोकेट, प्रदेश प्रवक्ता गुरुजी बीके त्रिपाठी,कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पीलीभीत जिले के कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित रहे। अजय शुक्ला, असलम चौधरी, अनूप वर्मा, प्रज्ञा गौर, तथा श्याम शर्मा ने भाग लिया। केके शर्मा, राजन उपाध्याय, रमेश श्रीवास्तव, आशीष रुस्तम, प्रवीण मिश्रा, एड. पूनम दीप सिंह, बीना जायसवाल, नाजिया हुसैन, सुरेश चंद वाल्मीकि, अयाज खान, मुजम्मिल राजा खान एड. जियाउर रहमान, नजमी जोया खान, तीरथ मधुकर, निधि शर्मा, विनोद कुमार, आरबी सिंह प्रजापति, डॉक्टर सरताज हुसैन,एड. मोबिन अंसारी, रेहान बसीरी, मुराद बेग, श्याम स्वरूप गुप्ता, रिंकू वाल्मीकि इरफान अंसारी मोहम्मद आरिफ जुबैद अंसारी गुड्डू खान बाबू सागर, इरशाद मंसूरी बजेश कुमार संगठन के प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, चारु महारोत्रा, युथ कांग्रेस के अफसर खाना, फिरोज खां, पीर जायदा, शुक्रवाइंदर सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या

**बरेली।** पत्नी को प्रेमी के साथ कई बार फोन पर बाते करने के जब उसकी आदत में सुधार नहीं आया तो पति फांसी पर लटका मिला। पत्नी का कहना है कि पति ने रविवार रात आत्महत्या कर ली। जब कि लेकिन परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर से फांसी पर लटका दिया, और आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी आंशिक वर्मा ने बताया कि रविवार रात में ही घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही बजह पता लग सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू को लेकर जांच कर रही है। मृतक व उसकी पत्नी का फोन पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# बरेली में दरगाह आला हज़रत फाजिले बरेलवी का 107वां तीन दिवसीय उर्स की व्यापक तैयारी

## रज़वी परचम से होगा उर्स ए रज़वी का आगाज़, सुब्हानी मियां करेंगे परचम कुशाई की रस्म अदा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** आला हज़रत का 107 वा विश्व विख्यात तीन दिवसीय उर्स-ए-रज़वी का आगाज़ बरेली में परचम कुशाई की रस्म के साथ 18 अगस्त से होगा। पारंपरिक उर्स-ए-रज़वी बरेली के इस्लामिया मैदान में होगा। जिसमें देश विदेश से जायरीन शामिल होने बरेली पहुंचते है। उर्स का आगाज़ परचम कुशाई की रस्म से होता है। इस्मालिया मैदान के रज़ा गेट पर 18 अगस्त को शाम 5 बजे दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान (सुब्हानी मियां) सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रज़ा क़ादरी (अहसन मियां) के साथ देश विदेश से आए उलेमा की मौजूदगी में रज़वी परचम लहराकर आगाज़ करेंगे। इसी के साथ तीन दिवसीय उर्स का विधिवत ऐलान होगा।

दरगाह आला हज़रत से लेकर इस्लामिया मैदान तक जितने भी कार्यक्रम होंगे सभी दरगाह प्रमुख हज़रत सुब्हानी मियां की सरपरस्ती सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां की सदारत और सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में सम्पन्न होंगे। दरगाह के प्रवक्ता नासिर कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दरगाह मुख्यालय पर उर्स का आधिकारिक पोस्टर दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान(सुब्हानी मियां) सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने उलेमा की मौजूदगी जारी कर दिया। पोस्टर जारी होने के बाद इसको देश विदेश में भेजने का सिलसिला शुरू हो गया। डाक के अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी दुनियाभर में अकीदतमंदों को भेजा जा रहा है। उर्स के पहले दिन उर्स स्थल इस्लामिया मैदान में अंतराष्ट्रीय नातिया मुशायरा होगा। मुशायरा का मिसरा होगा पीते हैं तिरे दर का खाते हैं तिरे दर का। दूसरा मिसरा हम तो खुद्दार है खुद्दारी है शेवाह अपना। जिसमें देश विदेश के शोहरा अपने कलाम पेश करेंगे। अंतिम दिन 20 अगस्त को आला हज़रत के कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। दरगाह के वरिष्ठ मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि इसके अलावा उर्स के दौरान मुफ्ती-ए-आज़म हिंद, हुज्जातुल इस्लाम, मुफ़स्सिर-ए-आज़म और रेहान-ए-मिल्लत के कुल शरीफ की रस्म भी अदा की जाएगी।

» उर्स का आधिकारिक पोस्टर किया गया जारी

# अमन कमेटी ने अलखनाथ मंदिर पर पुष्प वर्षा कर दिखाया सौहार्द

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बरेली।** सावन के पावन अवसर पर शहर में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए अमन कमेटी ने अलखनाथ मंदिर पर शिव भक्तों का स्वागत पुष्प वर्षा से किया। इस पहल ने हिंदू-मुस्लिम एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसे देखकर मंदिर आने वाले श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

इस अवसर पर डीआईजी अजय साहनी, एसपी सिटी मानुष पारिक, क्षेत्राधिकारी द्वितीय अजय कुमार, एसीएम द्वितीय विजय सिंह और किला थाना प्रभारी सुरेश गौतम ने भी अमन कमेटी की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने मिलकर न केवल शिव भक्तों का स्वागत किया, बल्कि समाज को एक संदेश भी दिया कि मिलजुल कर रहना ही सच्ची पहचान है। डा. कदीर अहमद ने कहा कि हम मिलकर प्रेम और भाईचारे की राह पर चलें। कार्यक्रम में डा. क़दीर अहमद, मनोज भारती, राम निवास शर्मा, नीरज रस्तोगी, पंकज, दिनेश बाजपेयी, शाहरुख खान, पकीज़ा खान, नईम खान, मोन खान, अमरजीत सिंह, खुशनुमा खान, मो. अनस, सुशील कुमार गब्बर और सैयद सोनू का विशेष योगदान रहा।

» हिंदू–मुस्लिम एकता का प्रतीक बना आयोजन

**वृक्षारोपण** मंदिर प्रांगण में किया गया वृक्षारोपण और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप वितरित किये गये पौधे

# डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने धोपेश्वर नाथ मंदिर में पूजा कर किया जलाभिषेक

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के दूसरे सोमवार पर धोपेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि काँवड़ियों का जत्था पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ कछला, हरिद्वार से जल लाकर भोलेनाथ को अर्पित करते है। उन्होने कहा कि काँवड़ियों को मार्ग में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जगह जगह पर विश्राम गृह बनाये गये हैं वहां पर प्रत्येक रविवार तथा सोमवार को लगातार भंडारे काँवड़ियों के जत्थे को वहीं पर उपचार मिल सके इसके लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प भी लगाये गये हैं व पुलिस सहायता केंद्र भी खोले गए है।

वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक ने कहा कि बरेली जनपद को नाथ नगरी के नाम से भी जाना जाता है। बरेली जनपद में जितने भी नाथ मन्दिर हैं वहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया कि इस बार महिलाओं की संख्या काँवड़ियों में अधिक होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा हर मन्दिरों में अलग से महिला हैल्प डैस्क की स्थापना भी की गयी है तथा हर मन्दिरों में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी भी की जा रही है। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में वृक्षारोपण भी किया और काँवड़ियों के लिये कि गयी तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी द्वारा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पौधों को वितरित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा भमौरा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा बनाए गये कांवड़ सहायता पुलिस चौकी का निरीक्षण किया गया जहां पर सम्बन्धित को यह निर्देश दिये गये कि जो भी कांवड़ियों को जत्था यहां से गुजरे उसकी रजिस्टर में एण्ट्री की जाये। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि वहां पर कैमरे नही लगे हुए है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र कैमरे लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी पुलिस कर्मी यहां पर बैठे उसके चाय-पानी की पूर्ण व्यवस्था की जाये। जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक द्वारा ग्राम नितोई एवं रामगंगा में प्रशासन द्वारा आयोजित भंडारो में कांवड़ियों को प्रसाद वितरण किया गया और कांवड़ियों पुष्प माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर उन्हे आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व बड़ी संख्या में कांवड़ियां व शिव भक्त उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं ने किया सवा लाख शिवलिंगों का पार्थिव पूजन

» आज केन नदी में विसर्जित किए जाएंगे पार्थिव शिवलिंग



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** हर साल की तरह इस बार भी सावन के महीने में महेश्वरी देवी मंदिर परिसर में आस्थावानों ने एक साथ सवा लाख शिवलिंग बनाकर इनका रुद्राभिषेक किया। पहले शिवलिंग का दूध, दही, घी, शहद, शर्करा, गन्ने का रस और गंगाजल से अभिषेक किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव व बम-बम के उद्घोष से गूंज उठा। गाजे-बाजे के साथ मंगलवार को केन नदी में पार्थिव शिवलिंग विसर्जित किए जाएंगे।

प्राचीन व ऐतिहासिक महेश्वरी देवी मंदिर में सावन माह पर सोमवार को आस्थावानों ने सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कियाश पार्थिव शिवलिंग बनाने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर परिसर में जल, दूध, दही, घी, शहद, शर्करा व पंचामृत से भगवान शंकर के पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित शिल्लू अवस्थी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में हर साल की भांति इस बार के सावन को शिवमय करने के लिए सवा लाख पार्थिव शिव लिंग का निर्माण के साथ ही रुद्र महायज्ञ भी किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शनों की लालसा लिए मंदिर प्रांगण में पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक कराने आ रहे हैं।

मंदिर में पहली बार सावन मास में एक माह तक चलने वाले रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके पीछे उद्देश्य विश्व में सुख, शांति समृद्धि और जन कल्याण की भावना है। सावन माह में पूरे माह भर आहुति और अभिषेक किए जाएंगे भगवान शंकर के अभिषेक मे सम्मिलित हो रहे हैं। बताया कि देर शाम मंदिर परिसर में भगवान शिव-पार्वती झांकियां, हनुमान लीला व राधाकृष्ण मंचन कार्यक्रम आयोजित होगा। मंगलवार को दोपहर को गाजे-बाजे के साथ केन नदी में पार्थिव शिवलिंगों को प्रवाहित किया जाएगा।

## अतर्रा पुलिस ने पेश की श्रद्धा व सेवा की मिसाल



बड़े-बड़े अपराधियों पर कहर बन कर टूटने वाली पुलिस भी सावन के पवित्र महीने में श्रद्धा और सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। सावन के दूसरे सोमवार को अतर्रा पुलिस ने विशाल भंडारा आयोजित किया और श्रद्धालुओं के बीच पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया। भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अतर्रा पुलिस ने गुरुवार को पड़ने वाली श्रावणी अमावस्या में चित्रकूट तक पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भंडारा में प्रसाद वितरण के साथ ही विश्राम व प्राथमिक चिकित्सा सहायता केंद्र का भी इंतजाम किया। अतर्रा क्षेत्राधिकारी प्रवीण यादव के निर्देशन में आयोजित विशाल भंडारा में प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह समेत पुलिसकर्मियों संदीप तिवारी, विश्वनाथ सिंह, रवि आदि शामिल रहे और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते रहे। भंडारा में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अर्जुन मिश्रा, आशीष गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा। पुलिस प्रशासन की अनूठी पहल पर श्रद्धालुओं ने जमकर सराहा। वहीं कस्बे के लोगों ने भी जगह-जगह भंडारा आयोजित कर प्रसाद का वितरण किया। मंदिर के महंत पुरुषोत्तम दास उर्फ मुन्ना भैया ने कहा कि सावन के महीने में भगवान शंकर की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।

## सावन के दूसरे सोमवार पर जयकारों से गूंजे शिवालय

सावन के दूसरे सोमवार को शहर के प्रसिद्ध बामदेवेश्वर मंदिर में गुफा के अंदर विराजमान भगवान भोले के दर्शनों के लिए महिला पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से जुटी रही। सुबह होते ही मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर व्यवस्थापक और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। लोगों ने दूध, दही, शहद, गंगाजल, काला तिल आदि चढ़ाया। मंदिरों में घंटे घड़ियाल की आवाज गूंजती रही। मंदिर में अन्य देवी देवताओं की पूजन भी लोगों ने विधिवत किया। ऐसे ही अजेय किलंजर दुर्ग स्थित नीलकंठ मंदिर में भोले बाबा के दर्शन को दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचे। किसी ने पैदल तो कोई वाहन से कई किलोमीटर तक दुर्ग में चढ़ाई की। इसके बाद नीलकंठ मंदिर तक पहुंचे। इसके अलावा अतर्रा के गौराबाबा धाम, पैलानी क्षेत्र के कालेश्वर मंदिर समेत जिले के सभी शिव मंदिरों में भक्तों के जयकारे गूंजते रहे।

## सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

**बांदा।** अलग अलग हुए सड़क हादसों में एक युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई। बिसंडा थाना क्षेत्र के बिलगांव निवासी कमल सिंह (32) पुत्र कल्लू सिंह रविवार को अपने मित्र से मिलने बिसंडा गांव गया था। रात को वह वापस बाइक से घर लौट रहा था। तभी उमरेहड़ा गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उठाकर पीएचसी बिसंडा में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा गंगादीन ने बताया कि कमल किसानी करता था। इसी तरह अतर्रा थाना क्षेत्र के कुसमा गांव निवासी बुल्लाल (60) पुत्र रामचरन अतर्रा रोड स्थित एक ट्रेडर्स की दुकान में काम करता था। वह रविवार की रात किसी काम से पैदल अतर्रा जा रहा था।

# चकबंदी संबंधी मामलों का प्राथमिकता से कराएं निस्तारण

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बांदा।** जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान जिले के 40 गांवों में चल रही चकबंदी संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी वादों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराने पर जोर दिया। कहा कि चकबंदी संबंधी कोई भी वाद ज्यादा दिनों तक विचाराधीन न रहे। चकबंदी लेखपालों व कर्मियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में सोमवार को डीएम जे.रीभा ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के 40 गांवों में संचालित चकबंदी संबंधी कार्य में धारा-9, पडताल कार्य व कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई को निर्धारित समय सीमा जल्द पूरा कराने के निर्देश चकबंदी अधिकारी व सहायक चकबंदी अधिकारियों को दिये। चकबंदी लेखपालों एवं कर्मियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिये।

» डीएम ने बैठक में चकबंदी अधिकारियों को दिए निर्देश

उन्होंने ग्रामवार चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए माचा और परसौहा गांवों में प्राप्त आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण और पिपरोदर बांगर व सजेरी में चक निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बरियारी में पड़ताल संबंधी कार्य पूरा किया जा चुका है। डीएम ने कहा कि चकबंदी कार्य के दौरान गांवों के भूमि विवाद, चकरोड व भूमि संबंधी पैमाइश आदि विवाद खत्म करते हुए कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा कराएं।

# किसान समस्याओं के निराकरण को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

» मासिक पंचायत में समस्याओं पर चर्चा कर हुआ मंथन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में पदाधिकारियों ने किसान समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण के लिए मंथन किया। मासिक पंचायत के बाद पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय मांग प्रशासन को सौंपते हुए किसानों की समस्याओं के निराकरण कराए जाने की मांग की।

शहर के सिविल लाइन स्थित कार्यालय में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल की अगुवाई में मासिक पंचायत में पदाधिकारियों ने किसान समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण के लिए मंथन किया। शासन व प्रशासन स्तर पर किसानों की समस्याओं का निराकरण न कराए जाने पर नाराजगी जताई। आरोप लगाया कि जिले भर का किसान खाद, बीज समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। शासन-प्रशासन स्तर पर किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं कराया जा रहा। किसान पंचायत के बाद पदाधिकारियों व किसानों ने कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें जिले की सभी सहकारी समितियों में डीएपी समेत अन्य उवर्रकों की उपलब्धता, अन्ना मवेशियों को गौशालाओं में संरक्षित, बिजली व्यवस्था में सुधार, गांवों में जर्जर विद्युत केबिल बदलने, अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित लोगों को आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की। किसान पंचायत व ज्ञापन सौंपने वालों में कानपुर-बुंदेलखंड अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमल नयन पटेल, विष्णु प्रसाद द्विवेदी, बृजराज सिंह यादव, समेत तमाम पदाधिकारी व किसान शामिल रहे।

# चित्रकूट से लौटे कांवड़ यात्रियों का हुआ स्वागत



पवित्र सावन मास में शिवभक्तों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। तीन दिन की पदयात्रा के बाद चित्रकूट से मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर सोमवार को कांवड़ियों का समूह शोभायात्रा के रूप में शहर की सीमा पर दाखिल हुआ तो उनके स्वागत के लिए शहर के लोग उमड़ पड़े। महेश्वरी देवी बाल समाज के तत्वावधान में एकत्र समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया और उनका माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। कांवड़ियों के स्वागत में वरिष्ठ समाजसेवी अमित सेठ भोलू, सचिन मिश्रा, अखिलेश शिवहरे, राकेश रंजन रक्कू, उमेश सोनी आदि प्रमुख रहे। बता दें कि शुक्रवार को गाजे बाजे और भगवान भोलेनाथ के जयकारों के बीच बामदेव कांवड़ समिति के संयोजक कुलदीप नामदेव की अगुवाई में सैकड़ों शिवभक्तों का रेला चित्रकूट के लिए रवाना हुआ था और सोमवार को शहर के वामदेवेश्वर मंदिर पहुंचकर अपने आराध्य का जलाभिषेक किया। वहीं रविवार की दोपहर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपने खुरहंड स्टेशन स्थित आवास में पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया और उन्हें भोजन-प्रसाद ग्रहण कराया। जबकि सदर विधायक श्री द्विवेदी देर शाम शहर की सीमा में स्थित एक मैरिज हाल में ठहरे कांवड़ियों से मुलाकात करने पहुंच गए और कांवड़ियों से उनका हालचाल जाना।

## एक नजर

### बाबा साहेब की मूर्ति प्रकरण में मुकदमा दर्ज



**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ापुर गांव के पास बाबा साहेब की मूर्ति को अराजक तत्वों ने नहर में फेंक दिया। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस कहना है कि रास्ते को लेकर विवाद सामने आया है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने सोमवार को बताया कि फूलपुर के कोड़ापुर गांव के बाहर स्थित एक मैदान में बाबा साहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की मूर्ति लगी हुई थी। जिसे कुछ अराजक तत्वों ने नहर में फेंक दिया। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में तत्काल मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला है कि रास्ते को लेकर विवाद है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आवश्यकता पड़ने पर राजस्व विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। गुण और दोष के मुताबिक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी ने फांसी लगा दी जान

**बांदा।** प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। कमासिन कस्बा निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने रविवार की दोपहर लोहे के पाइप में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को खेत से घर लौटे पिता ने देख तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट में लिए भेज दिया। मृतका के ताऊ ने बताया कि वह गिरवां इंटर कालेज में कक्षा दसवीं की छात्रा थी। उसका गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पता नहीं कि उस युवक ने उसे कुछ कह दिया। इसी के चले उसने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने जांच पड़ताल के लिए उसका मोबाइल भी कब्जे में ले लिया। घटना के समय घरवाले खेत चले गए थे।

### सड़क हादसों में तीन घायल

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के सोना मऊ गांव निवासी सतीश (20) पुत्र मोहन अपने चाचा शिवशंकर (35) पुत्र देवीदीन के साथ काना खेड़ा से आटा लेकर बाइक से गांव जा रहे थे। तभी सामने से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया। इसी तरह मटौंध थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी अवधेश (35) पुत्र मनीराम वर्मा रविवार की रात बाइक से बांदा जा रहा था। तभी सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो लोगों ने जहर खाया

**बांदा।** मर्का थाना क्षेत्र के खेरा गांव निवासी फूलचंद (58) पुत्र नत्थू ने सोमवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के गंछा गांव निवासी कल्लू (16) पुत्र जानी ने रविवार की शाम पिता की डाट से नाराज होकर जहर खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सर्प दंश से दो की हालत बिगड़ी

बांदा। गिरंवा थाना क्षेत्र के बिगहना गांव निवासी रश्मी (16) पुत्री राजकिशोर रविवार की शाम कमरे के अंदर सामान निकालने गई थी, तभी सर्प ने डस लिया। इसी तरह गिरवां थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी राजू (45) पुत्र लल्लूराम रविवार की शाम खेत से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में सर्प ने डस लिया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पंचायत चुनाव के मुद्दे नजर रखते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर बैठक कर दिए निर्देश

## पंचायत चुनाव 2026 के मद्देनजर मतदाता सूची वृहद पुनरीक्षण की तैयारी शुरू बीएलओ व पर्यवेक्षकों की तैनाती के निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उरई जालौन।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची वृहद पुनरीक्षण-2025 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, कार्य क्षेत्र आवंटन, प्रशिक्षण और पुनरीक्षण कार्य की समयसीमा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्य के लिए लेखपाल, शिक्षक, शिक्षा मित्र, एवं अन्य राजकीय कर्मचारी बीएलओ के रूप में नियुक्त किए जा सकते हैं। आयोग के निर्देशानुसार पूर्व में कार्य कर चुके बीएलओ को यथासंभव पुनः नियुक्त किया जाए। प्रत्येक बीएलओ को अधिकतम 3,000 मतदाताओं तक का कार्य सौंपा जाएगा और एक मतदान केंद्र पर केवल एक बीएलओ की तैनाती होगी। बीएलओ कार्यों की निगरानी हेतु राजस्व निरीक्षक, सहायक विकास अधिकारी, कृषि निरीक्षक एवं वरिष्ठ अध्यापक जैसे कार्मिकों को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। एक न्याय पंचायत में अधिकतम 20 मतदान केंद्रों के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त होगा, इससे अधिक संख्या होने पर अतिरिक्त पर्यवेक्षक लगाए जाएंगे। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बीएलओ एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति कार्यवाही A.E.R.O. लॉगिन आईडी के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। उन्हें प्रशिक्षण देकर ई-BLO मोबाइल ऐप के प्रयोग की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बीएलओ किट व लेखन सामग्री तहसील स्तर पर तैयार कर उन्हें सौंपी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पंचायत क्षेत्रवार मतदाता सूची का प्रिंटआउट निकाला जा चुका है, जिसे शीघ्र ही तहसीलों को वितरित किया जाएगा। मदर रोल की ग्राम पंचायतवार डाउनलोडिंग प्रक्रिया 14 अगस्त 2025 से प्रारंभ होगी। इस कार्य योजना को 18 जुलाई से 18 अगस्त 2025 तक संचालित किया जाएगा। नामों के विलोपन, आंशिक पंचायत विलय, क्षेत्रीय परिवर्तन, व प्रशिक्षण एवं स्टेशनरी वितरण जैसे कार्य समानांतर रूप से संचालित होंगे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला विकास अधिकारी श्री निशांत पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निजी स्कूल भवन में आग से तीन स्कूली वैन व ई-रिक्शा खाक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** एक निजी स्कूल भवन में भीषण आग लगने से विद्यालय परिसर में खड़ी तीन स्कूली वैन समेत एक ई-रिक्शा खाक हो गया। ग्रामीणों ने लगभग दो घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना देने के बाद समय से दमकल के न पहुंचने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। भीषण अग्निकांड में लाखों रुपये क्षति का अनुमान है।

बड़ोखर खुर्द ब्लाक अंतर्गत बेनी का पुरवा गांव में रविवार की रात एक प्राइवेट स्कूल में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में विद्यालय भवन से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने लगीं। विद्यालय भवन के नजदीक ड्यूटी पर तैनात रेलवे गेटमैन ने आग लगने की सूचना ग्रामीणों को दी। घटना की सूचना पाकर तमाम ग्रामीण मदद को पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल आग लगने की सूचना दमकल को दी। ग्रामीणों ने दमकल के पहुंचने से पहले दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर स्कूल परिसर में खड़ी तीन स्कूली वैन व एक ई-रिक्शा खाक हो गया। सूचना देने के लगभग एक घंटा बाद दमकल के पहुंचने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। गांव के बृजेश कुमार ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते विद्यालय में आग लगी है। अग्निकांड में लाखों रुपए की क्षति का अनुमान है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बड़ा हादसा होने से बच लिया।

» देर से दमकल के पहुंचने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बाबा भोले का जलाभिषेक करने के लिए शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज के ब्रम्हेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित दशाश्वमेध घाट से जल भरकर कावरियों का जत्था बम-बम भोलेनाथ के जयघोष के साथ अपने-अपने गन्तब्य को रवाना हो रहें है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल, जल पुलिस एवं गोताखोर घाटों पर तैनात किए है। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरों से भी निगरानी जारी है।



सावन के दूसरे सोमवार की भोर से ही शहर के नागवासुकी, ब्रम्हेश्वर महादेव, ललितेश्वर महादेव, मनकामेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव, पांडेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव, शिवकुटी मंदिर, फूटा हवन महादेव मंदिर, सहित अन्य सभी शिव मंदिरों में देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रयागराज वाराणसी मार्ग के बाए लेन को पूरी तरह से बड़े वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही आवागमन को ठीक तरह से संचालन करने के लिए बड़े चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरे मार्ग की जोनवार लगातार निगरानी की जा रही है। शिवमंदिरों में महिला पुलिस कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है।

# समावेशी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक कदम : निदेशक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद (ट्रिपल आईटी) प्रयागराज में सोमवार को सहायक प्रौद्योगिकी में उद्यमिता केंद्र (CoE) स्थापित करने के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) और उसकी सहायक कम्पनी एसटीपीआई नेक्स्ट (STPI NEXT) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गये। इस अवसर पर ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रो. मुकुल शरद सुतावाने ने आशा व्यक्त की यह साझेदारी समावेशी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। इस उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से, हमारा लक्ष्य तकनीकी कमियों को पाटना और ऐसे समाधान विकसित करना है जो लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाएं। नए उत्कृष्टता केंद्र से प्रयागराज को सहायक प्रौद्योगिकी नवाचार के केंद्र में बदलने, सामाजिक उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक प्रभाव वाले प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की उम्मीद है। ट्रिपल आईटी इलाहाबाद की ओर से हस्ताक्षर करने वाले कुलसचिव प्रो. मंदार कार्यकार्ते ने कहा कि तेज़ी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य को देखते हुए संस्थान ने सहायक प्रौद्योगिकी उद्यमिता केंद्र के स्थापना की पहल करके एसटीपीआई और एसटीपीआई नेक्स्ट ने पांच वर्ष के लिए समझौता पत्र पर सहमति प्रकट की है।

» सहायक प्रौद्योगिकी में उद्यमिता केंद्र शुरू करने को ट्रिपल आईटी ने एसटीपीआई व एसटीपीआई नेक्स्ट से किया एमओयू

कुलसचिव ने बताया कि सहायक प्रौद्योगिकी उद्यमिता केंद्र, स्टार्टअप्स को सहायक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नई तकनीक और नवाचार विकसित करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करेगा। यह स्टार्टअप्स और उद्यमियों को प्रयोगशालाओं, कम्प्यूटिंग सुविधाओं, इंजीनियरिंग कर्मचारियों और इनक्यूबेशन स्पेस सहित अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास अवसंरचना प्रदान करेगा। यह केंद्र अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, विशेष उपकरण, व्यावसायिक मार्गदर्शन, बौद्धिक सम्पदा (आईपी) मार्गदर्शन, कानूनी और नियामक सहायता, और नेटवर्किंग सम्भावनाओं तक पहुंच प्रदान करेगा। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एसटीपीआई के डॉ. प्रवीण द्विवेदी ने कहा कि एसटीपीआई उद्यमशीलता क्रांति, स्टार्टअप और नवाचार लाने के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है और भारत सरकार के कई प्रमुख कार्यक्रमों का एक प्रमुख प्रेरक बन गया है।

# जिला अधिकारी ने जिला चिकित्सालय में 13 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उरई जालौन।** शासन की मंशानुरूप तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला महिला चिकित्सालय के प्रांगण में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आज जन्मी 13 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया। कन्या जन्मोत्सव के दौरान माता-पिता को बेबी किट, प्रशस्ति पत्र व मिठाई तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का टोपी देकर सम्मानित किया। इन परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां अब परिवार व समाज के लिए हर्ष का विषय है क्योंकि इनकी रचनाधर्मिता से जहां समाज सुसंस्कृत होता है वही बेटियां सशक्त होकर समाज में अपनी महती भूमिका का प्रतिपादन कर रही है। आज हर क्षेत्र में बेटियां आगे हैं तथा कुल परिवार व समाज का नाम रोशन कर रही है तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में अपनी महती भूमिका अदा कर रही है।

आज के कार्यक्रम में दंपतियों को सम्मानित किया गया बेबी किट, प्रशस्ति पत्र व टोपी देकर सम्मानित किया गया। चिकित्सा परिसर में उपस्थित समस्त जनों को मिठाइयां बांटी गई। नवजात कन्याओं की माताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक माहौल बना है अब बेटियां परिवार के लिए बोझ नहीं है बल्कि हमें गर्व है कि हम बेटियों की मां है जो कल मेरे नाम को रोशन करेंगी।

आज के कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर प्रवीणा यादव स्टाफ नर्स शारदा पाल, मल्टी परपज जितेंद्र कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया।

राहत | निरीक्षण कर सदर विधायक ने गांवों में देखी अतिवृष्टि की विभीषिका

# गांवों में जल निकासी व राहत सामग्री वितरण कराने के दिए निर्देश

» चौपाल लगाकर विधायक ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

बांदा। सदर विधायक ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों का भ्रमण करते हुए पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते ध्वस्त और गिरे मकानों का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों को गांवों में जल निकासी व बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए दवाओं का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर निराकरण का भरोसा दिलाया।



ग्रामीणों की समस्याएं सुनते सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सोमवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के चौसड़, तेंदुरा, अमवां, बिलगांव, अजीतपारा और बिगहना गांवों का भ्रमण करते हुए पिछले दिनों अत्याधिक वर्षा के चलते ध्वस्त व जमींदोज हुए मकानों का निरीक्षण किया। प्रशासनिक अधिकारियों को गांवों में जल निकासी, राहत समाग्री वितरण के साथ अन्य मूलभूत सहायता मुहैया कराने पर जोर दिया। सीएमओ को बाढ़ प्रभावित गांवों में संक्रामंक बीमारियों से बचाव के लिए दवों आदि का छिडकाव कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए समय से पूरा कराने को कहा। गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर तत्काल संबंधित अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सदर विधायक ने ग्रामीणों को भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने का आह्वान किया। कहा कि किसी सरकारी योजना का लाभ लेने में समस्या होने पर किसी भी समय खुरहंड स्थित पैतृक आवास और जिला मुख्यालय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से लाभार्थी फोन पर अपनी समस्याओं को अवगत करा सकते हैं। सभी समस्याओं का समय से निस्तारण कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर बिसंडा मंडल अध्यक्ष विनय राज कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि (ग्रामीण) शैलेंद्र सिंह शैलू, पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंह परिहार, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिसंडा रंजीत सिंह, लखनलाल राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष ज्ञानदत्त पांडेय, विष्णु सिंह, मंडल महामंत्री संजय गुप्ता, रामललन द्विवेदी समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता और क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

## संपादकीय

# अमेरिकी–चीनी रुख

दुनिया के थानेदार अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित और भारत के पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार द रेसिस्टेंस फ्रंट ( TRF ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करके भारत से हाल ही में बेपटरी होते जा रहे कूटनीतिक सम्बन्धों को संभालने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इससे जहां पाकिस्तान और चीन को करारा झटका लगा है, वहीं अमेरिका के इस हृदय परिवर्तन से यह स्पष्ट हो चुका है कि दुनिया के दोनों ध्रुवों को एक साथ साधते रहने की कोशिश करने वाले भारत के ताजा कूटनीतिक प्रयासों की जीत हुई है, लेकिन अभी भी पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना बाकी है। बता दें कि टीआरएफ पाकिस्तान के लश्कर–ए–तैयबा का ही एक चेहरा यानी प्रॉक्सी संगठन है। जब लश्कर और उसके सरगना हाफिज सईद पर कार्रवाई के लिए पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ने लगा, तो 2019 में उसने टीआरएफ को प्रॉक्सी के तौर पर खड़ा कर दिया। यह जम्मू–कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ ही नहीं, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी में भी शामिल है। सरकार ने 2023 में इस पर बैन लगाया था। उल्लेखनीय है कि टीआरएफ को संसाधन और समर्थन दे रहा लश्कर–ए–तैयबा पहले ही ग्लोबल टेररिस्ट ग्रुप घोषित किया जा चुका है। इसी तरह आतंकी मसूद अजहर के जैश–ए–मोहम्मद पर भी प्रतिबंध लगे हुए हैं। इसके बावजूद, ये दोनों आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। दिखाने के लिए हाफिज सईद को जेल में रखा गया है, लेकिन उसकी गतिविधियां पहले की तरह जारी हैं। यही वजह है कि लश्कर या जैश जैसे आतंकी संगठन अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद खत्म नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान की तरफ से निरंतर खुराफाती खुराक मिलती आई है। आलम यह है कि जब इस्लामाबाद पर अमेरिकी दबाव बढ़ता है, तो वह दिखावटी कदम उठा लेता है और आतंकवाद का कोई एक नया चेहरा तैयार कर दिया जाता है। इसलिए टीआरएफ के मामले में अमेरिका को पाकिस्तान के सामने यह मुद्दा उठाना चाहिए कि लश्कर पर बैन होने के बावजूद कैसे उसने एक दूसरा फ्रंट बना लिया? दरअसल, सीमापार आतंकवाद को लेकर वॉशिंगटन का नजरिया भारत से बिल्कुल अलग दिखता है। तभी तो पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की भी स्पष्ट भूमिका दिखाई देने के बावजूद कुछ ही दिनों बाद डॉनल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में उनकी मेजबानी करते दिखे। इसलिए यदि अमेरिका टीआरएफ पर बैन का कोई सार्थक नतीजा देखना चाहता है, तो उसे पाकिस्तानी सेना पर प्रेशर बनाना चाहिए। कहना न होगा कि पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान के बीच कनेक्शन के कई सबूत सामने आए हैं। इसलिए टीआरएफ पर एक्शन का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान की घेरेबंदी करने और वैश्विक मंच पर उसे बेनकाब करवाने में करना चाहिए। सबसे खास बात यह है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को करारा जवाब दिए जाने हेतु शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद चीन के साथ–साथ भारत के चतुर्गुट ( क्वाड ) सहयोगी देश अमेरिका ने भी जब पाकिस्तान की पहले परोक्ष, फिर प्रत्यक्ष तरफदारी की तो भारतीय कूटनीति पर सवाल उठने लगे थे। हालांकि, अमेरिका को पता है कि पाकिस्तान अब उससे ज्यादा चीन के इशारे पर खेलता है। इसी चक्कर में अमेरिका को अफगानिस्तान भी गंवाना पड़ा। यही वजह है कि जैसे वह पाकिस्तान से करीबी दिखाना शुरू किया, भारत ने अमेरिका से दूरी बनानी और नीतिगत परहेज शुरू कर दिया। यही वजह है कि भारत में क्वाड की प्रस्तावित बैठक के शुरू होने से पहले अमेरिका ने भारत की डिमांड पर गौर करना शुरू किया और टीआरएफ को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया। इससे भारत को इस बात की उम्मीद बढ़ी कि अमेरिका से भूल सुधार करवाने में उसकी गुटनिरपेक्ष नीतियां सक्षम हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि टीआरएफ भले ही वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जा चुका है लेकिन भारत का काम अभी अधूरा है। फिर भी भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्करे तैयबा के मुखौटा संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का स्वागत किया। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के मुखौटा संगठन टीआरएफ को अमेरिका द्वारा वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के इस फैसले को भारत–अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद–रोधी सहयोग का प्रमाण बताया।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# गेम चेन्जर साबित होगी पीएमडीडीकेवाई



प्रेम शर्मा


केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' (पीएमडीडीकेवाई) को 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं को मिलाकर लागू किया जायेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चैहान के मुताबिक, यह योजना विभिन्न राज्यों के बीच, और एक राज्य के भीतर विभिन्न जिलों के बीच भी, "उत्पादकता में असमानता" से निपटने पर ध्यान देगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) जैसी केंद्र की चहेती योजनाओं के साथ-साथ जिला धन-धान्य समितियों द्वारा चिह्नित संबंधित राज्य की योजनाओं को भी पीएमडीडीकेवाई में समाहित किया जायेगा। निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय साझेदारियों को भी इस प्रस्तावित योजना के तहत प्रोत्साहित किया जायेगा, जो अक्टूबर में रबी की फसल के मौसम के दौरान शुरू होगी। इस योजना पर छह वर्षों के लिए 24,000 करोड़ रुपये का सालाना खर्च तय किया गया है। उम्मीद लगायी गयी है कि इस योजना का नतीजा उच्च उत्पादकता, कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में मूल्य संवर्धन, स्थानीय आजीविका सृजन, घरेलू उत्पादन और आत्मनिर्भरता में वृद्धि के रूप में सामने आयेगा। योजनाओं के इस एकीकरण को कृषि पर घटते सार्वजनिक खर्च की पृष्ठभूमि में देखना होगा। नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की तर्ज पर, केंद्र कम उत्पादकता व फसल सघनता (क्रॉपिंग इन्टेन्सिटी) और कम ऋण वितरण के आधार पर 100 जिलों की शिनाख्त करेगा। इस योजना से फिलहाल 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। कृषि मंत्रालय के अनुसार, योजना का उद्देश्य खेती की उपज बढ़ाना है. गेहूं-चावल और गन्ने के अलावा दलहन-तिलहन की फसलों और नकदी फसलों पर सरकार का जोर है। सरकार इस योजना के जरिये पंचायत और ब्लॉक स्तर पर ही फसलों के भंडारण क्षमता तैयार करेगी, ताकि स्थानीय स्तर पर ही इन्हें सुरक्षित रखकर खर्च बचाया जा सके। इसमें छोटे किसानों को सस्ता कर्ज मुहैया कराया जाएगा. साथ ही सिंचाई योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाएगा। इस जंबो स्कीम के तहत योजनाओं के एकीकरण से इसका संचालन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। निजी क्षेत्र को भी भागीदारी भी इसमें होगी। सरकार की मंशानुसार केंद्र के साथ राज्य सरकार की कृषि योजनाओं को भी इसमें मिलाकर लागू किया जाए। हर राज्य का कम से कम एक जिला इसमें शामिल होगा। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, हर जिले के लिए एक नोडल अफसर होगा। वैसे तो हमारा उत्पादन 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा है। फल-दूध और सब्जियों के उत्पादन में भी उछाल है। फिर भी राज्यों की उत्पादकता




में काफी अंतर है। राज्य के भीतर भी एक जिले की दूसरे जिले से उत्पादकता कम है। जिन जिलों में फसलों की उपज कम है। किसान आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों के लिए लोन बहुत कम लेते हैं। उन जिलों को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। चिन्हित जिलों में 11 विभागों कीयोजनाओं को समाहित करके सिंगल विंडो सिस्टम के तहत एक ही जगह सारे लाभ दिए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने के लिए स्टेट और नेशनल लेवल के साथ जिला स्तर पर समिति बनाई जाएंगी। समितियों में किसान प्रतिनिधि भी शामिल होंगे. नीति आयोग चयनित जिलों के लिए कुछ पैमाने तय करेगा। जिनके आधार पर प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसकी निगरानी के लिए एक डैशबोर्ड बनाया जाएगा। ये अभियान अक्टूबर के रबी सीजन से शुरू होगा. जिला स्तर की समिति को ग्राम पंचायत या जिला क्लेक्टर द्वारा चलाया जाएगा। केवल जिले में ही नहीं, राज्य स्तर पर भी टीम बनेगी। राज्य स्तर टीम की जिम्मेदारी जिले में योजनाओं के सही तरीके से एकीकरण पर ध्यान देने की होगी। केंद्रीय स्तर पर केंद्रीय मंत्रियों की और सचिव की अध्यक्षता में अन्य विभागों के अधिकारियों की टीम होगी। वैसे देखा जाए तो कृषि पर संसद की स्थायी समिति ने अनुदान मांगों पर ताजा रिपोर्ट में, कुल केंद्रीय योजनागत खर्च के प्रतिशत के रूप में कृषि के लिए आवंटनों में निरंतर गिरावट का उल्लेख किया था। यह वित्त वर्ष 2021-22 में 3.53 फीसदी था। जो घट कर 2022-23 में 3.14 फीसदी, 2023-24 में 2.57 फीसदी, 2024-25 में 2.54 फीसदी और 2025-26 में 2.51 फीसदी रह गया। इसके बावजूद किसानों के हित में 36 योजनाओं को एक करके जो महत्वकांक्षी योजना लागू होने जा रही है वह अगर बिना भेदभाव, क्षेत्रवाद, राजनीति और नौकरशाही से मुक्त होगा धरातल पर उतारी गई तो इसके दूरगामी लाभ अवश्य मिलेंगे।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# कांवड़ यात्रा के साथ आम यातायात पर भी दें ध्यान



अशोक मधुप

अब से एक दिन बाद 23 जुलाई को शिवरात्रि का पर्व है। लगभग एक सप्ताह से कावंड़ यात्रा चल रही है।सड़कों पर कांवड़ियों के समूह पवित्र नदियों से जल लेकर अपने गन्तव्यों के लिए रवाना हो चुके हैं। शिवरात्रि पर जलाभिषेक के बाद कावंड़ यात्रा पूर्ण हो जाएगी।सड़कों से गुजरते भोले के भक्तों के काफले अपनी मंजिल पर पंहुचकर अगले छह माह के लिए रूक जाएंगे।।जाड़ों में दुबारा शिवरात्रि पड़ेगी, तब ये यात्रा फिर शुरू होगी।फिर कांवड़ियों के काफलें सड़कों पर होंगे। ज्योतिर्लिंग वाले सभी प्रदेशों में इस यात्रा को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की जाती है। अन्य शिवालयों पर भी भारी तादाद में श्रद्धालु जल चढ़ाते हैं।कई बार किसी कांवड़ से किसी के टकराने या कावड़िए के दुर्घटनाग्रस्त होने पर कावड़िए प्रायः हंगामा करते हैं। कई जगह तोड़–फोड आगजनी आदि पर उतर आते हैं,इसलिए प्रशासन पहले से सचेत रहता है। केंद्र में भाजपा सरकार आने और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार होने के बाद से इस कांवड़ यात्रा पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा।इनके लिए आने –जाने के मार्ग निर्धारित होने लगे।इन कांवड़ियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। अधिकतर महत्वपूर्ण मार्ग इनके लिए आरक्षित किए जाने के कारण इन मार्ग के वाहन दूसरे मार्ग पर भेजे जाने लगे। इससे आम लोगों को परेशानी होने लगी। तीन घंटे का रास्ता छह से सात घंटे में पूरा होने लगा। वाहनों को 60 से 70 किलो मीटर ज्यादा चलना पड़ा। वाहनों के ज्यादा चलने के तेल ज्यादा लगा। तेल का ज्यादा लगना राष्ट्रीय नुकसान है और व्यक्ति की समय की बरबादी। व्यवस्था ऐसी बनाई जाए कि कांवड़ यात्रा भी निर्विघ्न रूप से पूरी हो और दूसरे वाहन और यात्रियों को कोई परेशानी न हो। नियमित यातायात इस यात्रा के दौरान सुगमता से चलता रहे। आज हालत यह है कि कई दिन से उत्तर प्रदेश– दिल्ली एनसीआर और उत्तरांचल के मार्गों पर दिन में ट्रकों की आवाजाही बंद है। सड़कों के किनारे ट्रकों की लंबी– लंबी लाइन लगी है। पूरे दिन वह सड़क किनारे खड़े रहते हैं। रात में उन्हें चलने की अनुमति मिलती है। इस प्रक्रिया से राष्ट्र की कितनी शक्ति व्यर्थ जाती है, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। शिवरात्रि भगवान शिव का पर्व है।यह पर्व पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है।करोड़ों की संख्या में शिव के उपासक पवित्र नदियों के स्थलों से उनका जल कांवड़ में लेकर आते और शिवालयों पर जाकर चढ़ाते हैं। ज्योतिर्लिंग पर तो शिवरात्रि पर जल चढ़ाने के साथ उत्तर भारत क्या पूरे देश में यह पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कांवड़ यात्रा कई –दिन चलती है। सड़कों पर कावड़ियों का रेला ही रेला दिखाई देता है। श्रद्धालु कार्वड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराकर पुण्य लाभ पाने के लिए तत्पर रहतें हैं।ये कावड़ियों मार्ग पर उनके खाने –पीने की ठहरने आदि की निशुल्क व्यवस्था करते हैं। भंडारे लगाते हैं। यात्रा पर निकलने से पहले कार्वड़िए तैयारी करते हैं।कांवड़ , उसके सजाने आदि और अपनी यात्रा का सामान खरीदते हैं।अपने साथ चलने वाले वाहन किराए पर लेते हैं। इन पर किराए का म्युजिक सिस्टम लगाते हैं।कांवडिए की अलग तरह की भगवा रंग की टीशर्ट चल पड़ी। इसका ही अब लाखों रूपये का कारोबार बन गया। कांवड़ यात्रा से हजारों लोगों का रोजगार चलता है। इस यात्रा पर खरबों रूपये का बिजनेस होता है। इसलिए ये यात्रा होनी चाहिए ।इस यात्रा की व्यवस्थाएं भी भव्य होनी चाहिए।

कांवड़ियों की व्यापक सुरक्षा और बढ़िया मार्ग की व्यवस्था होनी चाहिए। जगह जगह आपातकाल में इनके उपचार के प्रबंध हों । इनकी सुविधा के लिए कोई कसर उठकर नही रखी जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस व्यवस्था पर स्वंय नजर रखते हैं।वे हैलिकाप्टर से कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा भी करते हैं। उत्तर भारत में सावन की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है।कावड़ यात्रा के कारण उत्तर भारत में यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। हरिद्वार प्रशासन के अनुसार पिछले साल साढ़े चार करोड़ से ज्यादा शिवभक्त जल लेने हरिद्वार पंहुचे।2023 में चार करोड़ श्रद्धालु आए थे।ये यात्रा अभी चल रही है,अनुमान है कि इस बार अकेले हरिद्वार से ही कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पांच करोड़ से ज्यादा हो जाएगी,किंतु कुछ स्थानों पर पूरे सावन कांवड़ चढ़ती हैं।श्रद्धालु के समूह हरिद्वार आते और जल लेकर अपने गंत्व्यों की ओर रवाना होते रहते हैं। उत्तर भारत की इस कांवड़ यात्रा को देखते हुए उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश,दिल्ली और हरियाणा सरकार व्यापक व्यवस्थाएं करती हैं, किंतु यात्रा के समय ये सब व्यवस्थांए बौनी पड़ जाती हैं।इसी कारण कई जगह कांवड़ियों के हंगामा करने की सूचनाएं आती हैं।कुछ जगह तोड़फोड़ और आगजनी तक हो जाती है।इस सबका कारण यात्रा से कुछ पहले तैयारी करना है, जबकि इसके लिए पूरे साल तैयारी की जाती चाहिए। इसके लिए अलग से विभाग होना चाहिए, किंतु ऐसा होता नहीं। केंद्र और राज्य सरकारों को कार्वड़ियों की सुविधा के साथ आम आदमी की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। व्यवस्था की जानी चाहिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान आम यातायात प्रभावित न हो।केंद्र एक्सप्रेस वे बना रहा है ताकि यातायात के किसी वाहन को परेशानी न हो। इसके लिए कांवड यात्रा वाले प्रदेश की सरकारों का केंद्र के साथ मिल बैठ कर प्लान करना चाहिए। कावंड यात्रा वाले मार्ग पहले ही इस तरह बनाए जांए कि उसकी साइड से आम यातायात सुगमता से अनवरत चलता रहे। कांवड1 यात्रा वाले मार्ग पर कांवड़ यात्रियों के लिए पहले से ही दो अलग लेन बनाकर रखी जा सकती हैं। यात्रा के समय में इन पर कांवड़िए और उनके वाहन चलें , बाद में ये लेन आम ट्रैफिक के लिए प्रयोग हों।कांवड़ यात्रा वाले मार्ग पर कांवड़ यात्रियों के आराम रूकने के स्थान पहले से चिंहित हों। स्थान ऐसे हों कि यहीं कांवड़ शिविर भी लग सकें। 1990 के आसपास कांवड़ यात्रा का इतना प्रचलन नही था। आज यह बढ़ता जा रहा है। अब साढे चार करोड़ के आसपास कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ ला रहे हैं। इनकी बढ़ती संख्या को देखते हुए हो सकता है कि आने वाले कुछ सालों में यह संख्या बढ़कर दुगनी या उससे भी ज्यादा हो जाए। इसलिए हमें अभी से इसके लिए व्यवस्था बनानी होगी। प्लानिंग करनी होगी। हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए हरिद्वार के लिए अतिरिक्त ट्रेन चलानी होंगी। कावंड़ यात्रा के समय आम यात्री को कांवडियों की भीड़ के कारण भारी परेशानी होती है। ट्रेन के साथ –साथ इनकी संख्या को देखते हुए स्पेशल बसे चलाईं जांए।कांवड़ यात्रा के कारण छात्रों की परेशानी को देखते हुए कई जगह स्कूल कॉलेज बंद करने पड़तें हैं। शहरों के स्थानीय निवासियों की गतिविधि और आवागमन प्रभावित होता है,व्यवस्था ऐसे बनाई जाए कि कांवड़ यात्रा भी चले और उस क्षेत्र के आम निवासी की गतिविधि और दिनचर्या भी प्रभावित न हों। इस पार उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल सरकार ने हुडदंग करने वाले कांवड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की है। ये व्यवस्था तो पहले से होनी चाहिए। भगवान शिव के भक्तों को तो बहुत सरल और सौम्य होना होगा।

## कविता



विदिशा श्रीवास्तव

### स्वप्न लोक

कल देखा सपने में तुमको
देखा सिर्फ अकेले हो तुम,
मुझको न जाने क्यों भूले
हरदम रखते साथ में हो तुम।
बहुत अकेला जान स्वयं को
मन ही मन में घबराई,
हंसी ठिठोली वाली बातें
याद बहुत मुझको आईं।
मेरी बिंदिया की चम चम से
तुमको लगता भोर हुई,
और महावर के रंगों से
तुमने लिक्खे गीत कई।
तकिया और बिछौना हरदम
मिलन रात की याद करें,
सांझ ढले ही सो जाते तुम
कैसे हम वो बात करें।
मेरा चेहरा ऊपर करके
नयनों में ताका करते,
कोई प्रश्न नहीं होता पर,
उत्तर हां का मांगा करते।
घर आंगन के कोने कोने
तुमको ढूंढ रही थी मैं,
बाग बगीचे वन उपवन तक
दूर दूर तक हो आई मैं ।
खुली आंख जब टूटा सपना
मुझको देख रहे थे तुम,
क्यों इतनी घबराई हो तुम
मुझसे पूछ रहे थे तुम ।
खुशियां देकर हुआ सवेरा
फिर से एक हुए थे हम,
जाड़े जैसी धूप सरीखे
मनभावन लगते हो तुम।

# यूपी में कांग्रेस बयान बहादुरों नहीं, रण बांकुरों को आगे करें



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की दुर्दशा के दिन कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। यूपी में अपने उखड़ गये पॉव को फिर से जमाने के लिये पिछले करीब बीस वर्षो से कांग्रेस एड़ी चोटी का जोर लगा रही है,लेकिन उसके दिन बहुरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इन बीस वर्षो में कई दिग्गज आये और चले गये लेकिन पार्टी में जान नही फूंक पाये,यहां तक की राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा गांधी भी पिटे हुए मोहरे साबित हुए,लेकिन गांधी परिवार से लेकर कांग्रेस के छोटे-बड़े तमाम नेता बड़ी-बड़ी बातें और दावे करने से पीछे नहीं हटते हैं। जबकि यूपी में कांग्रेस की स्थिति सपा-बसपा जैसे दलों की बी टीम बनकर रह गई है। अब फिर कांग्रेस के कुछ नेता यूपी की 'बासी कढ़ी में उबाल' लाने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस के नेता अब यूपी में अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर बड़े-बड़े दावे करने में लगे हैं। गौरतलब हो, 1952 से 1985 तक पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में निर्विवाद प्रभुत्व बनाए रखा, जिसमें 1985 में उसने 425 में से 269 विधानसभा सीटें जीतकर अपनी बादशाहत साबित की थी। लेकिन बीते करीब साढ़े तीन दशक में कांग्रेस अर्श से फर्श पर आ चुकी है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के उभार ने कांग्रेस को हाशिए पर धकेल दिया है,लेकिन आज तक उसकी सियासत में कोई पैनापन नहीं दिखाई दे रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सनसनीखेज ऐलान किया कि पार्टी 2026 के पंचायत चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी। उन्होंने साफ किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी या बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन का फैसला केंद्रीय नेतृत्व पंचायत चुनाव के नतीजों के बाद लेगा। अजय राय का दावा है कि अगर कार्यकर्ता मज़बूत हुए तो गठबंधन की कोई ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इस बयान को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने प्रयागराज में दोहराया, जहाँ उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी सभी 403 विधानसभा सीटों पर दमदार तरीके से खड़ी है।वैसे अक्सर ऐसी ही बातें राहुल गांधी भी करते रहते हैं।कांग्रेस की तरफ से पिछले कुछ महीनों से जिस तरह के बयान आ रहे हैं उसने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन में तनाव की अटकलों को हवा दी है। राजनीति के जानकार सवाल खड़ा कर रहे हैं कि क्या कांग्रेस वही भूल कर रही है, जो 2019 में बहुजन समाज पार्टी ने की थी, जब उसने गठबंधन तोड़कर अपनी ताकत को गलत आँका? यह रणनीति कांग्रेस के लिए कितनी कारगर होगी, और क्या यह आत्मविश्वास ज़मीनी हकीकत से मेल खाता है? यूपी की सियासत में कांग्रेस के पतन की कहानी दो दशक पूर्व 2014 से शुरू हुई थी,जब लोकसभा चुनाव में मोदी लहर ने कांग्रेस को हाशिए पर धकेल दिया था। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी सिर्फ़ दो सीटों पर सिमट गई, और विधान परिषद में उसका कोई प्रतिनिधित्व नहीं बचा। फिर, 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन ने कांग्रेस को नई उम्मीद दी। इस गठबंधन में कांग्रेस ने 17 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 6 सीटें जीतीं रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, सीतापुर, बाराबंकी, और प्रयागराज। समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर दी। लेकिन इन जीतों की ज़मीनी हकीकत उतनी सहज नहीं थी।क्योंकि प्रयागराज से कांग्रेस के टिकट पर जीते उज्ज्वल रमन सिंह समाजवादी पार्टी के नेता थे, जो कांग्रेस के टिकट पर लड़े। सहारनपुर से इमरान मसूद की जीत में भारतीय जनता पार्टी की रणनीतिक चूक का बड़ा हाथ था। रायबरेली और अमेठी को छोड़ दें तो कांग्रेस का संगठन यूपी में कमज़ोर है। 2022 में पार्टी का वोट शेयर सिर्फ़ 2.33 फीसदी था। फिर भी, अजय राय और अविनाश पांडे जैसे नेता दावा कर रहे हैं कि पार्टी को किसी सहारे की ज़रूरत नहीं है। कई सवाल खड़े करता है। पंचायत चुनाव यूपी की सियासत में हमेशा बड़ी कसौटी रहे हैं। 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, जिसमें 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष चुने जाएँगे, 2027 के विधानसभा चुनाव का माहौल तय करेंगे। ये चुनाव पार्टियों की ज़मीनी ताकत, कार्यकर्ताओं की मेहनत, और जनता के बीच प्रभाव को परखते हैं। अजय राय का पंचायत चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कांग्रेस की ताकत को आजमाने की रणनीति है। पार्टी का मानना है कि अगर कार्यकर्ता मज़बूत हुए तो वह 2027 में अकेले दम पर बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। अविनाश पांडे ने संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करने की बात कही है। इसके लिए पार्टी ने पाँच स्तरीय संगठन की योजना बनाई है, जिसमें मंडल अध्यक्षों के रूप में युवा और ऊर्जावान नेताओं को मौका दिया जाएगा। जुलाई 2025 में जिला और शहर कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुए, और 15 अगस्त तक सभी बूथ कमेटियों का गठन पूरा करने का लक्ष्य है। लेकिन यह रणनीति कितनी कारगर होगी? 2021 के पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने सिर्फ़ 76 जिला पंचायत वार्ड जीते थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 720 और समाजवादी पार्टी ने 760 वार्ड हासिल किए थे। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 1,114 वार्ड जीतकर सभी दलों को चौंकाया था। कांग्रेस की इस रणनीति के पीछे 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली सफलता का आत्मविश्वास है। लेकिन यह आत्मविश्वास कितना टिकाऊ है? समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस की जीत का बड़ा हिस्सा समाजवादी पार्टी के सामाजिक आधार खासकर पिछड़ा, दलित, और अल्पसंख्यक समुदायों पर टिका था। समाजवादी पार्टी ने 2024 में अपने पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले से भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर दी। लेकिन 2024 में नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में गठबंधन में तनाव की खबरें सामने आईं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन किया, लेकिन वह गाजियाबाद और फूलपुर समेत पाँच सीटों पर लड़ना चाहती थी। समाजवादी पार्टी के साथ बातचीत अंतिम दौर में थी, लेकिन सहमति नहीं बनी। अजय राय और अविनाश पांडे ने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा की, लेकिन फैसला समाजवादी पार्टी के पक्ष में गया। इन उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने सात सीटें जीतीं, जबकि समाजवादी पार्टी को दो सीटें मिलीं। इससे गठबंधन में खटास की बातें सामने आईं। समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने संकेत दिया कि अगर कांग्रेस ज़्यादा सीटों की माँग करेगी तो समाजवादी पार्टी अकेले लड़ सकती है। कांग्रेस की रणनीति में संगठन का पुनर्गठन और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना शामिल है। दिसंबर 2024 में पार्टी ने अपनी प्रदेश, जिला, शहर, और ब्लॉक कमेटियों को भंग कर दिया और 100 दिनों में नई कमेटियों के गठन का लक्ष्य रखा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने इस प्रक्रिया की निगरानी की, जिसमें सलमान खुर्शीद, राज बब्बर, और पीएल पुनिया जैसे वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया। पार्टी ने छह जोन अवध, पूर्वी यूपी, पश्चिमी यूपी, प्रयागराज, ब्रज, और बुंदेलखंड में संगठन को मज़बूत करने की योजना बनाई है। मेरठ, अलीगढ़, झांसी, अयोध्या, और लखनऊ में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनका खर्च कार्यकर्ताओं ने खुद उठाया। यह दिखाता है कि कांग्रेस में जोश है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि रायबरेली और अमेठी के बाहर उसका प्रभाव सीमित है। यूपी की सियासत में गठबंधन का इतिहास सबक से भरा है। 2019 में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने गठबंधन किया था। मोदी लहर के बावजूद दोनों ने 15 सीटें जीतीं बहुजन समाज पार्टी को 10 और समाजवादी पार्टी को 5। लेकिन इस जीत के बाद बहुजन समाज पार्टी ने गठबंधन तोड़ दिया। 2022 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सिर्फ़ एक सीट जीत पाई, और 2024 में उसका खाता भी नहीं खुला। बहुजन समाज पार्टी की इस गलती का कारण उसका अतिआत्मविश्वास और संगठन की कमज़ोरी थी। यह कांग्रेस के लिए चेतावनी है। 2024 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन ने कांग्रेस को 6 सीटें दिलाईं, लेकिन अतिआत्मविश्वास उसे भारी पड़ सकता है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने हाल ही में कहा कि गठबंधन बरकरार है और दोनों दल 2027 में साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। लेकिन समाजवादी पार्टी के सूत्रों ने संकेत दिया कि अगर कांग्रेस ज़्यादा सीटों की माँग करेगी तो समाजवादी पार्टी अकेले लड़ने का विकल्प चुन सकती है। कांग्रेस की रणनीति में दलित मतदाताओं को लुभाना भी शामिल है। 2024 में दलित वोटरों का एक हिस्सा भारतीय जनता पार्टी से हटकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की ओर गया। कांग्रेस ने दलित सम्मेलनों और चौपालों का आयोजन शुरू किया है, और राहुल गांधी की संविधान बचाने की मुहिम ने दलित समुदाय में विश्वास जगाया। लेकिन समाजवादी पार्टी भी अपने पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले के तहत इन समुदायों को साध रही है। समाजवादी पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों का आयोजन शुरू किया है, जिसका मकसद जातिगत गणना और सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाना है। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने 2021 के पंचायत चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों को साधकर 67 जिला पंचायत अध्यक्ष सीटें जीती थीं और 2026 में भी यही रणनीति अपनाने की तैयारी में है। कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती संगठन को मज़बूत करना है। अजय राय और अविनाश पांडे के बयान भले ही हौसला बढ़ाने वाले हों, लेकिन ज़मीनी स्तर पर मेहनत की जरूरत है। पंचायत चुनाव में अकेले लड़ने का फैसला एक जोखिम भरा दाँव है। अगर कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करती है तो यह 2027 के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। लेकिन अगर नतीजे खराब रहे तो गठबंधन के बिना उसकी राह मुश्किल हो सकती है। समाजवादी पार्टी भी 2027 में सत्ता में वापसी की आस में है। भारतीय जनता पार्टी, जिसने 2022 में अपने गठबंधन के साथ 273 सीटें जीती थीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2027 में 80 फीसदी सीटें जीतने का दावा कर रही है। 2027 का विधानसभा चुनाव यूपी की सियासत में टर्निंग पॉइंट हो सकता है। कांग्रेस के लिए यह मौका है कि वह बड़ी बड़ी बातें करने की बजाये अपनी खोई ज़मीन वापस हासिल करे। इसके लिए उसे बयान बहादुरों से बचना होगा, कार्यकर्ताओं में जोश भरना होगा, संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करना होगा, और गठबंधन की रणनीति पर सावधानी से विचार करना होगा। विशेष रूप से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को यूपी को लेकर ठोस रणनीति बनानी होगी और यूपी में ज्यादा समय भी देना होगा।

# अघोषित विद्युत कटौती और जर्जर तार की समस्या को लेकर व्यापारी प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला

विश्ववार्ता संवाददाता

**मऊ।** जनपद के कोपागंज बाजार में बिजली के तार पुराने और जर्जर स्थिति में होकर जगह-जगह लटक गए हैं। तारों के आपस में लड़ने के कारण उसमें से जबरदस्त फव्वारे निकलते हैं। जिससे बाजार में भगदड़ की स्थिति पैदा हो जाती है। जिला शांति कमेटी की बैठक में इस मसले को कई बार उठाया गया, पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने केवल कोरा आश्वासन दिया था कि इस पर बहुत जल्दी काम शुरू कर दिया जाएगा। परंतु आज तक कोई भी काम नहीं किया गया। बिजली के तार जर्जर स्थिति में है। किसी भी समय भयंकर दुर्घटना हो सकती है।



इसके अलावा कोपागंज बाजार में इधर लगभग 15 दिनों से बिजली की जबर्दस्त कटौती हो रही है। जिस कारण व्यापारी, बुनकर, किसान, छात्र तथा आमजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालत बद से बदतर हो गया है ।सभी तरह के उद्योग धंधे व्यापार, कल कारखाने बंद हो गए हैं।इन सभी परेशानियों को लेकर कोपागंज के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर के नेतृत्व में मऊ के लोकप्रिय जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्रा से सोमवार को मिला, उन्हें जर्जर तार से हो रही परेशानियों तथा अघोषित विद्युत कटौती के विषय में विस्तार से जानकारी दिया।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी श्री मिश्र ने बिजली विभाग के एसी को तुरंत इन सभी मसलों को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

प्रतिनिधि मंडल में उमाशंकर ओमर के साथ कोपागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमृतलाल जायसवाल, उपाध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल, युवा अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, महामंत्री विकास वर्मा, दीपक मद्धेशिया, संदीप शर्मा, नीरज गुप्ता सोहन वर्मा आदि थे।

# पुलिस ने लाला गिरोह के बारह सदस्यों को दबोचा



विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** पुलिस वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अवैध असलहा के साथ रील बनाकर भड़काऊ पोस्ट वायरल करने व लोगों में दहशत पैदा करने वाले लाला गिरोह के बारह सदस्यों को धर - दबोचने में कामयाब हो गए हैं। इन लोगों के कब्जे से तीन नाजायज असलहों, एक बाइक व दस मोबाइल फोन की बरामदगी हुई है।

इसका खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने आज बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से हाटा क्षेत्र में एक गैंग 71-71 , जो लाला गिरोह ( गैंग) के नाम से चर्चित है, संज्ञान में आया था। इस गिरोह के लोग सोशल मीडिया प्लेट फार्म 71-71 पर अवैध असलहा के साथ रील बनाकर भड़काऊ पोस्ट सोशल मीडिया पर डालकर वायरल करते है और अनावश्यक रुप से लोगों को डराते - धमकाते हैं। इस संदर्भ में थाना कोतवाली हाटा पुलिस मुकदमा पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में आज हाटा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा छपरा भगत कट से पूरब चक नरायनपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने चेकिंग की जा रही थी कि एक बाईक पर तीन लोग कसया के तरफ आते हुए दिखाई दिए जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से गोली चलाई गई जिससे पुलिस वाले

» कुशीनगर जिले के हाटा इलाके में सक्रिय था यह गिरोह

अपने आप को बचाते हुए अरबाज अली पुत्र वारिस अली निवासी महुई थाना को. हाटा, जुबेर अहमद उर्फ जुबेर लाला पुत्र राहत अली निवासी पिपरा कपूर थाना हाटा, अफरोज खान पुत्र इमामुद्दीन उर्फ इमामुल निवासी परसौना खुर्द थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया।

बकौल पुलिस अधीक्षक इनकी निशानदेही पर अन्य 09 साथियों आकिब खान पुत्र सैनुल्लाह खान निवासी परसौना खुर्द थाना रामकोला, हसन पुत्र मो कूद्दूस निवासी पिपरा कपूर हाटा, रफीउल्लाह खान पुत्र इस्तेखार खान निवासी परसौना खुर्द रामकोला, कलीम खान पुत्र महमूद खान निवासी परसौना खुर्द थाना रामकोला, सेराज अली पुत्र सुन्नत अली निवासी पिपरा कपूर, रवि बर्नवाल पुत्र राजेश बर्नवाल निवासी पिपरा कपूर हाटा, इरफान आलम पुत्र जमशेद आलम निवासी पिपरा कपूर, इमरान खान पुत्र मकबूल खान निवासी परसौना खुर्द व अनवर अली पुत्र राहत अली निवासी पिपरा कपूर की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त हुई। इनके कब्जे से तीन अवैध तमंचा 315 बोर मय तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक मोटरसाइकिल व जमा तलाशी के 260 रुपए, 10 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

# परीक्षा 2023 को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



विश्ववार्ता संवाददाता

**मऊ।** जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में समीक्षा अधिकारी /सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में समस्त केंद्र व्यवस्थापक, सैक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सहायक केंद्र व्यवस्थापको के साथ परीक्षा पूर्व तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई। यह परीक्षा 27 जुलाई 2025 को जनपद के 30 परीक्षा केन्द्रों पर संपादित होगी जिसमें कुल 13464 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे के बीच संपन्न होगी।

परीक्षा की तैयारी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा से जुड़े केंद्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को सुचितापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।उन्होंने समस्त लोगों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन कर तीन दिन पूर्व ही केंद्रों का भ्रमण कर सारी व्यवस्थाओं का परीक्षण कर लेने को कहा।

जिलाधिकारी ने परीक्षा के दिन यातायात व्यवस्था की सुगमता हेतु विशेष नजर रखने के भी निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र पर आवागमन हेतु पर्याप्त बसों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश ए आर एम को दिए।

» जनपद के 30 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 13464 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे सम्मिलित

जिला अधिकारी ने केंद्र पर समस्त सुविधाओ यथा शौचालय, पंखा, पेयजल की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था आदि का पूर्व में ही निरीक्षण कर लेने को कहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री इलमारन जी ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे एवं परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा केंद्र पर तैनात समस्त कार्मिकों हेतु आईडी कार्ड उपलब्ध कराने को भी कहा। साथ ही टीवी कैमरा की स्थिति ठीक हो इसकी भी जांच कर लेने के निर्देश दिए।

आयोग से आए प्रेक्षकों ने भी परीक्षा के दिन समय का विशेष ध्यान देने तथा आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा बहुत ही संवेदनशील है अतः विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।इस दौरान अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक एवं सहायक केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# रोटरैक्ट क्लब ऑफ प्राइड मऊ का तीसरा स्थापना समारोह संपनन, सूर्यांशु सर्राफ अध्यक्ष, वेदान्त वर्मा बने सचिव

विश्ववार्ता संवाददाता

**मऊ।** रोटरैक्ट क्लब ऑफ प्राइड मऊ का तीसरा स्थापना समारोह रविवार को बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में नगर के इंद्रप्रस्थ मैरेज हॉल के सभागार में सपन्न हुआ। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई और वर्ष 2024-25 के सफल समापन पर पूरे क्लब को बधाई दी गई। इस अवसर पर रोटरैक्टर सूर्यांशु सर्राफ को रोटरैक्ट क्लब ऑफ प्राइड मऊ का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही रोटरैक्टर वेदांत वर्मा को सचिव का दायित्व सौंपा गया। दोनों को उनके नए पदों पर नियुक्ति के लिए हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दी गईं, इसी के साथ रोटरैक्टर सिद्धांत पाल को कोषाध्यक्ष, रोटरैक्टर उत्सव जायसवाल को पब्लिक इमेज चेयर, रोटरैक्टर अभय गुप्ता को वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया।



साथ ही अन्य पदों पर क्लब के युवाओं को ज़िम्मेदारी दी गई। रोटरैक्टर सूर्यांशु ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहाकि "हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। युवा शक्ति का उद्देश्य केवल विकास नहीं, अपितु सेवा भी होना चाहिए।" सचिव रोटरैक्टर वेदांत वर्मा ने भी क्लब की योजनाओं और पारदर्शी संचालन के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस समारोह में वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पूरे क्लब को उनके अथक प्रयासों, सेवा कार्यों और सामुदायिक योगदान के लिए हार्दिक बधाई दी गई। क्लब ने बीते वर्ष में रक्तदान, पौधारोपण, स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता जैसे कई जनसेवा कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कार्यक्रम की मुख्य अथिति हाईकोर्ट में अधिवक्ता व मंडल रोटरेक्ट रिप्रेजेन्टेटिव रोटरैक्टर माही भान ने कहा कि मऊ के रोटरैक्ट के युवाओं ने जो कार्य किया है वह क़ाबिले तारीफ़ है। हमें आशा है कि नए सत्र की कमेटी भी कुछ अलग काम कर नए मुकाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा 2025-2026 का पूरा सत्र वह मिशन शक्ति के नाम पर कार्य करेंगी।

विशिष्ट अतिथि कामदेश्वर सिंह ने कहा रोटरैक्ट मऊ प्राइड कम समय में जो पहचान बनाई है वह नज़ीर है। मुख्य अतिथियों और क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा, "रोटरैक्ट क्लब ऑफ प्राइड मऊ ने बीते वर्ष जो ऊंचाइयाँ छुई हैं, वह सभी के लिए प्रेरणा है। नई टीम भी उसी समर्पण के साथ आगे बढ़ेगी, ऐसा हमें पूरा विश्वास है। इस अवसर पर रोटरी क्लब प्राइड मऊ के अध्यक्ष रोटेरियन आशीष अग्रवाल, सचिव रोटेरियन विजय बहादुर पाल, रोटरी क्लब के सचिव डा. ख़ालिद, राकेश गर्ग, डा. रितेश अग्रवाल, सौरभ मद्धेशिया, अतुल जायसवाल, विजय सर्राफ़, नीलम सर्राफ़, विशाल शर्मा, जितेंद्र राखोलिया आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### शिवमंदिरों में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे

**करीमुद्दीनपुर।** सावन महीना के दूसरे सोमवार पर क्षेत्रीय शिव मन्दिरों मे हर हर महादेव के नारे गूँजने लगे और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना किया। सुबह में ही श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा भोले नाथ के दरबार में उमड़ पड़ी। क्षेत्रीय प्रसिद्ध शिव मंदिरों बुढ़वा महादेव असावर, नागेश्वर नाथ महादेव उचाडीह, झारखंडे महादेव करीमुद्दीनपुर, सोमेश्वर नाथ और बाबा घटेश्वर नाथ लट्ठु डीह, सहित पातेपुर, बाराचवर ,ताजपुर, माटा, बथोर, खारा , करीमुद्दीनपुर बाजार सहित अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओ ने सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू कर दिया। मन्दिरों हर हर महादेव का नारा गूँज रहा थ। असावर बुढ़वा महादेव और ऊँचाडीह नागेश्वरनाथ मन्दिर पर पूरे सावन महीने में दूर दराज से श्रद्धालु आते हैं। सावन माह में पड़ने वाले सोमवार को काफी भीड़ होती है। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन भी सतर्क दृष्टि से काम कर रहा है और मंदिरों पर पुलिस कर्मी भी मौजूद रहते हैं।

### मलिकार्जुन खरगे का जन्मदिन मनाया

**देवरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे का जन्मदिन



सोमवार को जनपद के जिला कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल परिसर में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने केक काटकर मनाया। जन्मदिन के अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयां छू रही है। उनके नेतृत्व में पार्टी निरंतर सशक्त होकर आगे बढ़ रही है। उनकी कार्यशैली हम युवाओं को उर्जा व प्रेरणा देने का काम करती है। इस अवसर पर पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जयदीप त्रिपाठी, सुभाष राय,भरत मणि त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, शिव शंकर सिंह,निलेश त्रिपाठी,जुलेखा खातून, मनोज मणि, डॉ एसके पाठक, महेंद्र अंबेडकर, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, निर्मला वर्मा, अशोक गोंड आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### किसानों को मिलेगा पर्यावरण संरक्षण का लाभ कार्बन फाइनेंस प्रोजेक्ट से होगी अतिरिक्त आय

**देवरिया।** प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग देवरिया, कासरला राजू ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्बन फाइनेंस प्रोजेक्ट लागू किया गया है। यह योजना न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक है, बल्कि किसानों के लिए आय का एक अतिरिक्त साधन भी बन रही है। उन्होंने बताया कि जो किसान वर्ष 2023, 2024 और 2025 में अपनी निजी भूमि पर कम से कम 100 पौधों का वृक्षारोपण कर चुके हैं या कर रहे हैं, वे इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए किसान अपने नजदीकी वन रेंज कार्यालय से संपर्क कर वृक्षारोपण की सूचना उपलब्ध कराएं, ताकि उनके द्वारा लगाए गए पौधों की संख्या और वृद्धि का सर्वेक्षण वन विभाग के कर्मचारी एवं टेरी की टीम द्वारा किया जा सके। इस योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करना है। किसानों की सुविधा हेतु संबंधित रेंज अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। रेंज अधिकारी देवरिया से संपर्क के लिए 7839434386, रुद्रपुर के लिए 7839434387, भटनी के लिए 7839434388, सलेमपुर के लिए 7839434385 तथा बरहज के लिए 7839434384 पर संपर्क किया जा सकता है।

# फाजिलनगर की 150 महिलाएं बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

विश्ववार्ता संवाददाता

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** फाजिलनगर में सोमवार को एक विशेष आयोजन ने महिलाओं के आत्मविश्वास में नई ऊर्जा भर दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तीस दिवसीय स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण पूरा करने वाली 150 महिलाओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर संचालन जैसे हुनर में दक्षता हासिल की, जिससे अब वे रोजगार की राह पर आत्मनिर्भरता के साथ बढ़ सकेंगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं सिर्फ घर नहीं संभाल रही हैं, बल्कि समाज की दिशा भी तय कर रही हैं। सरकार की मंशा है कि हर महिला

» सिलाई-कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर में पाई निपुणता

आत्मनिर्भर हो, और यह प्रशिक्षण उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। समारोह में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, समाजसेवी विनय तिवारी, डीडीयू नेता मनोज चौबे, तथा बलराम जायसवाल ने भी अपने विचार रखते हुए प्रशिक्षित महिलाओं की सराहना की।

प्रशिक्षिकाएं सुनोना शर्मा और सरोज गौतम ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान न सिर्फ सिलाई व कढ़ाई की आधुनिक तकनीक सिखाई गई, बल्कि ब्यूटी पार्लर संचालन, ग्राहक व्यवहार, स्वच्छता और व्यवसायिक रणनीतियों का भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ काम शुरू कर सकें।

# तैयारियां पूरी श्रावण शिवरात्रि अनुष्ठान आज से

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के गोपलापट्टी शिवमंदिर परिसर में श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति के अध्यक्ष राजू यादव ने बताया कि अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार सुबह आठ बजे हरिदास महाराज व नवलकिशोर व्यास के नेतृत्व में अखंड रामचरित मानस पाठ से होगी। रात्रि आठ बजे हनुमान चालीसा पाठ व आरती का आयोजन किया जाएगा। बुधवार प्रातज 6 बजे श्रद्धालु सत्यनारायण यादव, रवींद्र यादव, मुकेश यादव, सुनील पटेल व भोलू यादव के नेतृत्व में नारायणी व बांसी नदी के संगम से जल भरकर शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। दोपहर एक बजे मानस पाठ की पूर्णाहुति के बाद पं. दीपक मिश्र व उनकी टीम द्वारा रुद्राभिषेक और हवन-पूजन कराया जाएगा। सायं पांच बजे प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# इकरा हसन कर अमर्यादित टिप्पणी से खफा सपाइयों ने किया प्रदर्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के खिलाफ करणी सेना के एक पदाधिकारी द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी से खफा समाजवादी पार्टी के लोगों ने आज कलेक्ट्रेट पर पहुंच कर प्रदर्शन कर अपने आक्रोश का इजहार किया। साथ ही राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की।

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम अवध यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, इकबाल अंसारी, बजरंगी यादव, फैयाज खां, फिरोज अंसारी, आरिफ अली, सोनू बौना भाई, आस मोहम्मद, सरवर, जिकरूल्लाह अंसारी, डा० परशुराम पटेल, मुहम्मद जावेद, फातेह अहमद अंसारी, फखरूद्दीन अहमद, राज सिद्दीकी, आलमगीर खां आदि ने कहा कि



कैराना की लोकप्रिय सांसद इकरा हसन जो एक निहायत शरीफ, सज्जन व विद्वान महिला सांसद हैं, उनके खिलाफ करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राणा ने बहुत ही अशोभनीय और अभद्र टिप्पणी की है. जिससे समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्त्ता को गहरा ठेस पहुंचा है। एक लोकसभा सदस्य के विरुद्ध इस तरह की टिप्पणी असंवेधानिक, गैर कानूनी और महिला सशक्तिकरण के विरुद्ध है. इससे समाज के सभी वर्गों में क्षोभ और भारी आक्रोश है। ऐसे असामाजिक और अराजक और मानसिक दिवालियापन वाले व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसके विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेजना आवश्यक है जिससे की समाज ऐसे लोगों के गंदे सोच से महफूज रहे।

# सावन माह के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने किया भगवान भूतभावन का जलाभिषेक

» कुबेरस्थान के प्राचीन शिवमंदिर में सबेरे से दोपहर तक हज़ारों भक्तों ने की पूजा-अर्चना

» शिवमंदिरों पर मुश्तैदी के साथ ड्यूटी बजाते दिखे पुलिस वाले

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** पवित्र श्रावण ( सावन ) मास के दूसरे सोमवार को यानी आज जिले भर में जगह - जगह स्थित शिवालयों पर पहुंचे रहे हजारों श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव भगवान भूतभावन का जलाभिषेक किया। कुबेरस्थान स्थित प्राचीन शिव मंदिर के अलावा रामकोला इलाके में अमवा बाजार स्थित शिव मंदिर व खड्डा इलाके के पथलेश्वर नाथ मंदिर पर तो भोर से दोपहर तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिले के विभिन्न इलाकों में स्थित अन्य शिवमंदिरों में स्थापित शिवलिंगों पर भी श्रद्धालुओं ने जल



चढ़ाकर अपना भक्तिभाव की तुष्टि की। सर्वाधिक भीड़ कुबेरस्थान के प्राचीन शिव मंदिर पर उमड़ी रही।

कुबेरस्थान शिवमंदिर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए ब्रम्ह मुहूर्त से ही शिवभक्त एक - एक कर मंदिर पर पहुंचने लगे थे। भक्तिभाव से ओतप्रोत शिवभक्तों ने हर हर महादेव का जयघोष करते हुए पूजन सामग्री के साथ जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ बिल्ब पत्र, गंगा जल, गाय का दूध, दुर्वा, कनेर पुष्प, मदार पुष्प, गुड़, घी, अक्षत, शहद, रोली, गुलाल आदि पूजन सामग्री के साथ मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग पर जल चढ़ाया और अपने एवं अपने परिजनों के सुख समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक करने मंदिर पर पहुंचे हजारों शिवभक्त कांवड़ियों ने धैर्य के साथ पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए एक- एक कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और मन्नतें मांगी।

मंदिर के महंत राजकुमार गिरी व उनके सहयोगियों द्वारा जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ का आंकलन करते हुए भोर में महाआरती के बाद ही मंदिर के गर्भगृह का कपाट खोल दिया। जिसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ जो निरंतर पूरे दिन चलता रहा और श्रद्धालु कतारबद्ध जलाभिषेक करते रहे।

जलाभिषेक व मंदिर परिसर में लगे मेले के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने के लिए थानाध्यक्ष कुबेरस्थान के नेतृत्व में कई अन्य थाने के थानाध्यक्ष, एस आई, हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल, महिला कॉन्स्टेबल तथा पीएसी के जवान पूरी मुश्तैदी से ड्यूटी बजाते रहे।

# कब्र से किशोरी का शव हुआ गायब, जांच में जुटी पुलिस

विश्ववार्ता संवाददाता

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** पटहेरवा थाना क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पटहेरवा ग्राम पंचायत के टोला शहदौली पटहेरिया में दो दिन पहले दफनाई गई एक 10 वर्षीय किशोरी की शव कब्र से गायब हो गई है। सोमवार सुबह जब परिजन फातिहा पढ़ने कब्रिस्तान पहुंचे तो वहां की स्थिति देख उनके होश उड़ गए। कब्र की मिट्टी उखड़ी हुई थी और शव गायब था। जानकारी के अनुसार, मृतका गुल्फशा खातून पुत्री बिस्मिल्लाह अंसारी को तेज बुखार और चिकन पॉक्स की शिकायत थी, जिसका इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था लेकिन शनिवार सुबह लगभग 2 बजे उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने शव को उसी दिन दोपहर गांव के कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था।

सोमवार की सुबह मृतका के पिता जब फातिहा पढ़ने पहुंचे तो देखा कि कब्र के ऊपर से मिट्टी हटाई गई है और शव गायब है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पटहेरवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। जिस कब्रिस्तान से शव गायब हुआ है वह थाने से कुछ ही दूरी पर है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो कब्र पर पैर के निशान भी दिखे हैं। साथ मौके पर शव पर के कपड़ों को भी फोल्ड करके के बगल में रख दिया गया है। चर्चाओं की मानें तो लोग इसे जादू टोटका की नजर भी देख रहे हैं। थानाध्यक्ष पटहेरवा ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल टीम के साथ मौके पर पहुंचा कर हर एक पहलू की जांच की है। वही एसडीएम तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है, नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है।

**भोजपुरी सम्मेलन** भोजपुरी को उसकी गरिमा के अनुकूल प्रतिष्ठित करने के लिए हम सभी हैं संकल्पित : मनीष जायसवाल

# भोजपुरी को मजबूत और प्रतिष्ठित करने के लिये सभी को आगे आना होगा

» बहुत गहरी हैं भोजपुरिया लोक संस्कृति की जड़े : सिद्धार्थ मणि

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** पड़रौना में आयोजित भोजपुरी को उसकी प्रतिष्ठा के अनुकूल प्रतिष्ठित करने के लिए पिछले 40 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान रखने वाले संगठन विश्व भोजपुरी सम्मेलन की जिला इकाई के जनपदीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी ने इसके साथ ही भोजपुरी भाषा उत्थान संरक्षण संवर्धन के लिए सतत प्रयत्नशील रहने वाले साहित्यकार चंदेश्वर शर्मा परवाना, मधुसूदन पांडे, एवं गायक संगीतकार शंभू नाथ मिश्रा शिवरंग को सम्मान पत्र अंग वस्त्र के द्वारा सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना अंतरराष्ट्रीय लोकगीत गायक रामदास शर्मा ने प्रस्तुत किया। पारंपरिक लोकगीत कजरी अनामिका गुप्ता, श्वेता सिंह, अश्विनी द्विवेदी, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, दिनेश पाठक द्वारा प्रस्तुत किया गया। भोजपुरी के प्रतिष्ठित हास्य कवि अवध किशोर अवधू, रामपति रसिया, आकाश महेश पुरी, संतोष संगम, आदि कवियों ने अपनी रचनाएं भी प्रस्तुत की। विश्व भोजपुरी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन मके दौरान कहा कि भोजपुरी दुनिया भर में 22 करोड लोगों के द्वारा बोली जाने वाली समृद्ध भाषा है। इसकी जड़े बहुत ही गहरी हैं। विश्व भोजपुरी सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाषा के उत्थान लोकगीतों, लोक परंपरा, भोजपुरिया संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिए लगातार काम कर रही है। भोजपुरी को उसके प्रतिष्ठा के अनुकूल प्रतिष्ठित करने के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। हमारी सरकार से मांग है कि वह इसे आठवीं अनुसूची में शीघ्र शामिल करें। हमारे जनप्रतिनिधि हमारी इन मांगों को सदन में मजबूती से उठाएं तभी यह संभव हो सकेगा।

विधायक सदर पडरौना मनीष जायसवाल मंटू ने कहा कि उत्तर प्रदेश की लोकप्रिय सरकार ने भोजपुरी भाषा में सदन में अपनी बात रखने के लिए मंजूरी दी है,





यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। भोजपुरी को उसके प्रतिष्ठा का अनुकूल प्रतिष्ठित करने के लिए हम सतत प्रयत्नशील रहेंगे।

पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने भोजपुरी में अश्लीलता को लेकर अपनी सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को अश्लीलता का बहिष्कार तथा इस परोसने वालों के विरुद्ध आंदोलित होने की जरूरत है।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मुरली मनोहर मिश्र ने कहा कि भोजपुरी की लोक परंपरा एवं लोक साहित्य में गरिमामई में उपस्थित सातवीं एवं आठवीं शताब्दी से दिखाई देती है चाहे वह गोरखपुर की वाणी हो या कबीर की सखियां। यह लोक में रची बसी हैं इसे कानूनी तौर पर प्रतिष्ठित करने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष आर के भट्ट बावरा ने सभी आगंतुकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही आसरा किया कि भोजपुरी भाषा के प्रचार प्रसार उत्थान भोजपुरी लोकगीत संगीत एवं लोक परंपराओं के संरक्षण संवर्धन के लिए जिला एकाएक कुशीनगर पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेगी।

पड़रौना के यूएनपीजी कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉक्टर प्रेमचंद सिंह ने कहा की साहित्यकारों की यह जिम्मेदारी है कि वह भोजपुरी में अधिक से अधिक साहित्य रचे। साहित्य जितना ही समृद्ध होगा भाषा उतनी मजबूत होगी। जिला महामंत्री ज्ञानवर्धन गोविंद राव, मदन मोहन पांडे, पत्रकार एवं कवि डॉक्टर ओमप्रकाश द्विवेदी ओम,सार्जेंट अभिमन्यु पांडे, समन्वयक अमित कुमार पांडे, नें भी अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। संचालन अनूप मिश्रा ने किया। अंत में विश्व भोजपुरी सम्मेलन के वर्तमान संरक्षक, 2004 से 2014 तक अंतरराष्ट्रीय महासचिव रहे एवं बुद्धा पीजी कॉलेज कुशीनगर के प्राचार्य पद से सेवानिवृत्ति डॉक्टर अरुणेश नीरन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रख कर सभी ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने भोजपुरी एवं साहित्य जगत के लिए श्री नीरन के निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

इस अवसर पर कवि सार्जेंट अभिमन्यु पांडे, निराला शब्द सम्मान मंच के अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी ओम, संस्कार भारती के डॉक्टर अनिल सिन्हा पत्रकार डी के पांडे, हेमंत चौरसिया अशोक शुक्ला राकेश श्रीवास्तव, संजय चाणक्य ज्योतिभान मिश्रा, अजय तिवारी,आदित्य श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित, दीपक मिश्रा, विनय उपाध्याय, मोहम्मद नईम, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विद्यालय और कब्रिस्तान की भूमि विवाद में एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**बहराइच।** नानपारा के वैद्य भगवान दीन बालिका इंटर कॉलेज की नवनिर्मित बाउंड्रीवाल को लेकर भूमि विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार और शनिवार को कुछ अज्ञात लोगों ने बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। इस मामले में सोमवार को एसडीएम लालधर यादव ने मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार हर्षित पांडे, कोतवाल रामाज्ञा सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कर्बला कमेटी और कब्रिस्तान कमेटी के लोगों ने विद्यालय की बाउंड्री में कब्रिस्तान की भूमि होने का दावा किया। विद्यालय कमेटी के प्रबंधक हरि शंकर शर्मा और अन्य सदस्यों ने भूमि के प्रमाण पेश किए। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद प्रशासन ने 24 जनवरी 2025 को भूमि की नपाई करने का निर्णय लिया है। यह भी तय हुआ कि अगर नपाई में टूटी हुई बाउंड्रीवाल विद्यालय की भूमि पर पाई जाती है। तो मोहर्रम और कर्बला कमेटी उसका पुनर्निर्माण कराएगी। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। नपाई के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चा का माहौल है। विद्यालय प्रशासन ने अपना स्पष्ट रुख बनाए रखा है।

### 42वीं वाहिनी एसएसबी सीमा चौकी रूपईडीहा प्रभावित भूखण्ड के लिए 21 अगस्त को प्रस्तुत करें दावा

**बहराइच।** कलेक्टर भूमि अध्याप्ति ने बताया कि कामण्डेंट 42वीं वाहिनी एसएसबी के द्वारा तहसील नानपारा के परगना चर्दा ग्राम केवलपुर में सार्वजनिक प्रयोजन तथा सीमा चौकी रूपईडीहा के निर्माणार्थ परियोजना के लिए अधिनियम की धारा-19 के अन्तर्गत समुचित भूमि की उदघोषणा संख्या 3175 दिनांक 19 जून 2025 द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि योजना में प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अथवा किसी प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर के कार्यालय- विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी 21 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित होकर भूमि में अपने से सम्बन्धित हित की प्रकृति तथा ऐसे हितों के सम्बन्ध में दावे की धनराशि एवं ब्यौरा अधिनियम की धारा-20 के अन्तर्गत किए गए मापन यदि कोई हो तो पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में दावे को संलग्न करते हुए अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 59वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा नि: शुल्क मानव चिकित्सा शिविर एमसीए का आयोजन



**बहराइच।** 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा कार्यक्षेत्र में स्थित बलाईगाँव में एक विशेष नि:शुल्क मानव चिकित्सा शिविर मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में डॉ. सुरेश कुमार सिंह, चिकित्सा अधिकारी आयुष्मान, सीएचसी मोतीपुर, मिहिपुरवा डॉ. सुचिता वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ अधिकारी, बलाईगाँव के सहयोग से चिकित्सा टीम के द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सेवाएँ प्रदान की गई। इस शिविर के दौरान कुल 206 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें 27 बच्चे, 52 महिलाएं और 127 पुरुष शामिल रहे। सभी उपस्थित लोगों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं। साथ ही विभिन्न बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। 59वीं वाहिनी एसएसबी का यह प्रयास न केवल ग्रामीणों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने का है। बल्कि यह सुरक्षा बल की उनके भलाई के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस आयोजन में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। तथा चिकित्सा सेवाओं के महत्ता को उजागर किया गया। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा अपने समर्पण और जिम्मेदारी का पालन करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

### 4.58 करोड़ की लागत से नरवा नाले पर बना नया पुल और संपर्क मार्ग



**बहराइच।** पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कड़ी में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने रविवार को विकासखंड हुजूरपुर की ग्राम पंचायत भगहा और पूरे प्रहलाद के बीच नरवा नाले पर बने पुल और संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया। इस परियोजना पर 4 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत आई है। इस पुल के बनने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि पयागपुर विधानसभा में विकास कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लगातार जनता को मिल रहा है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। युवा भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

### एसएसबी ने सीमा पर चार लोगों को यूरिया कोल्डड्रिंक व साइकिल के साथ किया गिरफ्तार



**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नेपाली तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसबी को खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ लोग भारत से नेपाल की तरफ युरिया खाद की तस्करी करने वाले हैं। एसएसबी ने संतलिया बीओपी के सहायक सेनानायक प्रशांत भारद्वाज के निर्देश पर एएसआई सुंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने सीमा स्तंभ 640/2 के पास घेराबंदी की। रात के समय कुछ लोग साइकिलों पर सामान लादकर नेपाल की तरफ जा रहे थे। टीम ने उन्हें घेर लिया। कुछ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पकड़े गए तस्करों में नेपाल के डुडवा गांव पालिका के राजित राम, विनोद कुमार, राकेश राम और विपिन कुमार बनिया शामिल हैं। इनके पास से 14 बोरी युरिया खाद, 54 बोतल दो लीटर की कोल्डड्रिंक, 240 बोतल 750 एमएल की कोल्डड्रिंक, दो पेटी डालडा और 28 साइकिलें बरामद हुई हैं। सभी सामान को कस्टम विभाग नानपारा को सौंप दिया गया है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के दौरान एएसआई सुंदर सिंह, सिपाही विरेंद्र शर्मा और मंजीत कुमार की टीम शामिल रहे।

### अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**बहराइच।** देहात कोतवाली क्षेत्र के यादवपुर में सोमवार सुबह यादवपुर के पास एक विक्षिप्त व्यक्ति सड़क पर घूम रहा था। अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसके बाद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मौके पर ही व्यक्ति की मृत्यु हो गई। टिकोरा मोड़ चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शव को मोर्चरी में रखकर शिनाख्त का प्रयास कर रही है। साथ ही वाहन और चालक की तलाश में जुटी है।

# मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास के क्रम में जिले के कई धार्मिक स्थलों को मिली सौगात

» शासन ने जारी की वित्तीय धनराशि

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इस क्रम में जिले के जन प्रतिनिधियों की ओर से दिए गए मांग पत्र पर शासन ने कई धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बजट जारी किया है जिसमें हुजूरपुर क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर भी शामिल है। वही फखरपुर विकासखंड के हरदौली स्थित समय माता मंदिर रमटेड़िया के पुनरुद्धार के लिए भी शासन ने बजट का आवंटन किया है।




पयागपुर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड हुजूरपुर स्थित हनुमान मंदिर के उच्चीकरण और जीर्णोद्धार के लिए क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने शासन को पत्राचार करते हुए धन का आवंटन किए जाने की मांग की थी। विधायक श्री त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जसवीर सिंह समेत पर्यटन विभाग और सचिव को भी पत्राचार किया था। पत्र को संज्ञान में देते हुए वित्तीय वर्ष 2025 26 पर्यटन विकास के अनुदान संख्या 44 के मद संख्या 8 के अंतर्गत शासन 75 लाख रुपए आवंटित किए हैं।

मंदिर के विकास के लिए धन आवंटन की जानकारी जब क्षेत्र के लोगों को हुईं तो वह खुशी से झूम उठे। विधायक श्री त्रिपाठी शुक्रवार की शाम जब हुजूरपुर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे तो वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा हुजूरपुर दुर्गेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, प्रधान हुजूरपुर मनोज सिंह, बसंतपुर ललित सिंहपुर, अभिषेक सिंह अंशु, पीवी सिंह इंटर कॉलेज के प्राचार्य पवन कुमार सिंह, महेंद्र पाठक, देवेश सिंह, संजय गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, अमरनाथ सिंह आदि मौजूद रहे। उधर फखरपुर विकासखंड के हरदौली स्थित समय माता मंदिर रमटेड़िया के विकास पुनरुद्धार, बाउंड्री निर्माण, धर्मशाला निर्माण के लिए महारानी पद्मावती यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवानी ठाकुर ने 15 जनवरी को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से धन आवंटन की मांग की थी। जिस पर पर्यटन विभाग ने निर्माण कार्य के लिए 75 लाख रुपए का धन आवंटित किया है।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए केन्द्रों पर नामित किये गये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

» 23 परीक्षा केन्द्रों पर शामिल होंगे 9216 परीक्षार्थी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी आदि प्रशा. परीक्षा-2023 के लिए 27 जुलाई को एक पाली में पूर्वान्ह 9:30 से अपरान्ह 12:30 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी 23 परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा में 9216 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज के लिए एबीएसए रिसिया व अति.मजि. प्रथम महाराज सिंह इण्टर कालेज नायब तहसीलदार सदर व बीडीओ महसी, आज़ाद इण्टर कालेज एबीएसए शिवपुर व सहायक श्रमायुक्त, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज एबीएसए बलहा व बीडीओ नवाबगंज, श्री शंकर इण्टर कालेज नानपारा में नायब तहसीलदार नानपारा व डीसीओ, केबी इण्टर कालेज पयागपुर नायब तहसीलदार पयागपुर व एसडीएम पयागपुर, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर नायब तहसीलदार तजवापुर व बीडीओ फखरपुर को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

परीक्षा केन्द्र हुकुम सिंह इण्टर कालेज कैसरगंज के लिए नायब तहसीलदार कैसरगंज व एसडीएम कैसरगंज, एम्स इण्टरनेशनल स्कूल हुज़ूरपुर के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा व बीडीओ मिहींपुरवा, केडीसी ब्लाक-ए के लिए एबीएसए विशेश्वरगंज व तहसीलदार पयागपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए एबीएसए मुख्यालय व उपायुक्त उद्योग, राजकीय पॉलीटेक्निक कल्पीपारा के लिए नायब तहसीलदार पयागपुर व बीडीओ पयागपुर को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

परीक्षा केन्द पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के लिए प्रभारी तहसीलदार कैसरगंज व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक रिसिया के लिए नायब तहसीलदार नानपारा व बीडीओ रिसिया, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदपुर नानपारा के लिए एबीएसए जरवल व एसडीएम नानपारा, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कालेज के लिए एबीएसए मिहींपुरवा व तहसीलदार महसी, रामकुमार भानीरामका इण्टर कालेज चिलवरिया के एबीएसए चित्तौरा व बीडीओ तजवापुर, बैरोज ब्लू बेल्स स्कूल सिविल लाइन के लिए एबीएसए महसी व तहसीलदार सदर तथा सेवेन्थ डे एडवेन्टिस्ट इण्टर कालेज पुलिस लाइन के लिए एबीएसए नवाबगंज व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उपरोक्त 19 परीक्षा केन्द्रों पर 384-384 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

इसके अलावा परीक्षा केन्द्र सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल रहवा चौराहा के लिए नायब तहसीलदार सदर व बीडीओ चित्तौरा, गुरू कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल रंजीतपुर के लिए नायब तहसीलदार मुख्यालय व बीडीओ विशेश्वरगंज, केडीसी ब्लाक-बी के लिए नायब तहसीलदार जैतापुर व बीडीओ कैसरगंज, महिला पीजी कालेज के लिए एबीएसए तजवापुर व एसडीएम सदर को क्रमशः स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उपरोक्त 04 परीक्षा केन्द्रों पर 480-480 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

## कर्नलगंज-बैरमपुर-बरबटपुर सड़क की बदहाली से ग्रामीण परेशान, मरम्मत की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कर्नलगंज, गोण्डा।** कर्नलगंज से बैरमपुर होते हुए बरबटपुर को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस सड़क की बदहाली ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। लंबे समय से उपेक्षित इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो बरसात के मौसम में पानी भरने से कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं। इस कारण ग्रामीणों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क पर कई लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। यह सड़क क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है, जिसका उपयोग रोजाना स्कूल, बाजार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए होता है। कीचड़ और गड्ढों के कारण वाहनों का संचालन भी जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बरसात में स्थिति और बदतर हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में भरा पानी सड़क को दलदल में बदल देता है।

इससे न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस शिकायत के बाद अब लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करेगा और सड़क को दुरुस्त करवाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत से न केवल उनकी परेशानियां कम होंगी, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## शिवमय हुआ उतरौला, शिव मंदिरों में लगी भक्तों की कतारें

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** सावन माह के दूसरे सोमवार को उतरौला नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिवभक्ति का विशेष उत्साह देखने को मिला। भोर से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। "हर-हर महादेव", "बोल बम" और "बम-बम भोले" के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।



भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, भांग और धतूरा आदि से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिवलिंग पर पूजन कर श्रद्धालु परिवार की सुख-शांति और कल्याण की कामनाएं करते दिखे। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चार और शिव स्तुति गूंजती रही। इस अवसर पर उतरौला नगर के प्रमुख शिवालयों श्री दुःख हरण नाथ मंदिर उतरौला, श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर, श्री शिव मंदिर गोंडा मोड़, उतरौला, श्री फक्कड़ दास बाबा मंदिर, श्री शनिदेव मंदिर डाक बंगला (शिव मंदिर) श्री ब्रह्म बाबा मंदिर गांधी नगर पुलिस चौकी के साथ-साथ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। श्रावण सोमवार को देखते हुए नगर पालिका द्वारा मंदिर परिसरों की साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था कराई गई थी।

## प्रोफेसर पर हमले के विरोध में अभाविप ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोण्डा (अवध प्रांत) द्वारा शनिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोंडा के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार वर्मा पर हुए हमले की कड़ी निंदा की गई और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई। परिषद के जिला संयोजक मनीष सिंह कन्नौजिया ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो अपने स्थापना काल से ही न केवल शैक्षिक समस्याओं के समाधान के लिए कार्यरत है, बल्कि सामाजिक विषयों पर भी निरंतर सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है।



» गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

19 जुलाई 2025, शनिवार को डॉ. अरुण कुमार वर्मा महाविद्यालय में अपने शिक्षकीय कार्य पूर्ण कर रोडवेज बस द्वारा बहराइच स्थित अपने घर लौट रहे थे, तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने उन्हें बस से उतारकर न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया बल्कि बेल्ट और लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई की, उन्हें जमीन पर गिराकर मारना शुरू कर दिया। यह कृत्य न केवल एक शिक्षित समाज की गरिमा पर आघात है, बल्कि शिक्षा जगत और शिक्षकों की प्रतिष्ठा पर भी गंभीर कुठाराघात है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस घटना को लोकतंत्र और शिक्षा व्यवस्था पर धब्बा बताते हुए कहा कि यदि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ समयबद्ध और कठोर विधिक कार्यवाही नहीं की गई, तो इससे समाज में शिक्षकों के सम्मान और सुरक्षा की भावना को ठेस पहुंचेगी।

परिषद ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री हरिओम शर्मा, नगर विस्तारक अभिषेक, नगर सह मंत्री राम गोविंद, नगर सह मंत्री राजीव, आर्यनगर के नगर मंत्री सहदेव समेत परिषद के कई सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिषद का यह विरोध प्रदर्शन शिक्षकों की गरिमा, समाज की नैतिकता और छात्र शक्ति की संगठित चेतना का प्रतिरूप बनकर सामने आया।

## श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति, सादुल्ला नगर की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति, सादुल्ला नगर की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर पैदल अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।



कांवड़ियों के जत्थे को थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया।इस दौरान क्षेत्र के अनेक सम्मानित गणमान्य जन और श्रद्धालु मौजूद रहे।

कांवड़िया संघ के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा वर्षों से परंपरागत रूप से आयोजित की जा रही है। इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग में कांवड़ियों के लिए पेयजल, भोजन और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है।

कांवड़िए रास्ते में सोमवार को सरयू जी का जल लेकर रात्रि कोल्हमपुर माता जी मंदिर पर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण का रात्रि विश्राम सम्मय माई स्थान टिकरी जंगल पर रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन मंगलवार को करोहा नाथ मंदिर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रात्रि विश्राम करेंगे, जहां से अगली सुबह प्रस्थान कर श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे।

भक्तों के जयघोष "हर हर महादेव" और "बोल बम" से वातावरण गूंज उठा। भगवा वस्त्रों में सजे भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। समिति और संघ के कार्यकर्ताओं ने यात्रा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है।।इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग व पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

## मानसून की बेरुखी से किसान परेशान, धान की रोपाई पर संकट के बादल

**उतरौला (बलरामपुर)।** क्षेत्र में समय से बारिश न होने के कारण किसानों की मुश्किलें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। जुलाई का मध्य आ चुका है, परंतु अभी तक पर्याप्त वर्षा न होने से खेतों की सिंचाई और धान की रोपाई कार्य प्रभावित हो रहा है। आसमान में बादल तो छाते हैं, किंतु हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो जाता है, जिससे किसान मायूस होकर लौट जाते हैं।

स्थानीय किसानों का कहना है कि धान की रोपाई का यही उपयुक्त समय है। जुलाई माह में यदि धान की रोपाई हो जाती है तो नवम्बर तक फसल तैयार हो जाती है और अक्तूबर में उसकी कटाई संभव हो पाती है। लेकिन इस वर्ष अब तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण खेतों में नमी नहीं है, जिससे रोपाई नहीं हो पा रही है। कई किसान डीज़ल खरीदकर ट्यूबवेल या पंपसेट के सहारे खेतों में सिंचाई कर रहे हैं।

## किसान यूनियन का प्रदर्शन खाद-बीज की कालाबाजारी व स्कूल फीस के खिलाफ धरना



**बहराइच।** भारतीय किसान यूनियन ने नगर के धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं।

राम कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद में दुकानदार खाद-बीज को जमा कर कालाबाजारी कर रहे हैं। किसानों को मजबूरी में अधिक कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है।

उन्होंने निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली और कॉपी-किताबों के नाम पर अभिभावकों के शोषण का मुद्दा भी उठाया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। कार्यक्रम में यूनियन के कई कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

**गड़बड़ झाला** | मॉडर्न वेंडिंग जोन आवंटन प्रतिक्रिया मे बड़ा गड़बड़झाला पालिका अध्यक्ष के करीबी रिश्तेदार बना ठेले वाला

# ठेले वालों के साथ पालिका ने कर दिया बड़ा खेला

» जिला अधिकारी की निर्देशों को पालिका के कर्मचारियों ने दिखाया ठेंगा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थापित तीन मॉडल वेंडिंग जोन में दुकानों के आवंटन प्रतिक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ झाला किया गया है पालिका कर्मचारीयों ने जिला अधिकारी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए पात्र लोगों की तैयार की गई सूची में पालिका अध्यक्ष के करीबी और रिश्तेदारों को ठेले पर फल बेचने वाला बता कर आवंटन सूची में उनका नाम शामिल कर इस योजना के असली लाभ पाने वालों को वंचित कर दिया है।

मॉडल वेंडिंग जोन दुकान आवंटन प्रतिक्रिया को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कराने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कड़े निर्देश जारी किए थे उन्होंने बताया था कि पात्र लाभार्थियों का चयन

ओपन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य दुकान आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और केवल पात्र आवेदकों तक ही दुकानें पहुंचाना था।

**गुमराह करने का पालिका कर्मचारियों का मास्टर प्लान :** मॉडल वेंडिंग जोन दुकान आवंटन के लिए मात्र 105 दुकानों सापेक्ष में 1600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 1000 से अधिक आवेदन निरस्त कर दिए गए नगर पालिका परिषद के राजस्व विभाग के कर्मचारी राधा किशन ने बताया कि साढे 500 से अधिक आवेदन पात्रता की सूची में शामिल किए गए हैं इसके अलावा इस सूची में नाम के आगे ठेला लगाते हुए पाए गए और ठेला लगाते हुए नहीं मिले इसका भी जिक्र किया गया है जबकि जो लोग ठेला लगाते हुए पाए गए हैं उनकी बाकायदा फोटो भी खींची गई है। राजस्व कर्मचारी राधा किशन का कहना है।हम लोग अभी जो लोग ठेला लगाते हुए नहीं मिले हैं उनसे संपर्क करके फाइनल सूची तैयार करेंगे जबकि ठेला लगाते हुए पाए गए लोगों में पालिका अध्यक्ष के करीबी और रिश्तेदार शामिल है जो कभी भी फल का कारोबार नहीं करते थे इसके अलावा अन्य नाम जो सूची मे शामिल है वह भी काफी चौंकाने वाले हैं फिलहाल सूची पर अंकित नंबरों और नाम की गहनता से जांच होने पर सच्चाई सामने आएगी।




**पालिका आउटसोर्सिंग कर्मचारी की पत्नी भाई भी सूची में शामिल :** मॉडल वेंडिंग जोन दुकान आवंटन प्रतिक्रिया में सभी नियम कानून को धता बताते हुए पालिका के जिम्मेदारों ने रेहणी ठेले के नाम पर अपनों में जमकर रेवड़ी बांट दी कमरे में बैठकर तैयार की गई सूची में नगर पालिका परिषद में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारी के सगे भाई व पत्नी को भी शामिल किया गया जानकारों की माने तो तैयार की गई सूची में एक तिहाई से अधिक नाम फर्जी तरीके से शामिल किए गए हैं। जबकि असली लाभार्थियों को दर किनार कर दिया गया है।

## एक नजर

### शराब की दुकान से नकदी और बोतलें उड़ाईं

**हरदोई।** रूपापुर स्थित दो शराब की दुकानों में सटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी और शराब चोरी कर ली, सोमवार की सुबह जब चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। चोरों ने चौकीदार को गन प्वाइंट पर लेकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के रूपापुर में पुलिस चौकी के निकट स्थित देसी शराब एवं अंग्रेजी शराब व बीयर की कंपोजिट दुकान में रविवार की रात्रि लगभग 2 बजे अज्ञात चोरों ने चौकीदार को गन प्वाइंट लिया और दोनों दुकानों के शटर तोड़कर नगदी और शराब चोरी कर ली .कंपोजिट दुकान में अंग्रेजी शराब के सेल्समैन ने बताया कि चोर दुकान का शटर तोड़कर 90 हजार रुपए की नकदी व एक पेटी शराब चोरी कर ले गए, देसी शराब के सेल्समैन के मुताबिक चोरों ने आगे से शटर तोड़ा और चार से 5 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गए तथा दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर करीब 15 क्वार्टर देसी शराब भी चोरी कर ली ।चोर दोनों दुकानों में लगे सीसीटीवी के डीवीआर भी साथ ले गए। चोरी की जानकारी होने पर आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। फिलहाल पुलिस के मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय योजनाओं में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। सूचनाओं का विभागीय पोर्टल पर ससमय प्रेषण सुनिश्चित किया जाये। गत रैंकिंग में बिजली विभाग की ख़राब स्थिति होने पर कड़ी नाराजगी जतायी तथा सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति बढ़ाई जाये। लक्ष्य के अनुरूप दुग्ध समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाये। फेमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। निर्माण कार्यों में वित्तीय प्रगति व भौतिक प्रगति के मध्य संतुलन रखा जाये। श्रम विभाग द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना का कोई आवेदन लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जन सुनवाई में प्राप्त हुईं 133 शिकायतें



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों को शिकायतों को सुना। जन सुनवाई में कुल 133 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 06 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई में कुल 206 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। चकरोड पर कब्जे के मामले में शिकायत होने पर त्वरित कार्रवाई की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों में विलम्ब न किया जाये। जन सुनवाई के दौरान राजकुमार नाम के एक व्यक्ति की रुकी हुई पेंशन चालू करायी गयी। उनके बेटे को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दिलाने के लिए जिलाधिकारी ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संजू देवी नाम की महिला को निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित कराया गया तथा उनके दो बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ दिलाया गया। राकेश नाम के आँखों से दिव्यांग व्यक्ति को जिलाधिकारी ने छड़ी दिलाने व उनके दो बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी एवं अन्य सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बेटी ही निकली मां की कातिल, प्रेमी संग मिल उतारा मौत के घाट

**संडीला हरदोई।** लगभग 4 माह पूर्व संडीला क्षेत्र में हुई हत्या में पुत्री ने ही अपने आशिक के साथ अपने पिता को मार डाला। पुलिस ने 4 माह बाद कातिल पुत्री और उसके प्रेमी को घटना में प्रयुक्त लाठी को बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया है। गुड्डी पत्नी साहेबलाल निवासी ग्राम मीतो थाना संडीला द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार उसकी बहन नीरज पुत्री गेन्देलाल निवासी ग्राम मीतो व शराफत पुत्र सहमत अली निवासी ग्राम सोम थाना संडीला द्वारा उस की माता फूलमती के साथ मारपीट की गई थी। जिससे उसकी माता की मृत्यु हो गई। पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस व 3 (2) (v) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। थाना पुलिस द्वारा नामजद आरोपी शराफत पुत्र सहमत अली व नीरज पुत्री गेन्देलाल को गिरफ्तार किया गया। एवं शराफत की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी बरामद करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शराफत व नीरज एक दूसरे से परिचित थे ।दोनों के मध्य फोन पर बातचीत भी होती थी। शराफत का नीरज के घर पर आना-जाना था। जिसका मृतका फूलमती विरोध करती थी। इसी बात को लेकर आरोपी शराफत व नीरज द्वारा मृतका फूलमती के सिर पर लाठी से प्रहार कर हत्या कर दी गई।

### विद्युत मेगा कैंप में शिकायतों के निस्तारण के साथ डेढ़ लाख का विद्युत बिल जमा कराया गया

**हरदोई।** सोमवार को विद्युत उप केंद्र इटौली पर विशाल विद्युत बिल मेगा कैंप लगाया गया। जिसमें कुल 151 उपभोक्ताओं के शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। मेगा कैंप में उपभोक्ताओं द्वारा मीटर संबंधी शिकायतें बिल त्रुटि संबंधित शिकायत स्थाई विद्युत विच्छेदन संबंधी,नाम परिवर्तन,लोड सम्बन्धी शिकायतें एवं क्षमता वृद्धि आदि की शिकायतें प्राप्त हुईं ।विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा की गई शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया ।अधिशाषी अभियन्ता सूर्यकुमार ने बताया कि त्रुटि पूर्ण बिलों को समाधान करके उपभोक्ताओं से 150000 रुपए राजस्व जमा कराया गया ।कैंप में अधिशासी अभियंता सूर्यकुमार उपखंड अधिकारी एसएन प्रसाद अवर अभियंता पवन कुमार वर्मा,विनय त्रिपाठी पंकज कुमार योगराज कार्यकारी सहायक अनूप कुमार,राजकुमार,एवं समस्त लाइनमैन व मीटर रीडर उपस्थित रहे।

### श्रम विभाग द्वारा कन्या विवाह योजना का कोई भी आवेदन लंबित न रखा जाए : जिलाधिकारी

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय योजनाओं में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। सूचनाओं का विभागीय पोर्टल पर ससमय प्रेषण सुनिश्चित किया जाये। गत रैंकिंग में बिजली विभाग की ख़राब स्थिति होने पर कड़ी नाराजगी जतायी तथा सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति बढ़ाई जाये। लक्ष्य के अनुरूप दुग्ध समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाये। फेमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। निर्माण कार्यों में वित्तीय प्रगति व भौतिक प्रगति के मध्य संतुलन रखा जाये। श्रम विभाग द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना का कोई आवेदन लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला सैनिक बंधु की बैठक 29 को

**फतेहपुर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि 29 जुलाई को अपरान्ह बारह बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होना निर्धारित है। सभी नामित सदस्यों से आहवान किया कि अपने-अपने ब्लाकों के पूर्व सैनिकों एवं उनकी दिवंगत सैनिक की पत्नियों की जो समस्याएं हैं उसका प्रार्थना पत्र चार प्रतियों में तैयार कर 28 जुलाई तक कार्यालय में जमा कर दें। 29 जुलाई को जिलाधिकारी के समक्ष कार्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र के साथ स्वयं उपस्थित होकर निस्तारण कराये जाने हेतु प्रस्तुत करें।

## महिला व्यापार मंडल की सरिता बनीं जिलाध्यक्ष

**फतेहपुर।** उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश संबद्ध भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला प्रभारी चन्द्र प्रकाश बब्लू गुप्ता की संस्तुति पर महिला व्यापार मण्डल का गठन किया गया। महिला इकाई में संरक्षक सुनीता गुप्ता, जिलाध्यक्ष सरिता सोनकर, जिला महामंत्री संगीता त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अर्चना ओमर, उपाध्यक्ष गरिमा पाण्डेय, मंत्री सूरज कली, संगठन मंत्री सोनल गुप्ता, मीडिया प्रभारी गुड़यि को पुष्पहार पहनाकर मनोनीत किया। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने समस्त नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण में संगठन का योगदान महत्वपूर्ण होगा।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया बाबा सुनासीर नाथ मंदिर का भ्रमण





**मल्लावां हरदोई।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को आज जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के साथ मल्लावां स्थित बाबा सुनासीर नाथ मंदिर का भ्रमण किया।

उन्होंने मेले व कावड़ यात्रा की समस्त व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं से व्यवस्थाओं को लेकर संवाद किया।

श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्टि जताई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की मंदिर में व्यवस्था को सुचारु रखा जाए। साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। मंदिर में जलाभिषेक हुआ प्रसाद चढ़ाने के लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। मेडिकल टीम मेला स्थल पर लगातार तैनात रखा जाये। मेले में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की सुचारु व्यवस्था बनाई जाए। वाहनों को बेतरतीब ढंग से न खड़े होने दिया जाए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस टीम लगातार सक्रिय रहे। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिलग्राम पूनम भास्कर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शुभम सिंह बने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के ब्लाक अध्यक्ष

**चुनार (मिर्जापुर)।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार द्वारा शुभम सिंह को सीखड़ ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सीखड़ ब्लाक के मवैया गांव स्थित मां विंध्यवासिनी स्वरूपा देवी धाम में चुनार नगर अध्यक्ष बृजेश विक्रम सिंह कि अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए हुए जिलाध्यक्षदिलीप सिंह गहरवार ने शुभम सिंह पुत्र रविंद्र बहादुर सिंह को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया और चुनार मंडल अध्यक्षबृजेश विक्रम सिंह द्वारा उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान मुकेश सिंह, रमेश सिंह, अजय सिंह, अभय सिंह, प्रिंस सिंह, प्रवीण सिंह, विक्रम सिंह, अमरेंद्रसिंह, जय प्रकाश सिंह सहित संगठन के अन्य सदस्य रहें।

# नकलविहीन, निष्पक्ष व सुचितापूर्ण सम्पन्न कराएं परीक्षा : डीएम

## नकलविहीन, निष्पक्ष व सुचितापूर्ण सम्पन्न कराएं परीक्षा : डीएम

- 27 को जिले के 22 परीक्षा केंद्रो में होगी समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा
- परीक्षा से एक दिन पूर्व केदंरों का निरीक्षण करें सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट



विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज के समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा-2023 को शुचिता एवं गुणवत्तापूर्वक सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 27 जुलाई को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा-2023 को नकलविहीन, निष्पक्ष, पारदर्शिता, गुणधर्मिता एवं सूचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों (केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि की ड्यूटी लगाई गई है। वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वाहन आयोग के दिशा निर्देशानुसार करते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराएं।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आयोग के दिशा निर्देशों को भलीभांति अध्ययन करते हुए अपने दायित्वों को समझ लें ताकि परीक्षा सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि अपने-अपने केन्द्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं साफ सफाई, विद्युत, फर्नीचर, पेय जल, शौचालय आदि को दुरुस्त रखें। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशीलता पहले से जांच कर लें और जिन कार्मिकों की अपने स्तर से ड्यूटी लगाई जानी है उनकी आईडी, परिचय पत्र की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध करा दें। नामित कार्यदाई संस्था अपने सभी उपकरणों को समय से पूर्व जांच कर लें।

साथ ही जिन कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाए उसकी सूची आईडी सहित उपलब्ध कराने निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए। सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का रूट देख लें। साथ ही परीक्षा केन्द्रों में की गई तैयारियों का भी जायजा लें। परीक्षा के दिन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्धारित समय पर प्रश्न पत्रों का उठान व जमा भी कराएं।

उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि आयोग के दिशा निर्देशानुसार परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगा दें। साथ ही निगरानी बनाए रखे। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों से संबंधित दिशा निर्देशों का मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार भी कराए और सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। परीक्षा को सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार के शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में 27 जुलाई को पूर्वाहन 09.30 बजे 12.30 बजे तक समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा-2023 होगी। अभ्यर्थियों की परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग समय प्रातः 08 बजे, गेट बन्द 08.45 पर होगा। परीक्षा 22 केन्द्रों में आयोजित होगी, जिसमें कुल 9216 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

साथ ही आयोग के दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। जिला विद्यालय निरीक्षक व आयोग द्वारा तैनात समन्वयक पर्यवेक्षक ने आयोग के दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, पीड़ी डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा सहित केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सह केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दें संचारी रोगों से बचाव की जानकारी



- मुख्य विकास अधिकारी ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा

**हरदोई।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक सोमवार को स्वर्ण जयंती सभागार, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुयी। जिसमें सीडीओ सान्या छाबड़ा ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक से पूर्व उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल वेक्टर वार्न रोग डा सुरेन्द्र ने मुख्य विकास अधिकारी को अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी इंडीकेटर्स पर जनपद का औसत शासन की ओर से जारी दस्तक-एसआरएनए मॉनिटरिंग इंडीकेटर्स डिस्ट्रिक्ट स्कोरिंग शीट में राज्य से बेहतर है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बुखार के लक्षणों, इनसे बचाव और बुखार होने पर क्या करें इसके बारे में जानकारी दे रही हैं। इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस,टीबी, कुष्ठ और फाइलेरिया के लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर सूची बना रही हैं और सीएचसी पर उपलब्ध करा रही हैं। इसे साथ ही नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में फ़ॉगिंग और ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अन्य विभागों द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन की रैंकिंग राज्य स्तर से कम है डीपीआरओ एवं ईओ अभियान में अपने स्तर से समीक्षा कर कमियों को दूर करें। इसके साथ ब्लाक स्तर पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस की मानिटिरिंग हेतु ब्लाक स्तरीय टीम प्रभारी चिकित्साधिकारी, सीडीपीओ की बनाई जाये जो फोटो सहित रिपोर्ट दें। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी जीतेन्द्र कुमार, अभियान में कार्य कर रहे विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, सभी सीएचसी के अधीक्षक तथा यूनिसेफ, पाथ, फेमिली हेल्थ इंडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शादी होने में दहेज की मांग बनी बाधा

### लड़की के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट, लेखपाल गिरफ्तार

**हरदोई।** सवायजपुर तहसील क्षेत्र में कार्यरत एक राजस्व लेखपाल की शादी क्षेत्र के गांव में तय हुई थी। शादी तय होने के बाद आरोपी लेखपाल ने शादी करने से मना कर रही और अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा। शादी से इन्कार करने पर युवती के पिता ने आरोपी लेखपाल पर दहेज प्रथा अधिनियम के तहत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जब विवेचना शुरू की तो बात कुछ और ही निकली। विवेचनात्मक कार्यवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी लेखपाल पर दुष्कर्म की धारा बढाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया गया है कि सवायजपुर तहसील में कार्यरत राजस्व लेखपाल राहुल शुक्ला हरपालपुर थाना क्षेत्र में तैनात थे। आरोप है कि तैनाती के दौरान राहुल शुक्ला की शादी हरपालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तय हो गयी। बाद में उन्होंने लडकी पक्ष से अतिरिक्त दहेज की मांग की। दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न कर पाने पर लेखपाल ने शादी करने से इंकार कर दिया। युवती के पिता ने लेखपाल राहुल शुक्ला पुत्र कृष्ण कुमार निवासी आजाद नगर कोतवाली शहर हरदोई के खिलाफ 28 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी लेखपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दूसरे सोमवार को कोटार नाथ शिवधाम में भक्तों ने दर्शन पूजन कर मांगी मन्नतें



**हलिया (मिर्जापुर)।** सावन माह के दूसरे सोमवार को प्रसिद्ध कोटारनाथ शिव धाम मंदिर में शिव पार्वती के दर्शन पूजन कर भक्तों ने मन्नतें मांगी। हर-हर बम बम से शिव धाम गूंजता रहा। अदवा नदी के मध्य में स्थित भगवान शंकर तथा माता पार्वती के दर्शन पूजन के लिए गंगाजल, दूध, बेलपत्र, नारियल, माला फूल, के साथ राखी भेंट कर परिक्रमा कर भक्तों ने वांछित मन्नतें मांगी। यहां मान्यता है कि सच्चे भाव से जो भगवान शिव का पूजन अर्चन कर रूद्राभिषेक व माता पार्वती का गठबंधन करता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। मौसम सुहावना होने से भक्तों का सुबह से ही रेला उमड़ा रहा। दिनभर दर्शन व पूजन का सिलसिला चलता रहा। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह उपनिरीक्षक शिव जी यादव, चरण सिंह हेड कांस्टबल आदि रहें।

## महिला ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दिघिया गांव निवासी शांति पत्नी स्व0 राम गरीब ने रविवार कि देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी चार लोगो के विरुद्ध गाली गलौज व जान से मारने कि धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया कि अपने खेत कि जोताई करते समय विपक्षी लक्षनधारी, बुधसेन, बनारसी, सोनू द्वारा खेत जोतने से मना करते हुए गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे। मना करने पर जान से मारने कि धमकी दिए है व तार व बांस बल्ली भी तोड़ दिए है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई।

सावन के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में जुटी भक्तों की आस्था, शिव मंदिरों में पूजन-अर्चन के साथ कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** सावन के दूसरे सोमवार पर मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए उपवास रख सुख समृद्धि की कामना की। जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों की भोर पहर से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। वहीं श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी भी लगाई।

सावन के दूसरे सोमवार पर भी शिवालयों में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करने के बाद पूजन अर्चन भी किया। जिले भर में शिव मंदिरों पर पूजन अर्चन के लिए सुबह से रात तक श्रद्धालु जुटे रहे। शहर के कई शिव मंदिरों में भगवान महादेव का आकर्षक श्रंगार भी किया गया, रुद्राभिषेक का आयोजन हुए। शहर के कोने-कोने में बम-बम भोले के जयघोष से गुंजायमान रहे।

शहर के तांबेश्वर मंदिर पर भोर की बेला से ही भक्तों का पहुंचना शुरु हो गया था। भक्तों ने भगवान महादेव का जलाभिषेक करने के साथ पूजन अर्चन भी किया। इसके अलावा फल, फूल, बेलपत्र, बेलफल, धतूरा, आकपुष्प, भांग के साथ धूप भी अर्पित किया। सावन के दूसरे सोमवार पर लोगों ने व्रत रखा और घरों में भी पूजन पाठ कर शिव चालीसा, शिव रुद्राष्टक व अन्य मंत्रों का जाप भी किया। ऐसे ही चांदपुर के गूढेश्वर मंदिर में जलाभिषेक एवं बहुआ क्षेत्र के थवईश्वर मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। घरों से लेकर विभिन्न शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सावन में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।



**शिव गान करते पहुंचे कांवड़ियों**

सावन के दूसरे सोमवार पर गंगा जल से महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों की टोली नाचते गाते शिव भोले, बम बम भोले, हर हर महादेव के नारों के साथ शिवालयों में पहुंचे। टोली को हर कोई रास्ता देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कांवड़ियों की टोली में कोई शिव के रंग में रंगा नजर आया तो कोई शिवनृत्य करते दिखाई पड़ा।

**गंगा घाटों में पहुंचे श्रद्धालु**

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जनपद के विभिन्न गंगा तटों पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। सुबह से ही गंगा तटों पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान भक्तों ने घाट के किनारे शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना किया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के प्राचीन शिवालयों में श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## डीएम-एसपी ने मंदिरों का लिया जायजा



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने श्रावण मास के द्वितीय सोमवार पर सदर कोतवाली क्षेत्र के सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर मंदिर का भ्रमण कर साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को चेक किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जल चढ़ाने आए श्रद्धालुओं से संवाद किया। इसके पश्चात डीएम-एसपी ने थाना हुसैनगंज क्षेत्र के अंतर्गत ओम घाट का भ्रमण कर वहां साफ सफाई,सुरक्षा व्यवस्था एवं ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जल चढ़ाने आए श्रद्धालुओं से संवाद किया। इस अवसर पर एसडीएम सदर अर्चना अग्निहोत्री, ईओ नगर पालिका रविन्द्र कुमार, शहर कोतवाल तारकेश्वर राय सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ सपा का हल्ला बोल



- पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन
- प्रधान के उत्पीड़न को लेकर सपा ने किया पैदल मार्च
- सेक्टर प्रभारी का उत्पीड़न करने वाले का हो कार्यवाही : देवी प्रसाद चौधरी

**मिर्जापुर।** पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ सपा के जनपद के कोने कोने से आये हजारो कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ थाना प्रभारी व उनके पुलिसकर्मियों के खिलाफ सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से पैदल मार्च करते हुये कलेक्टेट से कचहरी होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हल्ला बोला और जोरदार प्रदर्शन किया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा को मांग पत्र सौपकर कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा राजगढ़ के प्रधान नन्दलाल यादव सपा के बघौड़ा के सेक्टर प्रभारी है। पुलिस थाने बुलाकर इन्हे अनायास ही बैठा कर मारने पीटने का काम किया। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाय अन्यथा सपा कार्यकर्ता सड़क से लेकर संसद तक आन्दोलन करेंगे। कहा कि जनपद में आये दिन हत्या, लूट पाट एवं बलत्कार की घटनायें हो रही है। पुलिस निरंकुश हो गई है। सपा सरकार बनने पर जहां भी रहेंगे कार्यवाही कराई जायेगी।

इस अवसर पर मड़हिन विधानसभा के अध्यक्ष शैलेष पटेल ने कहा राजगढ़ की पुलिस केवल धन वसूली में लगी है। हल्ला बोल कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, आशीष यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, कीर्ति कोल, सुरेन्दर पटेल, दामोदर प्रसाद मौर्य, राजेश भारती, आशा गौतम, वन्दना पटेल, आदर्श यादव, शैलेष पटेल, राणा प्रताप सिंह, झल्लू यादव, सन्तबीर मौर्या, रामजी मौर्य, निराला कोल, रामगोपाल बिन्द, संतोष गोयल, सत्यप्रकाश यादव, मेवालाल प्रजापति, सौरभ सिंह, अभय यादव, कौशिक कनौजिया, श्याम अचल यादव, प्रिन्स रॉव, गणेश केशरी, विकास केशरी, सूर्यकान्त सिंह, रंजीत फौजी, दिलीप यादव, हरिशंकर यादव, सुभाष पटेल, शहनवाज खान, जैनेन्द्र सिंह, राजकुमार यादव, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, अशोक यादव, सुरेश पटेल, दिलीप गुप्ता, कन्हैया यादव, मंजीत यादव, जमुना यादव सहित हजारो लोग मौजूद रहें।

## एक नजर

### सिराज बोले- बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट खेलेंगे



एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट 23 जुलाई से खेला जाना है। भारत सीरीज में 1-2 से पीछे हैं। टीम को सीरीज जीतने के लिए हर हाल में मैनचेस्टर टेस्ट जीतना ही होगा। पिछले 2 दिनों से चोट की वजह भारतीय टीम परेशान हैं। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं। वहीं अर्शदीप सिंह हाथ में चोट लगने की वजह से चौथे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। पेसर आकाश दीप का भी चौथा टेस्ट खेलना मुश्किल हैं। ऐसे में टीम में शामिल अंशुल कंबोज टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं। मैच से 2 दिन पहले मोहम्मद सिराज भारत की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए।

### फारुख इंजीनियर, क्लाइव लॉयड के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे



भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लॉयड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंकाशायर द्वारा दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड-नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, यह दोनों दिग्गजों के लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक पहल है।

### टेस्ट क्रिकेट में दो-डिवीजन सिस्टम की संभावना




टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2027 से 2-टियर सिस्टम लागू हो सकता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने सोमवार को एनुअल जनरल मीटिंग (AGM) में 8 सदस्यीय टीम बनाई हैं। इस समिति की अध्यक्षता ICC के नए CEO संजोग गुप्ता कर रहे हैं। टेस्ट टियर सिस्टम में मौजूदा 9 टीमों की जगह 6-6 टीमों की दो डिवीजन बनाई जाएंगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले से इस फॉर्मेट के समर्थन में रहे हैं और चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत आपस में हर तीन साल में दो बार भिड़ें, जो मौजूदा चार साल में दो बार की तुलना में अधिक है। 2009 से 2014 के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस लीग टी-20 अगले साल से दोबारा शुरू हो सकती हैं।

# पाकिस्तान टीम भारत नहीं आएगी

## एशिया कप हॉकी- सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, भारत भी PAK में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं गया था



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी टीम भारत में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (PHF) ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) को बताया कि भारत में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं के कारण यह फैसला लिया है। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से होना है, जो 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम इस साल फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई थी। भारत ने अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू दुबई में खेले थे। PHF के अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि हमारे खिलाड़ी भी भारत में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप का क्वालिफिकेशन भी है। बुगती ने यह भी बताया कि FIH और AHF को यह तय करना है कि टूर्नामेंट और पाकिस्तान के मैचों को लेकर क्या करना है। PHF बोला- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है

PHF प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे। हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। भारतीय खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत में खेलने की इजाजत दी थी भारतीय खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत में एशिया कप खेलने की इजाजत दी थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खेल मंत्रालय ने कहा था कि हम किसी भी मल्टीनेशनल चैंपियनशिप में भारत में खेलने वाली किसी भी टीम के खिलाफ नहीं हैं। बाइलेटरल यानी द्विपक्षीय सीरीज का मामला अलग है।

**भारत ने पांच बार जीता है एशिया कप**

एशिया कप टूर्नामेंट 2011 में शुरू हुआ था। भारत ने यह टूर्नामेंट पांच, वहीं पाकिस्तान ने इसे तीन बार जीता है। साउथ कोरिया ने 2021 में ढाका में एक बार यह टाइटल अपने नाम किया था।

# भारत FIDE चेस वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी करेगा

## टूर्नामेंट 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक चलेगा ; 206 प्लेयर्स भाग लेंगे




**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (FIDE) वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है। इसका आयोजन 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक होगा। FIDE वर्ल्ड कप वेबसाइट के अनुसार, इस टूर्नामेंट से प्लेयर्स 2026 FIDE कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में क्वालिफाई करने और खिताब जीतने के लिए संघर्ष करेंगे। यह टूर्नामेंट नॉकआउट फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें हर राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। कुल 206 खिलाड़ी इस रोमांचक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट के शीर्ष तीन खिलाड़ी सीधे 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेंगे, जो कि विश्व शतरंज चैंपियनशिप के चैलेंजर को तय करेगा।

**भारत ने चेस में नई पहचान बनाई**

भारत ने हाल के वर्षों में शतरंज की दुनिया में एक मजबूत पहचान बनाई है। इसका श्रेय काफी हद तक पांच बार के विश्व चैंपियन और FIDE के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद को जाता है। भारत के प्लेयर्स जिन्होंने वर्ल्ड स्टेज में बड़ा नाम कमाया...

- डी गुकेश- गुकेश ने 18 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के FIDE विश्व शतरंज चैंपियन बनने का रिकॉर्ड बनाया।
- प्रग्गनानंधा आर- प्रग्गनानंधा 2023 वर्ल्ड कप के उपविजेता रहे हैं।
- अर्जुन एरिगैसी- वर्तमान में विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं।

**2024 में भारत के अचीवमेंट्स**

- 2024 शतरंज ओलंपियाड में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने पहली बार गोल्ड मेडल जीते।
- डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, देशमुख और अग्रवाल ने व्यक्तिगत श्रेणी में गोल्ड मेडल जीते।
- कोनेरु हम्पी ने 2024 FIDE महिला रैपिड चैंपियनशिप में गोल्ड जीता।
- वैशाली रमेशबाबू ने 2024 FIDE महिला ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

भारत में हाल ही में कई बड़े चेस टूर्नामेंट खेल गए है। 2022 में FIDE शतरंज ओलंपियाड से इसकी शुरुआत हुई थी। इसके बाद टाटा स्टील चेस और FIDE वर्ल्ड जूनियर अंडर-20 चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया। विमेंस कैटेगरी में FIDE महिला ग्रां प्री 2025 की पांचवीं लेग अप्रैल 2025 में हुई थी। जॉर्जिया के बटुमी में खेले जा रहे FIDE विमेन वर्ल्ड कप में भारत की ग्रैंडमास्टर कोनेरु हम्पी ने इतिहास रच दिया।

# ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर घुटने में चोट लगी

## अर्शदीप चौथा टेस्ट नहीं खेलेंगे ; भारत सीरीज में 1-2 से पीछे



**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। रविवार को प्रैक्टिस सेशन के समय नीतीश को घुटने में चोट लगी थी। सोमवार को BCCI ने मीडिया रिलीज में बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी पूरी टेस्ट सीरीज से और लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

अर्शदीप सिंह को बेकेनहम में नेट प्रैक्टिस के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लगी थी। BCCI की मेडिकल टीम उनकी हालत पर नजर रखे हुए है। बैकअप के तौर पर अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया गया है। वे मैनचेस्टर में टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारतीय टीम सीरीज में 1-2 से पीछे है। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से शुरू होगा। इससे पहले खबर आई थी कि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के कारण चौथे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। चौथा टेस्ट 23 से 27 जुलाई तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जाएगा।

**राहुल पूरी तरह फिट, शार्दूल को मौका संभव**

रविवार को भारतीय टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों से मिलने ओल्ड ट्रैफर्ड गई थी, लेकिन नीतीश रेड्डी और केएल राहुल इस ट्रिप में शामिल नहीं हुए। हालांकि, केएल राहुल पूरी तरह फिट हैं और उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। अब टीम मैनेजमेंट को शार्दुल ठाकुर पर भरोसा जताना पड़ सकता है, जिन्होंने पहले टेस्ट में नीतीश की जगह खेला था। नीतीश ने बाद में दूसरे और तीसरे टेस्ट में अपनी जगह बनाई थी।

**अंशुल टीम में शामिल**

हरियाणा के 24 साल के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को टीम में शामिल किया गया है। टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए के लिए अंशुल ने दो मैचों पांच विकेट लिए थे। पिछले साल लाहली में केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने के बाद कंबोज सुर्खियों में आए थे। वह बंगाल के प्रेमांसु चटर्जी (1956-57) और राजस्थान के प्रदीप सोमसुंदरम (1985-86) के बाद रणजी ट्रॉफी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल तीसरे गेंदबाज हैं।

# जोमैटो का मुनाफा पहली तिमाही में 90% घटा

## 253 करोड़ से 25 करोड़ पर आया, लेकिन कमाई 69% बढ़ी, शेयर 7 .50% चढ़ा



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो (इटरनल लिमिटेड) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (Q1FY26) में 7,521 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 69.31% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 4,442 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

कुल कमाई में से कर्मचारियों की सैलरी और टैक्स जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 25 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। सालाना आधार (2025 के अप्रैल-जून) पर यह 90% गिरा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 253 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

**जोमैटो का 90% मुनाफा कम होने की वजह:**

जोमैटो ने अपने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के स्टोर्स का विस्तार किया, जिसके कारण ऑपरेशनल कॉस्ट यानी लागत में बढ़ोतरी हुई है। इस तिमाही में ब्लिंकिट के 243 नए स्टोर खुले हैं, जिससे स्टोर्स की संख्या बढ़कर 1,544 हो गई है। कंपनी का दिसंबर 2025 तक 2,000 स्टोर्स तक पहुंचने का टारगेट है।

जून 2024 में जोमैटो ने 1,116 करोड़ रुपए की ग्रॉसरी, स्नैक्स, और रोजमर्रा की चीजें खरीदीं। जबकि जून 2025 में यह खरीदारी 129.1% बढ़कर 2,557 करोड़ रुपए हो गई। वहीं चेंजेज इन इनवेंटरीज ऑफ स्टॉक-इन ट्रेड में जून 2024 में 17 करोड़ रुपए का चेंज था। वहीं जून 2025 में 273 करोड़ रुपए का चेंज हुआ। यानी स्टॉक में भारी बढ़ोतरी हुई।

पहली तिमाही (Q1FY25) में जोमैटो ने ऑपरेशन (प्रोडक्ट-सर्विस बेचकर) से 7,167 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू जनरेट किया। पिछले साल के अप्रैल-जून के मुकाबले यह 70.39% बढ़ा है। अप्रैल-जून 2025 में कंपनी ने 4,206 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।इटरनल ने बताया कि यह पहली तिमाही है, जब कंपनी के क्विक कॉमर्स सेगमेंट ने कंपनी के इतिहास में फूड डिलीवरी सेगमेंट की तुलना में ज्यादा नेट ऑर्डर वैल्यू (NOV) दर्ज की है।

# जेन स्ट्रीट को फिर से ट्रेडिंग की इजाजत :लेकिन ऑप्शन ट्रेडिंग नहीं करेगी, 4844 करोड़ जमा किए




**नई दिल्ली।** अमेरिका की ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को भारतीय शेयर बाजार में फिर से ट्रेडिंग शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। यह जानकारी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है।

लेकिन अब कंपनी ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी, सेबी को आश्वासन दिया है कि वह ऑप्शंस में ट्रेडिंग नहीं करेगी। कैश मार्केट में भी तब तक नहीं उतरेगी, जब तक वह सेबी को अपनी ट्रेडिंग रणनीति के बारे में पूरी तरह से संतुष्ट नहीं कर देती।

**4 पॉइंट में पूरा मामला समझें..**

सेबी ने 3 जुलाई 2025 को जेन स्ट्रीट की ट्रेडिंग पर रोक लगा दी थी। सेबी का कहना था कि जेन स्ट्रीट ने निफ्टी 50 और बैंक निफ्टी में हेराफेरी की, जिससे उसे भारी मुनाफा हुआ।

जेन स्ट्रीट ने जनवरी 2023 से मई 2025 तक जेन स्ट्रीट ने 36,671 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था, जिसमें से 4,844 करोड़ रुपए को गैर-कानूनी मुनाफा माना गया।

सेबी ने निर्देश दिया था कि ट्रेडिंग फिर से शुरू करने के लिए उसे 4,844 करोड़ रुपए एस्क्रो अकाउंट में जमा करने होंगे। जेन स्ट्रीट ने 11 जुलाई को यह राशि जमा कर दी।

18 जुलाई को सेबी ने उसे ट्रेडिंग की अनुमति दे दी। लेकिन, यह भी साफ कर दिया कि जेन स्ट्रीट को उन ट्रेडिंग पैटर्न्स से बचना होगा, जिन्हें मार्केट रेगुलेटर ने मैनिपुलेटिव माना था।

# कॉइन-DCX के अकाउंट से हैकर्स ने 380 करोड़ चुराए

## कंपनी बोली- ग्राहकों का पैसे सेफ, जानें क्रिप्टो में निवेश कितना सेफ और क्या रिस्क




**नई दिल्ली।** भारत के एक बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइन DCX से हैकरों ने 44 मिलियन डॉलर (करीब 380 करोड़ रुपए) चुरा लिए। घटना शनिवार (19 जुलाई) की है, जब हैकर्स ने कंपनी के एक इंटरनल ऑपरेशनल अकाउंट को निशाना बनाया।

हालांकि कॉइन DCX ने कहा है कि ग्राहकों के फंड पूरी तरह सुरक्षित हैं और नुकसान की भरपाई कंपनी अपनी ट्रेजरी रिजर्व से करेगी। इस घटना ने क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्टमेंट के रिस्क और सिक्योरिटी थ्रेट को फिर से उजागर कर दिया है।

यह हैकिंग कैसे हुई और हैकर्स ने फंड कैसे ट्रांसफर किए?

हैकर्स ने कॉइन DCX के पार्टनर एक्सचेंज पर मौजूद एक ऑपरेशनल अकाउंट तक अनधिकृत पहुंच हासिल की। ये अकाउंट ग्राहकों के पैसे रखने वाला नहीं था। ये वो खाता था जिसे कॉइन DCX अपने पार्टनर एक्सचेंज के साथ ट्रेडिंग और लिक्विडिटी के लिए इस्तेमाल करता था। हैकर्स ने फंड ट्रांसफर करने और ट्रेसिंग को मुश्किल बनाने के लिए 3 तरीके अपनाए-

**टॉरनेडो कैश :** ये ट्रांजैक्शंस को इतना जटिल कर देता है कि कोई ये नहीं बता सकता कि पैसा किस वॉलेट से किस वॉलेट में गया। लोग इसका इस्तेमाल अपनी प्राइवेसी बचाने के लिए करते हैं, लेकिन हैकर्स इसे चुराए हुए पैसे छिपाने के लिए भी यूज करते हैं।

**क्रिप्टो ब्रिज:** हैकर्स ने सोलाना-एथेरियम ब्रिज का इस्तेमाल किया। ये एक डिजिटल ₹पुल₹ की तरह है, जो सोलाना और एथेरियम ब्लॉकचेन को जोड़ता है। इसके जरिए आप सोलाना पर मौजूद क्रिप्टो (जैसे SOL या USDC) को एथेरियम ब्लॉकचेन पर ट्रांसफर कर सकते हैं।

**मल्टीपल वॉलेट:** एक ही व्यक्ति या ग्रुप के पास कई सारे क्रिप्टो वॉलेट्स होना। क्रिप्टो की दुनिया में वॉलेट एक तरह का डिजिटल ₹पर्स₹ होता है, जिसमें आप अपनी क्रिप्टोकरेंसी (जैसे बिटकॉइन, एथेरियम, सोलाना) रखते हैं। इस मामले में हैकर्स ने फंड को कई अलग-अलग वॉलेट में बांटा ताकि ट्रैकिंग और मुश्किल हो।

# इस्कॉन मंदिर के वेज रेस्टोरेंट में लड़के ने खाया चिकन

## बादशाह ने की कड़ी निंदा कहा- इसे चिकन की नहीं चेहरे पर चप्पलों की भूख



हाल ही में विदेश के इस्कॉन मंदिर के गोविंद रेस्टोरेंट का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें एक शख्स चिकन खाता नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद शाकाहारी रेस्टोरेंट में मांस खाने वाले शख्स की जमकर आलोचना हो रही है। अब सिंगर और रैपर बादशाह ने भी शख्स को जमकर लताड़ लगाई है। बादशाह ने अपने ऑफिशियल X अकाउंट (पहले ट्विटर) पर उस शख्स का वीडियो री-पोस्ट कर लिखा है, यहां तक की चिकन भी शर्मिंदा होगा। इस लड़के को चिकन की नहीं, चेहरे पर चप्पलों की भूख है। असल ताकत इस चीज की इज्जत करने में है, जिसे हम नहीं समझते। दरअसल, रविवार को एक अफ्रीकन शख्स का एक वीडियो सामने आया। वीडियो में देखा जा सकता है कि वो शख्स इस्कॉन मंदिर के गोविंद रेस्टोरेंट में प्रवेश करता है। वो सीधे काउंटर पर पहुंचता है, जहां दो महिलाएं ऑर्डर ले रही थीं। वो शख्स उनसे पूछता है कि क्या ये वीगन रेस्टोरेंट है। इस पर एक महिला हां में जवाब देती है। आगे वो शख्स फिर पूछता है, मतलब यहां मीट नहीं है। इस पर महिला कहती है, मीट नहीं, प्याज नहीं, लहसुन नहीं। दो तीन बार यही सवाल करने के बाद वो शख्स अपने हाथ में रखे एक पॉलीबैग से केएफसी का बॉक्स निकालता है और वहीं चिकन खाना शुरू कर देता है। ये देखकर वहां खड़ी महिला डर जाती है। वो लगातार उस लड़के को वहां से निकलते की हिदायत देती है, लेकिन लड़का हर बात नजरअंदाज कर वहीं चिकन खाता रहता है। इस दौरान देखा जा सकता है कि लड़के के पास खड़ा एक आदमी भी उसे साफ शब्दों में कहता है कि ये एक शाकाहारी रेस्टोरेंट है, आप यहां नॉनवेज नहीं खा सकते, लेकिन वो लड़का कुछ सुनने को तैयार नहीं था। वीडियो वायरल होने के बाद लोग अफ्रीकन लड़के की हरकत की कड़ी निंदा कर रहे हैं।




# कांस में कल्कि कोचलिन को प्रोड्यूसर ने किया था हैरेस

## बोलीं- उस वक्त मैं स्टूडेंट थी, काम मांगा तो कहा- साथ रहना होगा

एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन ने एक हालिया इंटरव्यू में इंडस्ट्री से जुड़े अपने तमाम अनुभवों पर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें दो बार कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा है। इंडस्ट्री में उन्हें उनके लुक की वजह से बुरा फील कराया जाता था। एक बार एक प्रोड्यूसर ने उन्हें बोटॉक्स लेने की सलाह दी थी और ये सारी बातें ही बहुत कैजुअल तरीके से बोल दी जाती थीं। जूम को दिए इंटरव्यू में कल्कि ने पहली घटना का जिक्र किया, जो उस समय घटी जब वह लंदन में छात्रा थीं और नोकिया फोन की प्रोमो गर्ल के तौर पर कान्स गयी थीं। वो कहती हैं- 'मेरे साथ ये दो बार हुआ है, जब मैं बहुत असहज हो गई थी। पहला एक्सपीरियंस इस इंडस्ट्री से नहीं जुड़ा है। मेरा पहला अनुभव कान का है। उस वक्त मैं एक्ट्रेस भी नहीं थी। मैं लंदन में एक स्टूडेंट थी। कान में मैं नोकिया फोन बेचने गई थी। मैं नोकिया फोन की प्रोमो गर्ल थी। वहां पर एक इंडियन प्रोड्यूसर थे, जो मेरी मां से जुड़े किसी शख्स को जानते थे। उन्होंने मुझे अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग पर बुलाया। बाद में, उन्होंने मुझे डिनर पर इनवाइट किया। मैंने जब उनसे वर्क ऑपर्च्युनिटी के बारे में पूछा, तो उन्होंने साफ कह दिया कि इसके लिए मुझे उनके साथ रहना होगा।' कास्टिंग काउच के दूसरे एक्सपीरियंस का उन्हें तब सामना करना पड़ा, जब वो फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के लिए मुंबई आईं। एक मेजर फिल्म के ऑडिशन के दौरान, एक प्रोड्यूसर ने उनसे कहा कि वो उन्हें और बेहतर तरीके से जानना चाहते हैं।वो कहती हैं- 'दूसरी बार ये तब हुआ, जब मैं एक फिल्म के ऑडिशन के लिए गई। प्रोड्यूसर ने मुझसे कहा, तुम ये फिल्म करना चाहती हो ये बहुत अच्छी बात है लेकिन मुझे तुम्हें जानना होगा क्योंकि यह एक बड़ा लॉन्च है। ये बिल्कुल वैसा ही था, जैसे मैं तुम्हें जानना चाहता हूं। मेरे साथ डिनर पर चलो। फिर मैंने उनसे कहा, सॉरी, मैं आपका या अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहती हूं।' एक्ट्रेस की वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें डायरेक्टर विष्णुवर्धन की तमिल रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 'नेसिप्पाया' में देखा गया था। कल्कि जल्द ही इंग्लिश फिल्म 'एम्मा एंड एंजेल' में नजर आएंगी।


# कनाडा में फिर खुला कपिल का कैफे 10 दिन पहले उद्घाटन से ठीक 2 दिन बाद चली थीं गोलियां




कनाडा में स्थित कपिल शर्मा का कैफे गोलियां चलने के 10 दिन बाद फिर एक बार शुरू हो रहा है। कैफे के पेज से लिखा गया है कि हम आपका स्वागत करने के लिए फिर तैयार हैं। बताते चलें कि 7 जुलाई को इस कैफे का उद्घाटन हुआ 0था, जिसके ठीक 2 दिन बाद आतंकी संगठन ने यहां 9 राउंड फायरिंग की थी। इसके बाद से ही ये कैफे बंद कर दिया गया था। कपिल शर्मा के कैप्स कैफे के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज से इसकी घोषणा की गई। पेज पर शेयर की गई तस्वीर पर लिखा है, कैप्स कैफे कल खुल रहा है, हमने आपको बहुत मिस किया और हम आपके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रगुजार हैं। दिल से शुक्रिया अदा करने के साथ हम अपने दरवाजे फिर खोल रहे हैं और गर्मजोशी, कंफर्ट और केयर के साथ आपका स्वागत करते हैं। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा ने कैफे कैप्स खोला है। 7 जुलाई को कैफे की ओपनिंग की गई थी, जिसके ठीक दो दिन बाद 9 जुलाई को यहां देर रात हमलावरों ने 9 राउंड फायरिंग की। इसका एक वीडियो भी सामने आया था।

# लंदन में सीक्रेटली रिकॉर्डिंग होने पर भड़के अक्षय कुमार

## गुस्से में कैमरा छीनने की कोशिश की, बाद में फैन के साथ क्लिक करवाई तस्वीरें



लंदन से अक्षय कुमार का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो सीक्रेटली उन्हें शूट करने वाले एक फैन पर भड़क गए हैं। अक्षय ने जमकर गुस्सा किया और बाद में लड़के से कैमरा छीनने की भी कोशिश की। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता ह कि अक्षय कुमार शॉर्ट्स और टी-शर्ट में ईयरपीस लगाए सड़क में टहल रहे हैं। तभी उनकी नजर उनकी वीडियो रिकॉर्ड कर रहे शख्स पर पड़ती है। अक्षय तुरंत उसे उंगली दिखाते हुए गुस्से में रोकने की कोशिश करते हैं और फिर नजदीक आकर कैमरा छीनते हैं। ये वीडियो लंदन में रहने वाले हैरी नाम के शख्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किए गए हैं। एक वीडियो के साथ हैरी ने लिखा है, मैं ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट पर टहल रहा था, जब मेरी बॉलीवुड के बेहतरीन स्टंटमैन पर नजर पड़ी। वहीं शेयर किए दूसरे वीडियो में अक्षय कुमार गुस्से में दिख रहे हैं। इसके साथ हैरी ने लिखा है, जिस तरह गुस्से से उन्होंने मुझसे मोबाइल छीनने की कोशिश की वो एक अमेजिंग एक्सपीरियंस है। फैन द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि गुस्सा करने के बाद अक्षय ने उस लड़के के साथ फोटो भी क्लिक करवाई है। वीडियो वायरल होने के बाद कई लोग सेलेब्स की प्राइवेसी का मुद्दा उठा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, लोगों के पास ये सिविक सेंस कब आएगा कि किसी को उनके कंसेंट के बिना शूट नहीं करते हैं। शर्मिंदगी भरा एक्ट है। आप नॉर्मली उनसे सेल्फी के लिए पूछ सकते थे। वहीं एक यूजर ने लिखा, आप ये क्यों कर रहे हैं। इसके अलावा भी कई फैंस अक्षय कुमार की नाराजगी का समर्थन कर रहे हैं।

## एक नजर

### गोमती मित्र मंडल मेरी प्रारंभिक पाठशाला, जहां से सीखी समाज सेवा : अभिषेक सिंह



**सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित और हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में उत्तर प्रदेश रत्न से अलंकृत होकर जनपद का नाम रोशन करने वाले गोमती मित्र मंडल के वरिष्ठ युवा पदाधिकारी अभिषेक सिंह को सीता कुंड धाम में संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक सिंह को गोमती आरती का मुख्य यजमान बनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीपदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अभिषेक सिंह ने भव्य दीपक से माँ गोमती की आरती उतारी। आरती के समय हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में "माँ गोमती" के जयकारों से पूरा सीता कुंड धाम गूंज उठा। आरती के उपरांत एक अनौपचारिक वार्ता में भावुक होते हुए अभिषेक सिंह ने कहा, ष्जिस स्थान से समाज सेवा का पहला पाठ सीखा, उसी पावन स्थल पर सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। अब तक प्राप्त सभी सम्मान मां गोमती का प्रसाद हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह को समाज सेवा के क्षेत्र में अपना गुरु बताते हुए विशेष आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष शालिनी कसौधन, मिथलेश पांडेय, किरण सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, आरती संयोजक दिनकर सिंह, सह-संयोजक राकेश सिंह दद्दू, राजेंद्र शर्मा, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी, विकास शर्मा, राजीव कसौधन, आलोक तिवारी, सेनजीत कसौधन, सुजीत कसौधन सहित अन्य गोमती मित्रों की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उपस्थित सभी सदस्यों ने अभिषेक सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दर्शन करने गए युवक को विपक्षियों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** बिजेथुआ महावीरन धाम में दर्शन करने गए एक युवक को विपक्षियों ने जमकर मारापीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे सीएचसी कादीपुर लाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के कटसारी गांव के अंकित तिवारी शनिवार को शाम बिजेथुआ महावीरन धाम में हनुमान जी का दर्शन करने गए थे। आरोप है कि पहले से ही घात लगाए बैठे विपक्षीगण उन्हें देखते ही गाली गलौज देने लगे। मना करने पर हॉकी,लाठी,डंडे एवं लात घुसो से जमकर मारापीटा। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़ति के पिता इंद्रमणि तिवारी की रविवार को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पोखरदहा गांव के प्रियश सिंह,आकाश सिंह बाबा,शुभम सिंह यादव एवं कुछ अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्राथमिक विद्यालय हलियापुर प्रथम का निरीक्षण कर रोपे पौध



**सुलतानपुर।** शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी विभाग गंभीर है। इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय श्याम बिहारी ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय हलियापुर प्रथम का निरीक्षण किया और विद्यालय परिसर में 11 छायादार व शोभादार पौधों का पौधरोपण किया। पौधरोपण के दौरान बीईओ ने कहा कि पेड़ धरती का गहना हैं। पेड़ों से हमें छाया, फल, फूल और ऑक्सीजन प्राप्त होती है। पेड़ लगाने के साथ उसकी देखभाल भी आवश्यक है। प्रधानाध्यापक ट्री गार्ड लगवाकर पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिक और भौतिक व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। बीईओ ने नामांकन वृद्धि और विद्यालय को निपुण बनाने को लेकर शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात दोहराई। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी के प्रथम आगमन पर विद्यालय परिवार की ओर से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बल्दीराय के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक राज बख्श मौर्य ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक इल्फाम खान, रंजना, देवेंद्र कुमार यादव, विंदू सिंह एवं रिंकू सिंह सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### जानलेवा हमले के आरोपी की रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर।** हलियापुर थाना के रामपुर बबुआन निवासी आरोपी चन्द्र प्रकाश मिश्र को सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने अर्जी पेश कर आरोपों को निराधार बताया। प्रधानी के चुनाव की रंजिश में 16 अप्रैल 2022 को लाठी डंडा और फरसा से हुए हमले में रविशंकर को चोट आई थी। घटना में चन्द्र प्रकाश, शिवकरन, दिवाकर, रोहित, रमेश सचिन व त्रिभुवन गुप्ता आरोपी हैं। अधिवक्ता ने बताया कि मामले में चन्द्र प्रकाश की ओर से भी क्रॉस केस दर्ज कराया गया था।

### अनूप संडा के केस में नहीं आया गवाह

**सुलतानपुर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सपा के पूर्व विधायक व पार्टी प्रवक्ता अनूप संडा पर चल रहे मुकदमे में सोमवार को गवाह नहीं आने से सुनवाई 11 अगस्त के लिए टल गई है। विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। पूर्व विधायक और सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा पर साल 2022 में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान केएनआईटी परिसर में बिना अनुमति सभा करने का आरोप है। कोतवाली नगर थाना के तत्कालीन दरोगा मुकेश कुमार ने ये मुकदमा दर्ज कराया था।

### चिकित्सक हत्याकांड में विवेचक श्रीराम पांडेय तलब

**सुलतानपुर।** चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में गवाही के लिए विवेचक श्रीराम पांडेय को कोर्ट ने तलब किया है। इससे पहले विवेचक राम आशीष उपाध्याय से बचाव पक्ष के वकील अरविन्द सिंह राजा की जिरह में अज्ञात बदमाशों की तलाश नहीं करने और नामजद आरोपियों की शिनाख्त नहीं कराने की बात सामने आई थी। पीड़ति पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि न्यायाधीश संतोष कुमार ने 29 जुलाई को शेष साक्ष्य की तारीख नियत की है। शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में 23 सितंबर 2024 की शाम हुए हत्याकांड में अजय नारायण सिंह और उसका ड्राइवर दीपक सिंह आरोपी हैं।

### मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय निर्माण के लिए 296 पेड़ों की हुई नीलामी



**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हलियापुर की भूमि पर प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय निर्माण के लिए सोमवार को 296 पेड़ों की नीलामी की गई। यह नीलामी नायब तहसीलदार गुलाब सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। विद्यालय परिसर में मौजूद बबूल, नीम, शीशम, सागौन, चिलबिल, गूलर, कदम, अर्जुन और यूकेलिप्टस जैसे विभिन्न प्रजातियों के कुल 296 पेड़ नीलामी में शामिल किए गए। वन विभाग द्वारा इन पेड़ों की न्यूनतम बोली राशि 1,40,000 तय की गई थी। नीलामी में सुलतानपुर, अमेठी, अंबेडकरनगर व अयोध्या जिलों से कुल 22 लोगों ने भाग लिया। नीलामी प्रक्रिया के पांचवे चक्र में विंध्यादीन गुप्ता ने 6,05,000 की बोली लगाई। इसके बाद छठे और अंतिम चक्र में पिपरी निवासी अरुण सिंह ने सबसे ऊंची 6,25,000 की बोली लगाकर नीलामी अपने नाम की। सबसे अधिक बोली लगाने पर अरुण सिंह के पक्ष में नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय श्याम बिहारी, ग्राम प्रधान विक्रम कुमार, वन दरोगा राकेश पांडेय व संदीप पांडेय, प्रधानाध्यापक राम मिलन, प्रधान प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह उर्फ गब्बर, सुत्तन सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़, दो घायल होकर गिरफ्तार

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई से बदमाश बिरादरी में हड़कम्प, असलहे और कारतूस बरामद







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** थाना गोसाईगंज क्षेत्र में 19 जुलाई की रात हुई पुलिस मुठभेड़ में फरार हुए बदमाशों की तलाश कर रही पुलिस को रविवार रात एक और कामयाबी हाथ लगी। थाना दोस्तपुर क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव के पास एसओजी टीम और दोस्तपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए, जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

शनिवार रात को गोसाईगंज में हत्या की योजना बना रहे बदमाशों से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो बदमाश घायल हुए थे और तीन फरार हो गए थे। इन्हीं फरार बदमाशों के बारे में रविवार रात सूचना मिली कि वे मोतिगरपुर से दोस्तपुर की ओर जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने सुरहुरपुर गांव के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी और वे मौके पर ही पकड़ लिए गए। घायल बदमाशों को इलाज के लिए सीएचसी कादीपुर से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजमंगल सिंह उर्फ गोलू निवासी पहाड़पुर रायपट्टी थाना दोस्तपुर और आदित्य सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी गुंडा कुंवर, थाना छावनी जनपद बस्ती।

तीसरा बदमाश फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। मौके से अवैध असलहा और कारतूस बरामद हुए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि बदमाश किसी बड़ी हत्या की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता से समय रहते उन्हें पकड़ लिया गया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में नगर पालिका बनी मिसाल

» 5 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा वृक्षारोपण महाअभियान




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ, हरित शहर की दिशा में नगर पालिका परिषद की ओर से एक सराहनीय पहल की गई है। वृहद वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत 5 जुलाई से की गई है, जो आगामी 15 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के तहत नगर क्षेत्र के समस्त वार्डों, मुख्य मार्गों, चिन्हित स्थलों, खाली प्लॉटों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

सोमवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में गभड़िया से अमहट तक मुख्य मार्ग के किनारे और डिवाइडर पर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, सभासद गण तथा शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वृक्षारोपण के दौरान नीम, मोलश्री, कदम और कंजी जैसे पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ने स्वच्छ सुंदर हरित सुल्तानपुर के संकल्प के साथ एक पेड़ माँ के नाम, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ और पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से जन-जागरूकता का आह्वान किया। उन्होंने सभी नगरवासियों से इस महाअभियान में भागीदारी की अपील करते हुए इसे एक जनांदोलन बनाने की बात कही। अभियान में संयुक्त सेवा समिति के अध्यक्ष डा. सुधाकर सिंह, गायत्री परिवार, गोमती मित्र मंडल, यूनिक फाउंडेशन सहित कई संगठनों के सक्रिय कार्यकर्ता मदन सिंह, मुन्ना, राकेश सिंह, अभिषेक सिंह ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

### बिजली कटौती से विभाग के प्रति उपभोक्ताओं में आक्रोश

**कुड़वार-सुलतानपुर।** बिजली कटौती सुधरने का नाम नहीं ले रही है। कटौती को लेकर जनता में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। रविवार दोपहर बाद पन्द्रह घंटे बाद बहाल हुई बिजली आंधी रात को एक बार फिर काट दी गयी। लोग भीषण गर्मी में जागने को मजबूर हो गए। सुबह लोग पानी के लिए तरस गए। सोमवार को लगभग दस बजे बिजली सप्लाई दी गयी। वह भी की बार कटौती की गयी। दिन एक बजे से शाम तक बिजली का पता नहीं था। मालूम हो कि कुड़वार,पलिया और धम्मौर उपकेन्द्र को एक साथ 33 हजार से जोड़कर विभाग अपनी खानापूर्ति तो कर रहा है लेकिन लोगों की बढ़ रही परेशानी नहीं देख रहा है। तीनों उपकेन्द्र को एक साथ चलाने में ओवरलोड और जर्जर तार साथ नहीं दे रहे हैं। नतीजा बिजली विभाग की इस मनमानी से तीनों उपकेन्द्र के लाखों की संख्या में आबादी त्राहि-त्राहि कर रही है।

## प्रतिभाओं को निखारने के लिए बहमरपुर को मिला 15 लाख का खेल मैदान



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** कुड़वार विकासखंड की बहमरपुर ग्राम पंचायत में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य खेल मैदान का निर्माण कराया गया है। प्रधान प्रतिनिधि चिरंजीवी मिश्रा उर्फ मोंटी के प्रयासों से करीब 15 लाख रुपये की लागत से यह मैदान तैयार कराया गया है। यह खेल मैदान बहमरपुर के साथ-साथ पूरे विकासखंड के युवाओं के लिए एक नई सौगात बनकर सामने आया है। इस मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी सहित ओलंपिक स्तर के खेल आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायत की ओर से युवाओं को खेल से जुड़े सभी संसाधन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रधान प्रतिनिधि मोंटी मिश्रा ने बताया कि खेल के माध्यम से गांव के युवा आगे बढ़ें, यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जो प्रतिभाएं साधन न होने के कारण दब जाती थीं, अब उन्हें खुलकर निखरने का अवसर मिलेगा।मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने मैदान का निरीक्षण किया और इसकी सराहना करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में आ रही सभी बाधाओं को दूर कर दिया गया है। उन्होंने इसे ग्राम प्रधान द्वारा खेल और युवा कल्याण की दिशा में उठाया गया प्रशंसनीय कदम बताया।

## विद्युत मेगा कैंप में 39 शिकायतों का हुआ समाधान



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा बाजार में सोमवार को विद्युत विभाग की ओर से विद्युत मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करने की पहल की गई।कैंप में कुल 45 शिकायतें दर्ज की गईं,जिनमें से 39 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बिजली बिल बकाया होने के चलते विभाग ने 12 उपभोक्ताओं की लाइनें काट दीं। हालांकि,बाद में बिल जमा करने पर उनकी विद्युत आपूर्ति दोबारा शुरू कर दी गई। कई उपभोक्ताओं की शिकायत पर 6 खराब विद्युत मीटरों को भी तत्काल बदला गया। विभाग की इस कार्यवाही से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली और व्यवस्था की

» 12 उपभोक्ताओं की कटी लाइनें, भुगतान पर जोड़ी गईं

सराहना की। कैंप में उपखंड अधिकारी मार्तण्ड प्रताप सिंह, अवर अभियंता आनंद भारतीय, क्लर्क विजय, अमित कुमार मिश्रा, चंद्र शेखर यादव, अमित पांडे, मीटर रीडर आशीष मौर्य, तथा लाइनमैन दुखी, सावन लाल और राम नाथ सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आत्महत्या मामले में पत्नी समेत तीन आरोपी बरी

**सुलतानपुर।** अमेठी के कटरा फूल कुंवरि में युवक का शव बरामद होने पर विचाराधीन आत्महत्या के मुकदमे से मृतक की पत्नी समेत तीन आरोपियों को न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ला ने बताया कि दो अप्रैल 2009 को मुसाफिरखाना कोतवाली के रुदौली निवासी रवि प्रकाश तिवारी अमेठी के रायपुर फुलवारी स्थित ससुराल गया था। देर रात फोन से सूचना मिली कि कटरा फूल कुंवरि के पास सड़क किनारे शव पड़ा है जिसकी पहचान रवि प्रकाश के रूप में हुई। मृतक के भाई सूर्य प्रकाश ने मृतक की पत्नी सुधा तिवारी साले हृदयेश पांडेय और उसके साथी सोनू पांडेय पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था जो कि बाद में आत्महत्या के रूप में परिवर्तित हुआ। अभियोजन पक्ष ठोस सबूत नहीं दे सका जिस कारण कोर्ट ने आरोपियों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है।

## उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की बैठक आयोजित

» विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा वक्ताओं ने रखे अपने विचार




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की बैठक प्रेस क्लब में सोमवार को जिला अध्यक्ष अरुण जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

यह जानकारी देते हुए महामंत्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और हित से जुड़ी चर्चा में जनपद के मान्यता प्राप्त पत्रकारों ने अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि जिले के विभिन्न विभागों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से मान्यता प्राप्त पत्रकारों को जोड़ा जाय जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिल सके। जिला सूचना अधिकारी जिला स्तरीय स्थायी समिति का नियमानुसार अविलंब गठन कर बैठक सुनिश्चित करें। मान्यता प्राप्त पत्रकार जिले के किसी भी संस्थान या विभाग कार्यालय में समाचार संकलन हेतु जायें तो उनसे सम्मान जनक वार्ता करते हुए सहयोग किया जाय। शासन की मंशानुरूप मीडिया संकुल का निर्माण कराया जाय। बैठक में तय किए गए मुद्दों को लेकर समिति का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन देगा। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सत्यदेव तिवारी, कृष्ण चंद्र पाठक, अंकित राय व ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## कांग्रेसियों ने मनाया मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन, केक काटकर दी शुभकामनाएं



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने केक काटकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को मिठाई खिलाई तथा खड़गे जी की दीर्घायु की कामना की।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने खड़गे के संघर्षमय राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी की मेहनत, निष्ठा और समर्पण ने कांग्रेस को नई दिशा दी है। जब से उन्होंने पार्टी की बागडोर संभाली है, तब से कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे का नेतृत्व कांग्रेस के लिए सौभाग्य है। वे लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं और उनका अनुभव पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। हम उनके स्वस्थ और सक्रिय जीवन की कामना करते हैं।

इस अवसर पर अरशद पवार, पवन मिश्र कटावा, ममनून आलम, रियाज अहमद, सुब्रत सिंह सनी, सियाराम तिवारी, शीतला साहू, इंतजार अहमद, सौरभ सिंह, वरिष्ठ नेता नफीस फारुकी, सुनील चैहान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आज जयसिंहपुर तहसील व जिला मुख्यालय पर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन :** कांग्रेस जिला ध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता जिले की जनसमस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद के किसान खरीफ की फसल की रोपाई को लेकर परेशान हैं। खाद, पानी, बिजली की भारी किल्लत है। ऐसे में कांग्रेस तहसील जयसिंहपुर व जिला मुख्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी और महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपेगी।

## चार घंटे बंद रहा केएनआई और लोलेपुर उपकेन्द्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» 80 गांवों की बिजली आपूर्ति रही बाधित

**भदैंया-सुलतानपुर।** सोमवार को भदैंया के लोलेपुर और केएनआई उपकेन्द्र की बिजली आपूर्ति ट्री कटिंग व वैकल्पिक त्रुटि ठीक करने को चार घंटे बाधित रही। जिससे करीब अस्सी गांवों के लोग भीषण गर्मी में दोपहरी में बिजली आपूर्ति न होने से परेशान रहे।

सुलतानपुर के आंशिक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोलेपुर और के एन आई उपकेन्द्र पर सोमवार को दोपहर से शाम तक चार घंटे ट्री कटिंग के बहाने विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा है। विभाग उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत ट्री कटिंग की बात कहकर तपती दोपहरी व भीषण गर्मी मे करीब 80 गांवो के डेढ़ लाख लोगों की बिजली कटौती कर दी है, जिससे लोग परेशान रहे है। बिजली विभाग के द्वारा सोमवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, केएनआई एवं लोलेपुर को जाने वाली 33 केवी पावर लाइन तथा केएनआई उपकेन्द्र को जाने वाली पावर लाइन पर ट्री कटिंग कार्य, जर्जर जम्फर एवं जर्जर इंशुलेटर को बदलने का कार्य एवं अन्य अनुरक्षण कार्यों को करने के लिऐ सोमवार को दोपहर बाद बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। सोमवार को दोपहर 12:30 से 4:30 बजे तक आपूर्ति बंद होने की बात बताई गयी है। जिसमे मोहल्ला केएनआई, कस्बा, पांचोपीरन, विनोवापुरी, ओदरा, भोंयें, भुलकी, छतौना, पखरौली, वजूपुर, करोमी, नकराही फीडर तथा इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अवर अभियंता हिम्मत सिह ने बताया कि उच्चाधिकारियो के निर्देश पर ट्री कटिग व अन्य अनुरक्षण कार्य किए जा रहे है।

**खनन माफिया** बालमपुर गांव में सड़क किनारे का मामला, राजस्व महकमा मौन

# जेसीबी से खोदकर बेंच डाली सरकारी जमीन की मिट्टी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भदैंया-सुलतानपुर।** देहात कोतवाली की प्रतापगंज पुलिस चैकी क्षेत्र में बेखौफ हो चुके खनन माफिया अब सरकारी जमीनों को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

बालमपुर गांव में सडक किनारे बिना अनुमति ग्राम समाज की जमीन की मिट्टी जेसीबी लगाकर खोद डाली। रविवार की सुबह जानकारी पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो जेसीबी व डंफर लेकर खनन माफिया भाग निकले। ग्राम प्रधान की सूचना के बाद भी राजस्व एवं पुलिस के जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, प्रतापगंज पुलिस चैकी क्षेत्र के बालमपुर गांव में सडक किनारे स्थित सरकारी जमीन पर शनिवार की जेसीबी लगाकर मिट्टी की खोदाई शुरू कर दी। दो डंफर लगाकर मिट्टी बाहर भेजी जाती रही। रविवार की सुबह करीब नौ बजे जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन होता रहा।

जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान पति राहुल गुप्ता ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध किया। इसके बाद खनन माफिया जेसीबी एवं डंफर लेकर भाग निकला। हल्का लेखपाल रवि कुमार अग्रहरि, क्षेत्रीय पुलिस एवं उपजिलाधिकारी को भी फोन पर अवगत कराया गया, लेकिन कार्रवाई के बजाय अब लीपा पोती शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि वर्षों से बेखौफ होकर खनन करवा रहा खनन माफिया पुलिस से तगड़ी सांठ-गांठ रखता है।

### बोले अफसर, होगी कार्यवाही

खनन अधिकारी सिद्धार्थशंकर पांडेय बताया कि शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। वहीं, उपजिलाधिकारी लम्भुआ गामिनी सिंगला ने बताया कि, मैं लेखपाल से जांच करवाती हूं। यदि ग्राम समाज की जमीन से मिट्टी की खोदाई होने की पुष्टि हुई तो मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

## एक नजर

### एयर इंडिया का विमान रनवे से फिसला



**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एयर इंडिया का एआई 2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया। ये हादसा सुबह 9:27 बजे हुआ। तस्वीरों में दिखा कि विमान के दाहिने इंजन के नैसेल (ढक्कन) को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए। एयर इंडिया ने बताया कि हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि मुंबई एयरपोर्ट का मेन रनवे, 09/27 क्षतिग्रस्त हुआ है। रनवे पर फ्लाइट्स की आवाजाही बंद कर दी गई है। रनवे किनारे तीन साइनेज बोर्ड और चार लाइटें भी टूट गयी हैं।

### बाण गंगा के पास भूस्खलन, तीर्थयात्री की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में पुराने ट्रैक पर बाण गंगा के पास भारी बारिश के कारण सोमवार सुबह हुये भूस्खलन में श्री माता वैष्णो देवी के एक तीर्थयात्री की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि सुबह पुराने ट्रैक पर बाण गंगा में लंगर क्षेत्र के पास एक बड़ा पत्थर गिरा। इस हादसे में कम से कम सात तीर्थयात्री घायल हो गये, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने कहा,"बचाव अभियान शुरू किया गया और घायलों को अस्पताल ले जाया गया।" गंभीर रूप से घायल तीर्थयात्रियों को कटरा के ककरयाल स्थित नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बाद में उनमें से एक तीर्थयात्री की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि पुराने मार्ग पर यात्रा स्थगित कर दी गयी है, लेकिन ताराकोट मार्ग से भवन की ओर यात्रा सुचारू रूप से जारी है।

### स्टालिन अस्पताल में हुए भर्ती



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन को सोमवार सुबह सैर के दौरान चक्कर आने के बाद चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री को ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल ने एक बुलेटिन जारी कर कहा, "तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को सुबह नियमित सैर के दौरान हल्का चक्कर आया। उन्हें भर्ती किया गया है और उनके लक्षणों के जांच के लिए आवश्यक नैदानिक परीक्षण किए जा रहे हैं। डॉक्टरों की एक टीम मुख्यमंत्री की देखभाल कर रही है।" स्टालिन को उत्तरी चेन्नई में अपने निर्वाचन क्षेत्र कोलाथुर के कपालेश्वर कला महाविद्यालय में एक समारोह में शामिल होना था और उनके अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनके दिन के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया।

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, तीन मौतें

**चेन्नई।** तमिलनाडु के शिवकाशी के पास एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विरुधुनगर जिले के अंडियापुरम गांव स्थित मरियम्मल फायरवर्क्स में लगभग 50 मजदूर पटाखे बनाने के काम में लगे थे। सोमवार दोपहर एक वर्किंग शेड में अचानक धमाका हो गया, जिसमें तीन मजदूर की मौत हो गई। तीन घायल मजदूरों को शिवकाशी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मदिरा विज्ञापन में कामाख्याध मंदिर की फोटो

**गुवाहाटी।** असम में कई नागरिक संगठनों ने एक मदिरा कंपनी के विज्ञापनों में कामाख्या मंदिर और ऐतिहासिक इमारत रंगघर की फोटो इस्तेमाल किए जाने को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। कामाख्या मंदिर के अधिकारी भी मध्य प्रदेश स्थित इस ओएसिस कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर भी विचार कर रहे हैं। यह कंपनी कई प्रकार की मदिरा का निर्माण करती है। कंपनी ने मदिरा संबंधी विज्ञापनों में कामाख्यी मंदिर के अलावा यहां की ऐतिहासिक इमारत रंगघर का भी प्रयोग किया है। अहोम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले वकील संजीव बोरा ने दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि कंपनी ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित शराब के विज्ञापन में अहोम साम्राज्य के अमूल्य प्रतीक, रंग घर की छवि का दुरुपयोग किया है।

### केन्द्र और राज्यों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुकानों समेत अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रवेश द्वार पर संबंधित मालिकों के नाम और संपर्क विवरण प्रदर्शित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र के अलावा राज्य सरकारों और भारतीय विधि आयोग को सोमवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उनकी याचिका में उपभोक्ताओं के खरीदे गए उत्पादों के बारे में 'जानने के अधिकार' के तहत दुकान मालिक/विक्रेताओं के विवरण अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने की मांग की गयी है। शीर्ष अदालत के समक्ष गुहार लगाते याचिकाकर्ता ने केंद्र और राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए जाने को कहा है कि प्रत्येक वितरक, डीलर, व्यापारी, विक्रेता और दुकान मालिक संबंधित प्रवेश द्वारों पर पंजीकरण विवरण प्रदर्शित करें। इनमें संबंधित व्यक्तियों के नाम, पता, फोन नंबर और कर्मचारियों की संख्या शामिल होनी चाहिए।

### सिपाही को प्रताड़ना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर में सिपाही खुर्शीद अहमद चौहान को प्रताड़ित करने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी अधिकारियों को एक महीने में गिरफ्तार करने और मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने के साथ-साथ सरकार को पीड़ित पक्ष को 50 लाख रुपए की सहायता राशि देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को इससे संबंधित उच्च न्यायालय का फैसला रद्द करते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को आदेश दिया कि वह सिपाही चौहान के मौलिक अधिकारों के घोर उल्लंघन के लिए उसे 50 लाख रुपये का सहायता राशि दे। शिकायत के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस के सिपाही चौहान को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित संयुक्त पूछताछ केंद्र (जेआईसी) में कथित तौर पर हिरासत में प्रताड़ित किया गया।

### नक्सलियों ने की दो लोगों की हत्या

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार देर रात नक्सलियों ने दो लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना तर्रेम थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान कवासी जोगा (55) निवासी ग्राम छुटवाई और मंगलू कुरसाम (50) निवासी बड़ा तर्रेम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चार-पांच अज्ञात माओवादी इन लोगों के घरों में घुसकर बाहर ले गए फिर धारदार हथियारों से उनकी निर्मम हत्या कर दी। नक्सलियों ने 25 दिनों में मुखबिरी के शक में 10 लोगों की हत्या की है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले कुरसाम मंगलू के बेटे नंदू ने सरेंडर किया था। आशंका है कि नंदू की हत्या करने माओवादी आए थे। उसके नहीं मिलने पर पिता कुरसाम मंगलू की हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में उग्रवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार जारी कार्रवाई में पुलिस ने रविवार को प्रतिबंधित संगठन के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। काकचिंग जिले के काकचिंग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत काकचिंग सुपर मार्केट इलाके से इन लोगों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुभाचंद्र सिंह और अविनाश सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एक अलग अभियान में इंफाल पश्चिम ज़िले के सिंगजामेई पुलिस जवानों ने सिंगजामेई चिंगा माखोंग में एक कार को जांच के लिए रोका। वाहन की गहन तलाशी लेने पर उसमें से प्रतिबंधित हेरोइन से भरे दस साबुन के डिब्बे बरामद हुए।

# छांगुर बाबा ने ज्योतिर्मय का नाम बदला, धर्म बदला और जीवन लूटा

## रूह कांप जायेगी लव जिहाद के भदोही कनेक्शन के जहरीले जाल की कहानी जानकर

गोविंद तिवारी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्रेम के नाम पर फंसाकर उनकी पहचान, धर्म, आत्मसम्मान और जीवन तक लूट लेने वाला एक सुनियोजित लव जिहाद का गिरोह आज भी सक्रिय है। इसकी ताजा मिसाल भदोही में सामने आई है, जहां एक अधिवक्ता की जिंदगी को पूरी तरह बर्बाद कर दिया गया। और इस पूरी साजिश के पीछे जिस चेहरे का नाम फिर से सामने आया है, वह है छांगूर बाबा उर्फ जलालुद्दीन। वह नाम जो अब एक व्यक्ति नहीं, बल्कि युवाओं को बरगलाने और जबरन धर्मांतरण कराने वाले एक षड्यंत्रकारी नेटवर्क का सिरमौर बन चुका है। भदोही निवासी अधिवक्ता ज्योतिर्मय रॉय की आपबीती सुनकर किसी की भी रूह कांप सकती है। एक साधारण मैसेज से शुरू हुई कहानी, जो कुछ ही महीनों में प्रेम, शादी, फिर धोखा और अंत में धर्मांतरण की भयंकर साजिश में तब्दील हो गई। 2017 में एक अनजान नंबर से आए मैसेज में लिखा था। आप कौन हो उत्सुकतावश ज्योतिर्मय ने जवाब दिया, सामने से नाम बताया गया मैं इशिता हूं, इसके बाद दोनों में बात शुरू हुई, जो जल्द ही प्रेम संबंध में बदल गई।

कुछ ही समय में इशिता भदोही पहुंच गई। पहली मुलाकात, फिर दूसरी, और फिर शादी का प्रस्ताव। अधिवक्ता ज्योतिर्मय प्रेम में इस कदर डूब गए कि उन्होंने भी शादी के लिए हामी भर दी। लेकिन इसी प्रेम की आड़ में आफरीन जहां नाम की एक महिला ने पूरे होशियारी और साजिश के साथ अपना नाम इशिता बताकर एक हिंदू युवक को अपने जाल में फंसा लिया। विवाह के







समय उसने आर्य समाज मंदिर का सहारा लिया ताकि हिंदू रीतियों का मुखौटा ओढ़कर सच्चाई को छिपाया जा सके। शादी के कुछ महीने बाद ज्योतिर्मय को उस पर्स में आधार कार्ड दिखा, जिस पर नाम था आफरीन जहां। सवाल पूछे जाने पर जवाब मिला अगर असली नाम बताती तो तुम मुझसे कभी शादी नहीं करते।" इसके बाद भी प्रेम के बहाव में बहकर ज्योतिर्मय ने अपने जीवन को दांव पर लगा दिया। शादी के बाद दो बच्चियों का जन्म हुआ, लेकिन इसके साथ ही शुरू हुई जिंदगी को तोड़ने की भयंकर साजिश। आफरीन के भाई-बहन, जिनका नाम कभी नहीं लिया गया था, वे भदोही पहुंच गए और घर में बस गए। कुछ ही समय बाद आफरीन ने कहा कि अब लखनऊ चलना होगा। वहां पहुंचते ही धर्मांतरण का असली खेल शुरू हो गया। लखनऊ में ज्योतिर्मय पर दबाव बनाया गया कि वह इस्लाम कबूल कर ले। जब उसने मना किया तो धमकियां मिलने लगीं। तुम और तुम्हारी बेटियां नहीं बचेंगी अगर तुमने इस्लाम नहीं अपनाया। बात यहीं खत्म नहीं हुई, ज्योतिर्मय को मस्जिद ले जाया गया, जबरन कलमा पढ़वाया गया, नमाज अदा करवाई गई, और यहां तक कि गोमांस खाने की धमकी भी दी गई।

इसी बीच साजिश का सबसे खौफनाक किरदार सामने आया छांगूर बाबा उर्फ जलालुद्दीन। जो अब तक विभिन्न धर्मांतरण मामलों में संदिग्ध था, लेकिन अब पुलिस जांच में यह साफ हो चुका है कि उसका नेटवर्क उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सक्रिय है। छांगुर बाबा आफरीन के घर में आता-जाता रहा, उसने ज्योतिर्मय का ब्रेनवॉश करना शुरू कर दिया। उसे कहा गया।अब तेरा नाम नदीम है. हिंदू धर्म छोड़ दे, पाकिस्तान जिंदाबाद बोल। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि छांगुर बाबा सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक नेटवर्क का संचालन कर रहा था जिसमें युवतियों को प्रशिक्षित किया जाता था कि कैसे हिंदू युवकों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया जाए। जलालुद्दीन के नाम पर कई जिलों में युवकों के ब्रेनवॉश और मानसिक शोषण की घटनाएं जुड़ चुकी हैं।

हाल ही में जब पुलिस ने छांगुर बाबा को गिरफ्तार किया, तब तक ज्योतिर्मय जैसे कई युवकों की जिंदगी बर्बाद हो चुकी थी।

# जस्टिस वर्मा को हटाने पर अभी फैसला नहीं

## लोकसभा अध्यक्ष धनखड़ ने बताया- महाभियोग के पक्ष में 208 सांसदों का लेटर

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के समर्थन में कुल 208 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। सोमवार को लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के चेयरमैन को इस संबंध में प्रस्ताव सौंपे गए हैं, जिन पर जल्दी ही फैसला लिया जाएगा। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल की ओर से जरूरी कदम उठाने की प्रक्रिया तय होगी और इस निर्णय से जल्दी ही अवगत कराया जाएगा। अभी इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर 14 मार्च को बड़ी संख्या में नोट बरामद हुए थे। इन नोटों में से बड़ी संख्या में ऐसे भी थे, जो आग लगने से जल गए थे। अग्निकांड की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की





टीम को नोटों का ढेर दिखा था, जिसके बाद पुलिस को भी सूचना मिली थी। तब जस्टिस वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट में थे और मामला सामने आने के बाद उनका इलाहाबाद ट्रांसफर किया गया था। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे वर्मा के खिलाफ जांच के लिए तीन जजों की एक कमेटी तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने बनाई थी। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने महाभियोग की सिफारिश वाला पत्र राष्ट्रपति और पीएम को लिखा था।

जानकारी के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। प्रसाद ने कहा, 'न्यायपालिका की ईमानदारी, पारदर्शिता और स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा। आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है। हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए।' राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस तरह कुल 208 सांसद महाभियोग के पक्ष में हैं। कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि कुल 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं और अब इस मामले की जांच होगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित न्यायाधीश को हटाया जाएगा। जस्टिस वर्मा भले ही इलाहाबाद में तैनात हैं, लेकिन उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है।

तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के आदेश पर हुई आंतरिक जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने हालांकि किसी भी गलत कार्य में संलिप्त होने से इनकार किया है, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित आंतरिक जांच समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर पर नियंत्रण था, जहां नकदी पाई गई थी। इससे यह साबित होता है कि उनका कदाचार इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए।

### जस्टिस वर्मा को सरनेम से बुलाने पर वकील को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके सरनेम से संबोधित करने पर एक वकील को फटकार लगाई। दरअसल वकील मैथ्यूज नेदुम्परा जस्टिस वर्मा को सिर्फ वर्मा कहकर संबोधित कर रहे थे। इस पर चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा, 'क्या वे आपके दोस्त हैं? वे अब भी जस्टिस वर्मा हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी मर्यादा रखिए। आप एक विद्वान जज की बात कर रहे हैं। वे अब भी कोर्ट के जज हैं।' वकील ने जवाब दिया, 'मुझे नहीं लगता कि उन्हें इतनी इज्जत देनी चाहिए।' इस पर सीजेआई ने कहा, 'प्लीज, कोर्ट को ऑर्डर मत दीजिए।' कोर्ट ने कैश कांड मामले में वकील मैथ्यूज नेदुम्परा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी।

### भाजपाइयों को 'जय बांग्ला' कहना ही होगा : अभिषेक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को शहीद दिवस के मौके पर बोलते हुए संकल्प लिया कि वह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को 'जय बांग्ला' कहने पर मजबूर कर देंगे। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई (शहीद दिवस) सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह समय पर अंकित एक चुनौती है। 1993 के कोलकाता राइटर्स बिल्डिंग मार्च के दौरान अपनी जान गंवाने वाले 13 शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए इसे शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

टीएमसी सांसद ने कहा कि पहले भाजपा नेता 'जय श्री राम' कहते थे और अब वे 'जय माँ दुर्गा', 'जय माँ काली' कह रहे हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि भाजपा दो 'ई' पर चल रही है: चुनाव आयोग और ईडी। अभिषेक बनर्जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'पहले भाजपा वाले 'जय श्री राम' कहते थे, लेकिन आज वे 'जय माँ दुर्गा', 'जय माँ काली' कह रहे हैं। मेरे शब्दों पर ध्यान दीजिए, मैं उनसे 'जय बांग्ला' कहलवाऊँगा। 10 महीनों में, वे 'जय बांग्ला' कहने लगेंगे।

### अमेरिका में 15 अगस्त को खालिस्तान फ्रीडम रैली : पन्नू

**अमृतसर।** खालिस्तानी आतंकी सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी करके 15 अगस्त को अमेरिका खालिस्तान फ्रीडम रैली निकालने का ऐलान किया है। रैली अमेरिकी की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के बाहर निकाली जाएगी। इसके दो दिन बाद यहीं खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह किया जाएगा। वीडियो में पन्नू ने तिरंगा जलाने की भी धमकी देते हुए कहा- तुमने पाकिस्तान पर हमला किया और वो बच गया। हम हिंदुस्तान को तबाह कर देंगे।

वीडियो की शुरुआत में पन्नू कहता दिख रहा है कि 15 अगस्त सिख पंथ और पंजाब की आजादी का दिन नहीं है। 1950 का संविधान सिख धर्म को हिंदू धर्म का हिस्सा बताता है। जून 1984 गोल्डन टेंपल पर हमले के बाद ये तिरंगा श्री अकाल तख्त साहिब पर चढ़ाया गया था। उस दिन लाइन खींच दी गई थी। एक तरफ हिंदुस्तानी और हिंदूवादी थे और दूसरी तरफ थे पंजाब और सिख। वीडियो में पन्नू ने आगे कहा- इसी तिरंगे के नीचे दिल्ली में नरसंहार हुआ है। 30 हजार सिख शहीद किए गए। नरसंहार के बाद विधवा कॉलोनी सिर्फ सिख पंथ की है। ये कलंक हमारे माथे पर है। उस कलंक को मिटाने के लिए ये तिरंगा और हिंदुस्तान दुनिया के नक्शे से मिटाना पड़ेगा। 1984 से 1995 तक पंजाब में खून की होली खेली है। सारा पंजाब नरसंहार की भेंट किया।

# वाराणसी कोर्ट में चलेगा राहुल गांधी पर केस

विश्ववार्ता ब्यूरो



» सिखों पर अमेरिका में दिया था बयान, पूर्व प्रधान की याचिका स्वीकार

वाराणसी। वाराणसी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केस चलेगा। वाराणसी की एपपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को पूर्व प्रधान की ओर से दायर याचिका स्वीकार कर ली। राहुल गांधी पर अमेरिका में सिखों पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है।

कोर्ट में यह याचिका तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्रा ने दायर की थी। वाराणसी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने 28 नवंबर, 2024 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट ने याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब जज यजुवेंद्र विक्रम सिंह की कोर्ट में अगली तारीख पर सुनवाई शुरू होगी। याचिका में नागेश्वर मिश्र ने बताया कि पिछले दिनों कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे पर भड़काऊ बयान दिया था। इस बयान से सिख सम्प्रदाय के करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। राहुल ने कहा था कि भारत में सिखों को पगड़ी और कड़ा पहनने का अधिकार नहीं है। न ही उन्हें गुरद्वारा में जाने की इजाजत है। इस बयान का खालिस्तानी आतंकवादी गुरुवंत सिंह पन्नू ने भी समर्थन किया है। उनके बयान से यह लगता है कि उनका मिशन भारत में गृहयुद्ध भड़काने का है। पूर्व प्रधान की ओर से कोर्ट में एडवोकेट विवेक शंकर तिवारी और अलख राय ने दलीलें पेश कीं। सरकारी वकील के तौर पर एडीजीसी विनय कुमार सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन की ओर से कोर्ट में मामले में अब तक की कार्यवाही पेश की।

10 सितंबर, 2024 को अमेरिका में राहुल ने कहा था- भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है। देश सबका है, यह भाजपा नहीं मानती। भाजपा को समझ में नहीं आता कि यह देश सबका है। भारत एक संघ है। संविधान में साफ लिखा है। भारत एक संघ राज्य है, जिसमें विभिन्न इतिहास, परंपराएं, संगीत और नृत्य शामिल हैं। भाजपा कहती है कि ये संघ नहीं है, ये अलग है। आरएसएस भारत को नहीं समझती। आरएसएस कहती है कि कुछ राज्य दूसरे राज्यों से कमतर हैं। कुछ भाषाएं दूसरी भाषाओं से, कुछ धर्म दूसरे धर्मों से, कुछ समुदाय दूसरे समुदाय से कम हैं। हर राज्य का अपना इतिहास, परंपरा है।

# बांग्लादेशी ट्रेनी विमान स्कूल पर गिरा, 16 की मौत

## मरने वालों में ज्यादातर स्कूली बच्चे, दर्जनों अन्य घायल

एजेंसी



**ढाका।** बांग्लादेशी वायुसेना का एक ट्रेनर विमान सोमवार दोपहर ढाका के एक स्कूल पर जा गिरा। इस दुर्घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। बांग्लादेशी अधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह विमान दोपहर के समय ढाका के उत्तर क्षेत्र में 'माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज' परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वह चीनी मूल का एफ7 जेट है। इस जेट का इस्तेमाल मूल रूप से लड़ाकू विमानों के पायलटों की ट्रेनिंग के लिए किया जाता है। यह विमान इससे पहले भी कई बांग्लादेशी पायलटों की जान ले चुका है। कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अधिकतर दुर्घटनाओं का कारण विमान में आई तकनीकी खामियों को बताया गया है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय संबंधी विशेष सहायक मोहम्मद सईदुर रहमान ने कहा, 'माइलस्टोन कॉलेज परिसर में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई।' इससे पहले रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान ने दोपहर एक बजकर छह मिनट पर पर उड़ान भरी और कुछ ही देर बाद वह कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विमान जोरदार धमाके के साथ दुर्घटनाग्रस्त हुआ और तत्काल उसमें आग लग गई।

बांग्लादेशी वायुसेना के एफ7 विमान को चीन ने बनाया है। यह एक ट्रेनर विमान है। एफ7 एक सिंगल इंजन, हल्का लड़ाकू विमान है। इसे चीन के चेंगदू एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन ने डिजाइन और निर्मित किया है। इसका डिजाइन इसके पूर्ववर्ती, मिग-21 विमान पर आधारित है। चीन में इसे जे7 के नाम से जाना जाता है। इसके निर्यात वेरिएंट को एफ7 नाम दिया गया है। जे7/एफ7 का निर्माण मुख्य रूप से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स की ट्रेनिंग संबंधित जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है। 1996 से 2013 तक 2,400 से अधिक जे7 का निर्माण किया गया, लेकिन मई 2013 में इसका उत्पादन बंद कर दिया गया।

चीन ने कई देशों को एफ7 विमानों का निर्यात किया है। इनमें नामीबिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, सूडान, मिस्र, तंजानिया, यमन, जिम्बाब्वे, ईरान, म्यांमार और उत्तर कोरिया शामिल हैं। अगस्त 2005 में नामीबियाई वायु सेना ने 12 एफ7 एनएम विमानों का ऑर्डर दिया था। इसके बाद नाइजीरियाई वायुसेना ने 2008 में चीन से 12 एफ7 एनआई लड़ाकू विमान और तीन एफटी7 एनआई ट्रेनर एयरक्राफ्ट की डिलीवरी ली थी। पाकिस्तानी वायुसेना ने भी 120 एफ7 पी और 60 एफ7 पीजी वेरिएंट की खरीद की थी। श्रीलंकाई वायुसेना ने 13 एफ7बीएस और एफ7जी विमान खरीदे।

बांग्लादेशी वायुसेना ने चीन से 1989 और 1990 के बीच चीन से 20 एफ7 विमान हासिल किए थे। इसके बाद 1999 से 2006 के बीच उन्हें 20 और एफ7 विमान डिलीवर किए गए। 2012 से 2013 के बीच बांग्लादेशी वायुसेना को 16 और एफ7 बीजीआई विमान प्राप्त हुए। ऐसे में बांग्लादेशी वायुसेना में एफ7 विमानों की कुल संख्या 56 है, हालांकि, 2023 तक इनमें से सिर्फ 36 विमान ही ऑपरेशनल थे।

**नयी पहल** यह वही भाव है, जिसके लिए राम ने निषादराज को गले लगाया था, कृष्ण ने विदुर के घर भोजन किया था

# विस्थापन से विमुक्ति : योगी युग में न्याय का नवप्रभात

प्रणय विक्रम सिंह

छोटे-छोटे झोले में समेटी स्मृतियां, पोटली में लिपटी भगवानों की तस्वीरें और आंखों में चिपके हुए अनिश्चित भविष्य के ख्वाब लिए जब पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से हजारों परिवार भारत की ओर भागे थे, तब उनके पास केवल एक भरोसा था कि 'भारत माँ हैं, वो ठुकराएंगी नहीं।' ठुकराया नहीं गया। शरण मिली लेकिन स्वामित्व नहीं मिला। छत मिली, पर पहचान नहीं, खेत मिले, पर हक नहीं।

छह दशक से अधिक समय बीत गए। उत्तर प्रदेश की मिट्टी में इन विस्थापितों ने घर बसाए, खेत जोते, मंदिर बनाए, स्कूल चलाए लेकिन सरकारी कागजों में उनका नाम अब भी शून्य है। वे भूमि पर बसे हैं, पर भूमि उनके नाम नहीं।

इन्हीं आंसुओं की गूंज सुनकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 जुलाई 2025 को जो निर्णय लिया वह केवल शासनादेश नहीं, संवेदना का संकल्प है। उन्होंने कहा कि 'पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भू-स्वामित्व का अधिकार पूरी संवेदनशीलता के साथ देने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस दिशा में दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हजारों परिवारों को सम्मानपूर्वक उनके अधिकार देने हेतु आज संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यह सिर्फ पुनर्वास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय,



मानवता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है, जो दशकों से उपेक्षित विस्थापित परिवारों के लिए एक नई उम्मीद और गरिमापूर्ण जीवन के नए द्वार खोलने वाला सिद्ध होगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शरणागत की रक्षा के सनातन संकल्प का विस्तार है, जहां माँ भारती ममता का आश्रय बनती हैं।'

भारत-पाकिस्तान विभाजन के पश्चात विशेषकर 1960 से 1975 के मध्य, पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी संख्या में हिंदू परिवारों का विस्थापन हुआ। सांप्रदायिक हिंसा, धार्मिक उत्पीड़न और अस्तित्व के संकट से घिरे ये परिवार भारत की ओर पलायन कर आए। उत्तर प्रदेश की सरकार ने इन्हें पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जैसे जनपदों में ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से बसाया और कृषि के लिए भूमि भी दी गई। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी उन्हें राजस्व अभिलेखों में विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार नहीं मिल सका।

आज भी हजारों परिवार ऐसे हैं जो तीन पीढ़ियों से उन्हीं खेतों में जी-तोड़ परिश्रम कर रहे हैं, पर उनका नाम खसरे-खतौनी से गायब हैं। किसी भूमि का स्वामित्व वन विभाग के नाम दर्ज है, कहीं नामांतरण की प्रक्रिया वर्षों से लंबित है, और कहीं-कहीं पर तो वे परिवार अब वास्तव में वहां रहते ही नहीं जिनके नाम से भूमि आवंटित की गई थी। दूसरी ओर, कुछ परिवार बिना विधिक प्रक्रिया के भूमि पर वर्षों से काबिज हैं, जिससे प्रशासनिक और कानूनी जटिलताएं और बढ़ गई हैं।

इन विसंगतियों को दूर करने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि ऐसे सभी मामलों की संवेदनशीलता से समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, राज्य का नैतिक दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां गवर्नमेंट ग्रांट ऐक्ट के तहत पूर्व में भूमि आवंटित की गई थी, और अब जब वह अधिनियम 2018 में समाप्त हो चुका है, तो वर्तमान विधिक ढांचे में वैकल्पिक रास्ता खोजकर इन परिवारों को स्थायी भू-अधिकार दिया जाए।

योगी आदित्यनाथ का यह निर्णय उनकी राजधर्म चेतना का प्रमाण है। जहां कानून केवल अक्षर नहीं, आत्मा बन जाता है। जहां पुनर्वास केवल भूखंड नहीं, भरोसे की बुनियाद बनता है। यह वही भाव है, जिसके लिए राम ने

निषादराज को गले लगाया था, कृष्ण ने विदुर के घर भोजन किया था और गांधी ने शरणागतों के लिए जीवन तक समर्पित कर दिया था।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com